www.livehindustan.com

# हिन्दुस्तान

1936 सत्य • सार्थक • सदैव

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

मंगलवार
6 फरवरी 2024, नई दिल्ली, नगर संस्करण

वर्ष 89, अंक 32, 18 पेज, मूल्य ₹ 5.00, हिन्दुस्तान टाइम्स के साथ मूल्य ₹ 10.50 एवं एचटी एज के साथ मूल्य ₹ 6.75 • पांच प्रदेश • 21 संस्करण




बुमराह की घातक गेंदबाजी के आगे इंग्लैंड की टीम दूसरे टेस्ट में ढेर हो गई

P-14






**भरोसा :** प्रधानमंत्री ने सदन में कहा, अगले चुनाव के बाद विपक्ष दर्शक दीर्घा में दिखेगा

# एनडीए इस बार 400 पार : मोदी

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को लोकसभा चुनाव में जीत का भरोसा जताते हुए कहा कि तीसरा कार्यकाल ज्यादा दूर नहीं है। साथ ही दावा किया कि चुनाव में भाजपा को 370 और एनडीए को 400 से ज्यादा सीट मिलेंगी। विपक्ष पर वार करते उन्होंने कहा, अगले चुनाव में वह दर्शक दीर्घा में दिखेगा।


लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के जवाब में मोदी ने दावा किया कि हमारी सरकार के तीसरे कार्यकाल में सिर्फ 100-125 दिन बाकी हैं। उन्होंने कहा कि वह आंकड़ों पर नहीं जाते, पर देश का मूड देख रहे हैं।

**...तो सदियां लग जातीं :** मोदी ने बीते 10 वर्षों की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा, यदि कांग्रेस की रफ्तार से काम करते तो सदियां लग जाती। पहले कार्यकाल में यूपीए सरकार के गड्ढे भरते रहे, दूसरे कार्यकाल में नए भारत की नींव रखी और तीसरे में विकसित भारत का लक्ष्य है।

**अलायंस का अलाइनमेंट बिगड़ा:** मोदी ने विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया को भानुमति का कुनबा बताया। उन्होंने कहा, कुछ दिन पहले ही भानुमति का कुनबा जोड़ा गया था। अब 'अलायंस' का ही 'अलाइनमेंट' बिगड़ गया है।

**परिवारवाद का खामियाजा भुगता:** मोदी ने कहा, देश ने जितना परिवारवाद का खामियाजा उठाया, उसका खामियाजा कांग्रेस ने भी भुगता। यदि किसी परिवार के 10 लोग भी योग्यता से राजनीति में आते हैं तो स्वागत है। नई पीढ़ी के अच्छे लोग आएं। हम पार्टी को एक ही परिवार द्वारा चलाने को परिवारवाद कहते हैं। उन्होंने कहा, न राजनाथ का कोई राजनीतिक दल है, न अमित शाह की कोई पार्टी है।

**जांच एजेंसियों के दुरुपयोग के आरोपों पर पलटवार :** मोदी ने जांच एजेंसियों के दुरुपयोग के आरोपों पर कहा, आज जब भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई की जा रही है, तो ये हंगामा करते हैं जबकि कांग्रेस शासनकाल में एजेंसियों का राजनीतिक दुरुपयोग होता था। उन्होंने कहा, जो लोग गुस्सा हैं, वे उनका दर्द समझते हैं क्योंकि तीर निशाने पर लगा है। चर्चा पर जवाब के दौरान मोदी ने विपक्षी नेताओं की टोका-टोकी पर कड़ी नाराजगी जताई।



नई दिल्ली में सोमवार को लोकसभा में चर्चा का जवाब देते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

### पीएम की पांच प्रमुख बातें

1 प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, मेरा तीसरा कार्यकाल बड़े फैसलों का होगा। यह अगले एक हजार साल की मजबूत नींव रखेगा।

2 विपक्ष में सब एकला चलो की राह पर हैं। मोदी ने विपक्ष पर समाज को बांटने का आरोप लगाते हुए कहा, वे कब तक टुकड़ों में सोचते रहेंगे।

3 विपक्ष के कई लोग चुनाव लड़ने का हौसला खो चुके हैं। कुछ नेताओं ने पिछली बार सीट बदली थी, कई इस बार भी यही प्रयास कर रहे हैं।

4 सरकार में कितने ओबीसी है, इन दिनों काफी चर्चा है। उन्होंने कांग्रेस पर ओबीसी से न्याय नहीं करने का आरोप लगाया।

5 कांग्रेस आती है, महंगाई लाती है। आपातकाल के दौरान महंगाई दर 30 फीसदी पर थी।

# लाक्षागृह-मजार के विवाद में हिंदू पक्ष की 53 साल बाद जीत

**बागपत, वरिष्ठ संवाददाता।** बागपत के बरनावा स्थित महाभारतकालीन लाक्षागृह पर चल रहे विवाद में 53 वर्ष बाद सोमवार को हिंदुओं के पक्ष में फैसला आया। सुनवाई के बाद न्यायाधीश ने मुस्लिम पक्ष के उस दावे को खारिज कर दिया, जिसमें लाक्षागृह की 100 बीघा जमीन को शेख बदरुद्दीन की मजार और कब्रिस्तान बताया था। मुस्लिम पक्ष ने हाईकोर्ट में अपील की बात कही है।

100 बीघा जमीन को लेकर 1970 में मेरठ के सरधना की कोर्ट में मुकीम खान ने वक्फ बोर्ड के मुतवल्ली की हैसियत से मुकदमा दायर कराया था। इसमें लाक्षागृह गुरुकुल के संस्थापक ब्रह्मचारी कृष्णदत्त उर्फ स्वामी को प्रतिवादी बनाया गया था। मुस्लिम पक्ष के दावे के अनुसार, कब्रिस्तान ऊंचे टीले पर स्थित है, जहां तकरीबन 600 साल पहले शेख बदरुद्दीन ने इबादत की और फिर वहीं दफन हुए। यहां इनका मकबरा बना है। उसके करीब बड़ा चबूतरा बतौर मस्जिद थी। वादी ने अपने वाद में कहा कि कृष्ण दत्त उर्फ स्वामी कहीं बाहर के रहने वाले थे। उन्होंने इस जगह को हिंदुओं के पुराने तीर्थ के ऊपर बनाया हुआ बताते हुए कब्रिस्तान को खत्म करके इसे हिंदुओं का तीर्थ बना देने की बात कही और यहां पर हवन करना शुरू कर दिया था। कहा गया कि यह संपत्ति यूपी सुन्नी वक्फ बोर्ड के अधीन है। वाद शुरू होने के बाद वादी मुकीम खान और प्रतिवादी कृष्णदत्त का निधन हो गया।

पुलिस तैनात P12

**100** बीघा जमीन को लेकर चल रहा था विवाद

### धार्मिक महत्व

महाभारतकालीन इतिहास के अनुसार, हस्तिनापुर राज सिंहासन से पांडवों को बेदखल करने के बाद दुर्योधन ने पांडवों को खत्म करने की योजना बनाई। इसके लिए वारणावर्त (अब बरनावा) में पुरोचन नाम के शिल्पी से ज्वलनशील पदार्थों लाख, मोम आदि से एक भवन तैयार कराया गया। इस भवन में पांडवों को ठहरा कर आग लगा दी थी।

### प्रमुख पांच

**दिल्ली में पुराने समय पर चलेंगे स्कूल**

1 दिल्ली के सभी स्कूल मंगलवार से अपने सामान्य समय पर खुलेंगे। P03

**सिसोदिया हर सप्ताह पत्नी से मिल पाएंगे**

2 मनीष सिसोदिया को हफ्ते में एक बार बीमार पत्नी से मिलने की अनुमति मिली। P04

**बिकवाली की आंधी में फंसे पेटीएम के शेयर**

3 पेटीएम की मूल कंपनी वन 97 कम्युनिकेशंस के शेयर धड़ाम हो गए। P11

**चुनाव प्रचार में बच्चों का इस्तेमाल न करें :आयोग**

4 राजनीतिक दलों से निर्वाचन आयोग ने कहा, वे प्रचार में बच्चों का इस्तेमाल न करें। P07

**हिंदू कुश क्षेत्र विनाश की कगार पर पहुंचा**

5 वैज्ञानिकों ने कहा, हिमालय का हिंदू कुश क्षेत्र विनाश की कगार पर पहुंच चुका है। P16

## केजरीवाल पर मानहानि का केस चलेगा : अदालत

**नई दिल्ली, व.सं।** दिल्ली हाईकोर्ट ने यूट्यूबर ध्रुव राठी द्वारा बनाया वीडियो री-ट्वीट करने के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ दायर आपराधिक मानहानि मामला रद्द करने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने निचली अदालत के आदेश को बरकरार रखा।

पीठ ने कहा, केजरीवाल वीडियो री-ट्वीट करने के नतीजे जानते थे। अपमानजनक सामग्री री-ट्वीट करना मानहानि है। यह शिकायत विकास सांकृत्यायन उर्फ विकास पांडे ने दी थी, जो सोशल मीडिया पेज आई सपोर्ट नरेंद्र मोदी के संस्थापक हैं।

# परीक्षा में धांधली पर दस साल की जेल

**प्रस्ताव**

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** प्रतियोगी परीक्षाओं में गड़बड़ी से निपटने के प्रावधान वाला लोक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) विधेयक, 2024 लोकसभा में सोमवार को पेश किया गया। इसमें परीक्षाओं में अनियमितताओं से संबंधित अपराध के लिए तीन से पांच साल तक जेल और 10 लाख तक जुर्माना लगेगा। वहीं, संगठित अपराध के मामलों में 10 साल तक की जेल और एक करोड़ रुपये तक जुर्माने का प्रावधान है।

केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने विधेयक पेश किया। इसमें उच्च-स्तरीय तकनीकी समिति के गठन का प्रस्ताव है, जो कंप्यूटर के माध्यम से परीक्षा प्रक्रिया को और सुरक्षित बनाने के लिए सिफारिशें करेगी। यह एक केंद्रीय कानून होगा और इसके दायरे में संयुक्त प्रवेश परीक्षाएं और केंद्रीय विश्वविद्यालयों में दाखिले के लिए होने वाली परीक्षाएं भी आएंगी। सूत्रों ने बताया कि प्रश्न पत्र लीक होना राष्ट्रव्यापी समस्या बन गई है, इसलिए अपनी तरह का पहला केंद्रीय कानून लाने की आवश्यकता महसूस की गई। गुजरात जैसे कुछ राज्य इस समस्या से निपटने के लिए अपने कानून लेकर आए हैं। सूत्रों ने बताया कि विधेयक में विद्यार्थियों को नहीं, बल्कि संगठित अपराध, माफिया और साठगांठ में शामिल पाए गए लोगों के खिलाफ कार्रवाई का प्रावधान है।

### दायरे में कई परीक्षाएं

विधेयक के दायरे में यूपीएससी, एसएससी, आरआरबी, आईबीपीएस, केंद्र सरकार के विभागों और मंत्रालयों, उनसे संबद्ध अधीनस्थ कार्यालय में स्टाफ नियुक्ति, एनटीए और केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचित अन्य प्राधिकरण की परीक्षाएं आएंगी।

### केंद्रीय एजेंसी को जांच संभव

विधेयक के अनुसार, ऐसे मामलों की जांच डीएसपी या सहायक पुलिस आयुक्त द्वारा की जाएगी। केंद्र सरकार को अधिकार होगा कि वह जांच केंद्रीय एजेंसी को सौंप सकती है। विधेयक के अनुसार उम्मीदवारों की सीटों में बदलाव को भी कदाचार माना जाएगा।

# 'चंडीगढ़ चुनाव में लोकतंत्र की हत्या हुई'

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** सुप्रीम कोर्ट ने चंडीगढ़ में महापौर चुनाव कराने वाले पीठासीन अधिकारी के रवैये पर सोमवार को कड़ी नाराजगी जताई। कोर्ट ने कहा, तथ्यों से स्पष्ट है कि मतपत्रों के साथ छेड़छाड़ की गई। यह लोकतंत्र की हत्या है।

शीर्ष अदालत ने सात फरवरी को होने वाली चंडीगढ़ नगर निगम की बैठक पर भी अगले आदेश तक रोक लगा दी। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा, क्या वह (पीठासीन अधिकारी) इसी तरह से चुनाव संचालित करते हैं? इन पर मुकदमा चलाया जाना चाहिए।

महापौर चुनाव का वीडियो देखने के बाद मुख्य न्यायाधीश ने पूछा, वह (पीठासीन अधिकारी) कैमरे की ओर क्यों देख रहे हैं और भगोड़े की तरह क्यों भाग रहे हैं? कोर्ट ने कहा, पहली नजर में पीठासीन अधिकारी मतपत्रों को विकृत/ छेड़छाड़ कर रहे थे। पीठ ने कहा, हम इस तरह लोकतंत्र की हत्या नहीं होने देंगे। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट द्वारा मामले में अंतरिम आदेश पारित नहीं करने की भी आलोचना की। मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा कि 'मामले में एक उचित अंतरिम आदेश की आवश्यकता थी, जिसे करने में हाईकोर्ट विफल रहा है।

हाईकोर्ट विफल रहा P06

### वीडियो सौंपने का आदेश

कोर्ट ने मतपत्रों और चुनावी कार्यवाही के वीडियो को संरक्षित करने का आदेश दिया। पीठ ने उपायुक्त को निर्देश दिया कि वे सोमवार शाम पांच बजे तक पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को वीडियो सौंप दें।

### पीठासीन अधिकारी तलब

पीठ ने चुनाव कराने वाले पीठासीन अधिकारी को मामले की अगली सुनवाई 19 फरवरी को निजी रूप से पेश होकर पक्ष रखने का आदेश दिया। आप पार्षद कुलदीप कुमार ने नतीजे रद्द करने को लेकर याचिका दी थी।

## जाकिर हुसैन और शंकर महादेवन को मिला ग्रैमी पुरस्कार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 66वें ग्रैमी अवॉर्ड्स में भारतीय कलाकारों ने चमक बिखेरी। तबला वादक जाकिर हुसैन, गायक शंकर महादेवन समेत पांच भारतीय कलाकारों ने ग्रैमी अवॉर्ड जीता। जाकिर ने तीन श्रेणियों में पुरस्कार अपने नाम किया। शंकर महादेवन को बैंड 'शक्ति' के एल्बम 'दिस मूमेंट' के लिए ग्रैमी मिला। इस बैंड में वी सेल्वागणेश, गणेश राजगोपालन भी शामिल हैं। बांसुरी वादक राकेश चौरसिया ने दो पुरस्कार जीते।

पांच को पुरस्कार P16

**कुछ अलग** | पिछले साल दिसंबर माह में बजरंग पुनिया और विनेश फोगाट ने कर्तव्यपथ पर छोड़े थे अपने मेडल

# मालखाने में 'लावारिस' पड़ा है राष्ट्र का गौरव

■ अमित झा

**नई दिल्ली।** खिलाड़ी जिन पुरस्कारों को पाने के लिए कड़ा संघर्ष करते हैं, ऐसे कई पुरस्कार कर्तव्यपथ थाने के मालखाने में लावारिस के रूप में रखे हुए है। इनमें पद्मश्री मेडल, खेल रत्न पुरस्कार, अर्जुन अवॉर्ड शामिल हैं।

यह सम्मान भारत सरकार की ओर से कुश्ती खिलाड़ी बजरंग पुनिया और विनेश फोगाट को मिले थे। लेकिन बीते दिसंबर माह में उन्होंने इसे कर्तव्यपथ पर छोड़ दिया था। पुलिस ने इन्हें लावारिस मानते हुए 66 डीपी ऐक्ट के तहत मालखाने में जमा कर रखा है।



कर्तव्यपथ पर मेडल के साथ पुनिया। • फाइल

पुलिस सूत्रों ने बताया कि आमतौर पर दिल्ली पुलिस के मालखाने में चोरी का सामान, गिरफ्तार शख्स से हुई बरामदगी, लावारिस सामान, गाड़ी, शराब, मादक पदार्थ, चाकू, पिस्तौल आदि रखे मिलते हैं। लेकिन नई दिल्ली के कर्तव्यपथ थाने में इन सामानों के अलावा पद्मश्री मेडल, खेल रत्न मेडल एवं अर्जुन अवॉर्ड जैसे बड़े पुरस्कार लावारिस के तौर पर जमा हैं। पुलिस को इन पुरस्कारों के मालिक की जानकारी भी है। यह बात उन्होंने थाने में दर्ज भी कर रखी है। लेकिन न तो अभी तक पुलिस ने पुरस्कारों को लौटाने का प्रयास किया है और ना ही पुरस्कार के मालिकों की तरफ से इसे वापस लेने के लिए कोई पहल की गई है।

### पत्र लिखने की तैयारी

बजरंग पुनिया ने बीती 22 दिसंबर को पद्मश्री कर्तव्यपथ पर छोड़ दिया था, जबकि विनेश फोगाट ने 30 दिसंबर को खेल रत्न एवं अर्जुन अवॉर्ड वहां छोड़ा था। सूत्रों ने बताया कि आंदोलन अब खत्म हो चुका है, ऐसे में पुलिस दोनों खिलाड़ियों को पत्र लिखकर पुरस्कार लौटाने पर विचार कर रही है।

### ऐक्ट में नीलामी का प्रावधान

लावारिस सामान को दिल्ली पुलिस ऐक्ट की धारा 66 के तहत जमा किया जाता है। यदि कोई शख्स सामान पर दावा करता है तो पहले उसकी जांच होती है। उसे एसीपी को आवेदन देना होता है जिसके बाद सामान लौटा दिया जाता है। अगर मालिक नहीं मिलता है तो सामान नीलाम कर दिया जाता है।




www.livehindustan.com

# हिन्दुस्तान

1936 सत्य · सार्थक · सदैव

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

मंगलवार
6 फरवरी 2024, नई दिल्ली, नगर संस्करण

● पांच प्रदेश ● 21 संस्करण

बुमराह की घातक गेंदबाजी के आगे इंग्लैंड की टीम दूसरे टेस्ट में ढेर हो गई



ADVERTISEMENT

## सभी तरह की बीमारियों का समाधान आयुर्वेद व पंचकर्म द्वारा हो सकता है





DR. KHADAR VALI
FOOD SCIENTIST

DR. ABHISHEK
FOUNDER (AFI)

ACHARYA MANISH JI
AYURVEDA GURU

DR. BRC
Ph.D, DIABETES

DR. GITIKA
BAMS, PGDIP, MS

PATIENT SAFETY & QUALITY OF CARE NABH ACCREDITED

जीना सीखो
आयुर्वेदा क्लीनिक व अस्पताल


93136-66680

किडनी रोग | लीवर रोग
बवासीर | हार्ट रोग
जोड़ो का दर्द | शुगर/बी.पी

गठिया | अस्थमा | डाइजेस्टिव | एलर्जी | फ्रोजन शोल्डर

अल्सर, थाईराइड, महिलाओं के रोग, ल्यूकोरिया, रसौली, (PCOD), कमर दर्द, दुबलापन, डिस्क प्रॉब्लम, गदूद (प्रोस्टेट), मोटापा, गैस, तेजाब, कब्ज, फिशर, फिस्टुला, अनिंद्रा, हैपीटाईटिस, हर्निया, थैलीसीमिया, डिप्रेशन, नशे की लत, पेट के रोग व ऐसी ही कई अन्य समस्याओं का समाधान हम बीमारी की जड़ को समझ कर आयुर्वेद, नैचुरोपैथी के माध्यम से बताते व सिखाते है।

घुटने के सभी रोगों का समाधान जानू वस्ति द्वारा





घुटने दर्द, घुटने खराब, लिगामेंट इंजरी (ACL), गैप घटना, सायनोविनयल फ्लूड की कमी, ऑस्टिओआर्थरिटिस, सूजन, घुटनों में ऑप्रेशन लायक तकलीफ में जानू वस्ति काम करती है

आंखों के रोगों रोग का समाधान अक्षि तर्पण द्वारा




सफ़ेद मोतिया, काला मोतिया, कैटरेक्ट, ग्लूकोमा, नजर कम होना, अन्धापन एवं ऑप्रेशन लायक सभी तकलीफों में अक्षि तर्पण सहायक है

किडनी के सभी रोगों का समाधान उदर वस्ति द्वारा




किडनी फेल, लिवर फेल, अल्सर व पेट के सभी तरह के रोग व कैंसर, महिलाओं व पुरुषों के सभी गुप्त रोग में उदर वस्ति लाभकारी है।

रीढ़ की हड्डी के सभी रोगों का समाधान पृष्ठ वस्ति द्वारा




स्पाइन में कम्प्रेशन, डिस्क बल्ज, कमर दर्द, रीढ़ की हड्डी में गैप, गर्दन दर्द, सर्वाइकल, L4-L5-S1 में गैप, न्यूरोलॉजिकल समस्याओं व रीढ़ की हड्डी की सभी तकलीफों में पृष्ठ वस्ति सहायक है।

मस्तिष्क के सभी रोगों का समाधान शिरोधारा द्वारा




सिर दर्द, माइग्रेन, डिप्रेशन, तनाव, अनिद्रा, दिमाग के सभी रोगों, नसों को आराम पहुंचाने, वात सन्तुलन, नसों को शक्ति, ठहरे हुए भाव निकालने के लिए किया जाता है।

ON PANEL CGHS, CAPF, RGHS

कार्ड धारको के लिए आयुर्वेद पंचकर्म में REIMBURSEMENT / कैशलेस सुविधा है




Dr. Nidhi Puniya
(BAMS, MD, PGD, Ayurvedacharya)



Dr. Rahul K. Singh
(BAMS, PGD, Ayurvedacharya)




Dr. Mohit Sharma
(BAMS, Ayurvedacharya)



Dr. Monika Singh
(BAMS, PGDIP, Ayurvedacharya)



Dr. Bhawna Walia
( BAMS, Ayurvedacharya)



Dr. Aditya Bhardwaj
( BAMS, Ayurvedacharya)

दिल्ली/NCR में हमारे 11 पंचकर्मा DAY CARE व 3 IPD हस्पताल है

SBI general | Chola MS | care | STAR Health | Paramount Health | Heritage Health | Reliance General Insurance | IFFCO-TOKIO | BAJAJ Allianz | niva

TPA एवं हेल्थ इन्शुरन्स द्वारा कैशलेस इलाज की सुविधा

EASY EMI
आसान किस्तों से आयुर्वेद व पंचकर्म इलाज पाएं

1000 BED हॉस्पिटल
मेरठ
शुद्धि ग्राम: C/o चड्ढा पब्लिक स्कूल, मुरादनगर - रुड़की गंगनहर कांवड़ रोड, ग्राम - नगला कुंभा

पश्चिम विहार
मुल्तान नगर, IPD अस्पताल

सफदरजंग
IPD अस्पताल

गुरुग्राम
IPD अस्पताल

प्रशांत विहार | द्वारका | लक्ष्मी नगर | न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी

करोल बाग | रोहिणी | शास्त्री नगर | नोएडा | फ़रीदाबाद | गाजियाबाद RDC | गाजियाबाद वैशाली


**समस्या** दिल्ली की प्रगति मैदान टनल में सोमवार को एक लेन बैरियर से बंद करके मरम्मत का काम करते कर्मचारी। इससे वाहन चालकों को दिक्कत हुई।


**सांसत** प्रगति मैदान टनल में मरम्मत कार्य के कारण सोमवार को देर शाम तक कई घंटे तक जाम लगा रहा और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।


**समाधान** भैरों मार्ग से रिंग रोड को जोड़ने वाले अंडरपास का एक हिस्सा बन चुका है। इसके खुलने से प्रगति मैदान टनल का जाम कम हो सकता है। ● सभी फोटो सलमान अली

### रिंग रोड को जोड़ने वाले अंडरपास की सराय काले खां की तरफ जाने वाली दो लेन बनी, 26 जनवरी को काम पूरा हो चुका है, लेकिन अब तक नहीं खुला

# भैरों मार्ग अंडरपास उद्घाटन के इंतजार में अटका

**खत्म करो इंतजार**

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। भैरों मार्ग से रिंग रोड को जोड़ने वाले अंडरपास का एक हिस्सा यातायात के लिए बन चुका है, लेकिन अब उसे उद्घाटन का इंतजार है।

प्रगति मैदान टनल में लगने वाले जाम को देखते हुए करीब दो सप्ताह पहले निर्माण एजेंसी और लोक निर्माण विभाग की संबंधित इकाई ने अंडरपास के एक हिस्से को खोलने का प्रस्ताव रखा था। माना जा रहा था कि 26 जनवरी के बाद यातायात शुरू हो जाएगा, लेकिन इसे खोलने की फाइल पर अभी कोई निर्णय नहीं लिया जा सका है।

सूत्रों का कहना है कि लोक निर्माण विभाग और दिल्ली सरकार की ओर से यह तय नहीं हो पा रहा है कि अंडरपास के आधे हिस्सा का उद्घाटन कराया जाए या फिर पूरा हिस्सा तैयार होने पर उद्घाटन कार्यक्रम किया जाए। अगर उद्घाटन कार्यक्रम किया जाना है तो उपराज्यपाल को भी आमंत्रित करना होगा, क्योंकि अंडरपास प्रगति मैदान टनल प्रोजेक्ट का हिस्सा है, जिसमें केंद्र सरकार की तरफ से बड़ी धनराशि दी गई है। इस स्थिति के बीच अंडरपास को यातायात के लिए नहीं खोला जा रहा है। हालांकि, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी इस बाबत खुलकर बोलने से बच रहे हैं।

**यह है वजह :** पीडब्ल्यूडी के एक अधिकारी का कहना है कि प्रगति मैदान के गेट नंबर एक के पास (भैरों मार्ग) से अंडरपास के अंदर वाहन सराय काले खां की तरफ से प्रवेश करेंगे, जहां से वाहन अंडरपास के अंदर जाने हैं, उससे करीब 20-30 मीटर पहले रेलवे लाइन है। रेलवे लाइन के ऊपर कुछ काम चल रहा है। इस वजह से भैरों मार्ग के लिए यातायात को रोका हुआ है, इसलिए यातायात शुरू करने में देरी हो रही है। हालांकि, बराबर की लेन चल रही है। अगर अंडरपास को यातायात के लिए खोला जाता है तो फिर वाहन पांच से 10 मीटर घूमकर भी अंडरपास के अंदर जा सकते हैं। इसलिए यातायात शुरू न होने के पीछे रेलवे के काम का हवाला दिया जा रहा है।



अंडरपास के ऊपर रेलवे लाइन पर मरम्मत चलने से भी निर्माण कार्य प्रभावित हो रहा

लोक निर्माण विभाग के शीर्ष अधिकारी अंडरपास की बाबत खुलकर बोलने से बच रहे

### ज्यादा दूरी तय करनी पड़ रही

लोगों को रिंग रोड के रास्ते सराय काले खां की तरफ जाने के लिए भैरों मार्ग से होते हुए रिंग रोड पर पहले आईपी डिपो की तरफ जाना होता है। उसके बाद बाद यूटर्न लेकर सराय काले खां की तरफ घूमते हैं। इससे ज्यादा दूरी तय करनी पड़ रही है।

### पूरे प्रोजेक्ट पर एक नजर

**अंडरपास की कुल लंबाई** - करीब 500 मीटर
**प्रथम चरण में खुलने का प्रस्ताव** - दो लेन (भैरों से रिंग रोड पर सराय काले खां की तरफ)
**दो अन्य लेन खुलेंगे** - एक से डेढ़ महीने में
**प्रतिदिन वाहनों को लाभ** - 20-30 हजार पैसेंजर पर कार यूनिट (पीसीयू)

**2022** तक निर्माण कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था, हर बार समय सीमा बढ़ाई जाती रही

### प्रगति मैदान टनल में जाम से जूझ रहे लोग

इंडिया गेट सर्किल के पास पटियाला हाउस कोर्ट रोड से शुरू होने वाली प्रगति मैदान टनल में लोग आए दिन जाम से जूझ रहे हैं। बिना किसी पूर्व सूचना के टनल के अंदर मरम्मत का काम शुरू कर दिया जाता है, जिससे टनल की एक से दो लेन को अचानक बंद हो जाती हैं। खासकर, इंडिया गेट की तरफ से आने वाले लोगों को बीते तीन दिन से शाम को जाम का सामना करना पड़ रहा है। शाम के वक्त वाहनों को दबाव बढ़ता है। ऊपर से टनल की एक से दो लेन बैरिकेडिंग लगाकर बंद कर दी जाती हैं, जिससे जाम की स्थिति बनी रहती है।

### मथुरा रोड से प्रवेश बंद

प्रगति मैदान टनल के अंदर एक रास्ता मथुरा रोड से भी आता है। इसके जरिए सुप्रीम कोर्ट, मंडी हाउस की तरफ से आने वाले वाहन चालक आसानी से मथुरा रोड स्थिति भारत मंडपम के सामने से टनल के अंदर प्रवेश कर जाते हैं, जिसके बाद सामान्य स्थिति में पांच से सात मिनट में रिंग रोड पर पहुंच जाते हैं, लेकिन बीते तीन दिनों से मथुरा रोड से अंडरपास के अंदर जाने का रास्ता बंद कर दिया गया है।

### चालकों को चक्कर नहीं काटने पड़ते

यदि भैरों मार्ग से रिंग रोड को जोड़ने वाले अंडरपास का एक हिस्सा यातायात के लिए समय पर खोल दिया जाता तो मौजूदा समय में जाम का सामना न करना पड़ता। अंडरपास के खुले होने पर मथुरा रोड से वाहन सीधे रिंग रोड पर सराय काले खां की तरफ निकलते। इससे प्रगति मैदान टनल के ऊपर भी वाहनों का दबाव कम होता।

### निर्माण पूरा करने की समय सीमा 10 से ज्यादा बार बढ़ाई

जून 2022 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 1.3 किलोमीटर लंबी प्रगति मैदान टनल और उससे जुड़े पांच अंडरपास का उद्घाटन किया, लेकिन टनल प्रोजेक्ट से जुड़े छठे अंडरपास (भैरों मार्ग से रिंग रोड) तैयार न होने के कारण लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल नहीं किया। उस वक्त भारतीय व्यापार संवर्धन संगठन (आईटीपीओ) के तत्कालीन सीएमडी ने कहा था कि अभी छठे अंडरपास को पूरा होने में समय लगेगा। उस अगस्त 2022 तक पूरा कर लिया जाए। उसका अलग से लोकार्पण कार्यक्रम होगा, लेकिन उसके बाद से 10 से अधिक बार अंडरपास की समय सीमा को बढ़ाया जा चुका है। अभी तक प्रोजेक्ट को पूरा होने और तैयार हिस्से को खोलने की कोई अंतिम तिथि निर्धारित नहीं की गई है।

**शहर 30s**

### गर्भ गिराने की याचिका खारिज

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने 28 सप्ताह के गर्भ को समाप्त करने का निर्देश देने की मांग वाली 20 वर्षीय अविवाहित महिला की याचिका को खारिज कर दिया। अदालत ने कहा कि स्वस्थ भ्रूण को समाप्त करने की अनुमति अदालत नहीं दे सकती। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने मौखिक रूप से कहा था कि वह महिला को पूरी तरह से व्यवहार्य भ्रूण का गर्भपात करने की अनुमति नहीं देगी।

### चिकित्सा आयोग की इमारत का लोकार्पण

नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने सोमवार को दिल्ली के आरकेपुरम में राष्ट्रीय दंत चिकित्सा आयोग की नई इमारत का लोकार्पण किया। उन्होंने इसी कार्यक्रम में वर्चुअली आंध्र प्रदेश में तीन नर्सिंग कॉलेज और जम्मू कश्मीर में एक नर्सिंग कॉलेज का भी शिलान्यास किया। इस दौरान दंत चिकित्सा की राष्ट्रीय रजिस्ट्री का भी उद्घाटन किया।

### आईआईटी दिल्ली में नया पाठ्यक्रम शुरू

नई दिल्ली। आईआईटी दिल्ली के कुसुमा स्कूल ऑफ बायोलॉजिकल साइंसेज ने एक नया शैक्षणिण पाठ्यक्रम शुरू किया है। छात्र जैविक विज्ञान में परास्नातक की पढ़ाई शैक्षणिक वर्ष 2024-25 से शुरू कर सकते हैं। दो वर्षीय परास्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश संयुक्त प्रवेश परीक्षा फॉर जेएमएम 2024 के माध्यम से होगा। नए कोर्स के तहत 20 सीटें हैं। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर बिश्वजीत कुंडू ने बताया कि यह उन छात्रों के लिए एक अवसर है जो संबंधित विषय में रुचि रखते हैं।

### ग्रामीणों ने बजट पर सुझाव दिए

नई दिल्ली। दिल्ली के ग्रामीण सोमवार को नगर निगम के बजट पर आयोजित विशेष बैठक शुरू होने से पहले अपने सुझाव को लेकर निगम मुख्यालय पहुंचे। ग्रामीणों ने अपने सुझावों के तहत एक ज्ञापन को निगम मुख्यालय के एक गेट पर चस्पा किया।



## काम की खबरें

### 1 दक्षिण दिल्ली में यातायात रहेगा प्रभावित
हौज खास इलाके में धार्मिक नगर संकीर्तन और साकेत मॉल में कार्यक्रम के चलते श्रीकृष्ण चैतन्य महाप्रभु मार्ग, अरबिंदो मार्ग और प्रेस एन्क्लेव मार्ग पर दोपहर दो बजे से शाम छह वजे तक यातायात प्रभावित रहेगा।

### 2 लुधियाना पर समाप्त होगी नई दिल्ली-मोगा एक्सप्रेस
ट्रैफिक ब्लॉक के चलते नौ फरवरी को चलने वाली नई दिल्ली-मोगा एक्सप्रेस लुधियाना पर ही अपनी यात्रा समाप्त करेगी। वापसी में वहीं से ही यात्रा शुरू करेगी। आठ फरवरी को हरिद्वार-दिल्ली के बीच चलने वाली गाड़ी संख्या 14304 टपरी, शामली, शाहदरा होते हुए दिल्ली जंक्शन पहुंचेगी।

### 3 उत्तर कुंजी देखने का आज अंतिम मौका
दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड ने जूनियर लेबर वेलफेयर ऑफिसर, इलेक्ट्रिक एवं ट्रैफिक, फिल्टर सुपरवाइजर समेत अन्य पदों के लिए आयोजित परीक्षा की उत्तर कुंजी देखने की आज अंतिम तिथि है। इसको वेबसाइट **www.dsssb.delhi.gov.in** पर देखा जा सकता है।

### 4 अर्थशास्त्र विषय की प्रैक्टिकल परीक्षा आज
शिक्षा निदेशालय ने अर्थशास्त्र की सीबीएसई प्रैक्टिकल परीक्षा न दे पाने वाले छात्रों को दोबारा से मौका दिया है। निदेशालय के पत्राचार विद्यालय ने सार्वजनिक सूचना जारी की है। छात्रों को छह फरवरी को सुबह साढ़े नौ बजे विद्यालय के कमरा नंबर दो में रिपोर्ट करना होगा।

### 5 निर्माणाधीन मलबे को उठाने के लिए करें कॉल
दिल्ली नगर निगम ने निर्माणाधीन मलबे को घरों से उठाने के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। पश्चिमी और नजफगढ़ जोन के निवासी हेल्पलाइन नंबर 8929311113 पर उत्तरी और पूर्वी दिल्ली के निवासी हेल्पलाइन नंबर 8448692610 पर कॉल कर सकते हैं।

## आज का मौसम
21.0° अधिकतम | 12.4° न्यूनतम
सूर्योदय : 07:07 । सूर्यास्त : 18:03

**अनुमान**
मौसम विभाग के अनुसार, सुबह के समय हल्का कोहरा छाया रहेगा।

## शहर 30s

### स्कूल की इमारत का उद्घाटन आज
नई दिल्ली। पश्चिम विहार स्थित राजकीय प्रतिभा विकास विद्यालय की नई स्कूल इमारत का छह फरवरी को उद्घाटन किया जाएगा। इस संबंध में शिक्षा निदेशालय ने सर्कुलर जारी किया है। समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और शिक्षा मंत्री आतिशी शामिल होंगी।

### दिल्ली जल बोर्ड के पूर्व कर्मी की हिरासत बढ़ाई
नई दिल्ली। राउज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली जल बोर्ड की निविदा प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं की मनी लॉन्ड्रिंग में आरोपी सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता और एक ठेकेदार की हिरासत सोमवार को पांच दिनों के लिए बढ़ा दी। स्पेशल जज भूपिंदर सिंह की अदालत में सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता जगदीश कुमार अरोड़ा और ठेकेदार अनिल कुमार अग्रवाल को पेश किया गया था।

### नए सत्र में कला और विज्ञान की भी पढ़ाई होगी
नई दिल्ली। शैक्षणिक सत्र 2024-25 से झड़ौदा कलां स्थित राजकीय सह शिक्षा सर्वोदय विद्यालय सर्वोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के तौर पर संचालित होगा। इस संबंध में शिक्षा निदेशालय ने दिशा-निर्देश जारी किए हैं। स्कूल में कला, वाणिज्य और विज्ञान स्ट्रीम के विषयों की भी पढ़ाई होगी।

### शिक्षकों की नियुक्ति के आदेश
नई दिल्ली। शिक्षा निदेशालय ने सरकारी स्कूलों में चित्रकारी विषय के पद पर शिक्षकों की नियुक्ति के संबंध में आदेश जारी किया है। दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड द्वारा अस्थायी तौर पर उम्मीदवारों का चयन किया गया है। उम्मीदवारों को दस्तावेजों के सत्यापन और आंवटित स्कूल में रिपोर्ट करने के निर्देश दिए गए हैं।

### विश्व पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप में खालिद चयनित
नई दिल्ली। जामिया मिल्लिया इस्लामिया के पीएचडी के छात्र मुन्ना खालिद का विश्व पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप में चयन हुआ है। बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन थाईलैंड के पटाया शहर में 20 से 25 फरवरी के बीच इसका आयोजन कराएगी। प्रतियोगिता में विश्व रैंकिंग के आधार पर केवल 32 खिलाड़ी ही भाग ले सकते हैं।

### ई-नीलामी के तहत बुक फ्लैट कराए
नई दिल्ली। डीडीए के फ्लैटों की ई-नीलामी का दूसरा चरण सोमवार से शुरू हो गया। 707 फ्लैटों की ई-नीलामी 10 फरवरी तक जारी रहेगी। सोमवार सुबह 11 बजे से फ्लैटों के लिए ई-नीलामी प्रक्रिया शुरू की गई। इस दौरान आवेदनकर्ताओं ने वेबसाइट पर फ्लैट बुक कराए।

अस्पतालों में सुविधाओं की कमी पर हाईकोर्ट नाराज, सैकड़ों पद भी खाली पड़े

# दिल्ली में तीन करोड़ लोगों के लिए सिर्फ छह ही सीटी स्कैन मशीनें

**चिंताजनक**

**नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को राजधानी के अस्पतालों में सुविधाओं की कमी पर सख्त नाराजगी जताई। अदालत ने दिल्ली सरकार की उस रिपोर्ट पर संज्ञान लिया जिसमें बताया गया है कि दिल्ली के सभी 39 सरकारी अस्पतालों में मात्र छह सीटी स्कैन मशीनें हैं। इतना ही नहीं, अस्पतालों में सैकड़ों पद खाली पड़े हैं।

हाईकोर्ट ने कहा कि शहर के तीन करोड़ नागरिकों के लिए दिल्ली सरकार के अस्पतालों में केवल छह सीटी स्कैन मशीनें हैं। अदालत ने स्वास्थ्य सेवाओं के बुनियादी ढांचे में सुधार और रिक्तियों को भरने पर अधिकारियों को ध्यान देने के लिए कहा।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा की पीठ ने कहा कि दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज की ओर से दी गई स्थिति रिपोर्ट में स्वीकार किया गया है कि डॉक्टरों, पैरामेडिक्स और दवाओं की कमी सहित कई कमियां हैं। रिपोर्ट में दावा किया कि जब भी अस्पताल के कर्मचारियों के साथ बैठकें बुलाईं, दिल्ली के स्वास्थ्य सचिव नहीं आए। हालांकि अदालत में मौजूद स्वास्थ्य सचिव एसबी दीपक कुमार ने अपने ऊपर लगाए गए आरोपों से इनकार किया।



**कई जगह 75% पद खाली**

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, मौजूदा समय में अस्पतालों में डॉक्टरों के कुल स्वीकृत पदों के 33 प्रतिशत से अधिक रिक्त हैं। कई विशेषज्ञताओं में 75% स्वीकृत पद खाली हैं और पैरामेडिक्स में 20% से अधिक खाली पड़े हैं। उन्होंने एलजी से स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग को अनुबंध के आधार पर रिक्त स्वीकृत पदों पर डॉक्टरों और पैरामेडिक्स को नियुक्त करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश देने का अनुरोध किया।

**इन विभागों में सबसे अधिक पद रिक्त**

| विभाग | पद स्वीकृत | रिक्त पद | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| रेडियोलॉजी | 32 | 25 | 78 |
| न्यूरोलॉजी | 12 | 06 | 50 |
| प्लास्टिक सर्जरी | 13 | 08 | 62 |
| पीडियाट्रिक सर्जरी | 1 | 1 | 100 |
| पल्मनोलॉजी | 03 | 02 | 67 |
| ब्लड बैंक | 02 | 02 | 100 |
| बायोकेमेस्ट्री | 05 | 05 | 100 |

**पैरामेडिकल स्टाफ में पद रिक्त**

| पदनाम | स्वीकृत पद | खाली पद |
|---|---|---|
| नर्स | 7756 | 1531 |
| पैराकेमिस्ट | 1126 | 376 |
| ओटी टेक्निशियन | 302 | 113 |
| ओटी असिस्टेंट | 478 | 186 |
| लैब टेक्नीशियन | 393 | 112 |
| लैब असिस्टेंट | 609 | 18 |
| सीएसएसडी असिस्टेंट | 36 | 24 |
| सीएसएसडी असिस्टेंट | 72 | 43 |
| ईसीजी टेकनिशियन | 114 | 51 |
| पोस्टमार्टम टेक्निशनियन | 16 | 11 |
| मोर्चरी असिस्टेंट | 13 | 10 |

**2017** में अदालत ने स्वयं संज्ञान लिया था

लोगों की जान इसलिए जा रही है, क्योंकि दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में सुविधाओं की कमी है।
-हाईकोर्ट

**नौ फरवरी तक रिपोर्ट मांगी:** सुनवाई के दौरान, अदालत ने स्वास्थ्य सचिव से पूछा कि अधिकारी अस्पतालों में बुनियादी ढांचे को कैसे बढ़ाने की योजना बना रहे हैं। पीठ ने कहा कि वह कमियों को देखने और विभिन्न प्राधिकारियों के सुझावों पर विचार करने और अदालत को एक रिपोर्ट देने के लिए एक समिति गठित करेगी। अदालत ने मामले में शामिल विभिन्न विभागों से 9 फरवरी तक अपनी रिपोर्ट और सुझाव देने को कहा।

**इलाज के अभाव में मौत पर मांगी थी रिपोर्ट :** अदालत सरकारी अस्पतालों में आईसीयू बेड और वेंटिलेटर सुविधा की अनुपलब्धता के मुद्दे पर 2017 में स्वयं द्वारा शुरू की गई एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

# सब जानते हैं खरीद-फरोख्त में कौन शामिल : केजरीवाल

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** मौजूदा राजनीतिक हालत के बीच ईडी के समन और क्राइम ब्रांच से जुड़े नोटिस को लेकर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वो (भाजपा) पूछ रहे हैं कि आम आदमी पार्टी के विधायकों को खरीदने के लिए किन लोगों ने संपर्क किया। सब जानते हैं खरीद-फरोख्त में कौन शामिल है।

केजरीवाल ने कहा, हम कहते हैं कि जिन्होंने गोवा व कर्नाटक में सरकार गिराई और महाराष्ट्र में एनसीपी-शिवसेना को तोड़ा, उन्होंने ही हमारे विधायकों से संपर्क किया। जिन्होंने क्राइम ब्रांच के अफसरों को मेरे घर भेजा, हमारे विधायकों से संपर्क करने के पीछे यही लोग हैं। इसमें पूछने की क्या जरूरत है?

मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत सोमवार को त्यागराज स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम के बाद केजरीवाल ने मीडिया से बातचीत की। उन्होंने कहा कि ईडी का इस्तेमाल कर सरकारों को गिराया जा रहा है। गलत तरीके से जनतंत्र को खत्म किया जा रहा है।

ईडी के कोर्ट जाने पर उन्होंने कहा कि हम सात फरवरी को राउज एवेन्यू कोर्ट में होने वाली सुनवाई में अपना जवाब देंगे। वहीं, विधायक खरीद के दावों पर भाजपा की शिकायत का संज्ञान लेते हुए क्राइम ब्रांच द्वारा जारी नोटिस को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि क्राइम ब्रांच का व्यवहार मुझे बहुत अजीब लगा।

**भाजपा बोली, साक्ष्य दें या फिर माफी मांगे :** दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि मुख्यमंत्री व उनके सहयोगी हर रोज कहते हैं कि भाजपा की तरफ से हमारे विधायकों को प्रलोभन दिया जा रहा है। हमारे पास रिकार्डिंग है, लेकिन वह ना प्रलोभन देने वाले का नाम बता रहे हैं और ना रिकार्डिंग दिखा रहे हैं।

ईडी से लेकर दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच पर तमाम तरह के आरोप लगाए जा रहे हैं, क्योंकि इनकी पार्टी का आरोप लगाने का पूर्व से लंबा इतिहास रहा है। आम आदमी पार्टी या तो साक्ष्य दे कि उनके विधायकों को खरीदने की कोशिश की गई या फिर भाजपा कार्यकर्ताओं से माफी मांगे।

### मुख्यमंत्री ने बांटे बुजुर्ग तीर्थयात्रियों को टिकट



मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना के तहत बुजुर्गों को तीर्थ दर्शन कराने के लिए चलाई जा रही 89वीं ट्रेन सोमवार को दिल्ली से तिरुपति बालाजी के लिए रवाना हुई। इससे पूर्व त्यागराज स्टेडियम में आयोजित भजन संध्या कार्यक्रम में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तीर्थ यात्रियों के बीच पहुंचे। उन्होंने यात्रियों को टिकट भेंटकर आशीर्वाद लिया। तीर्थयात्रियों ने मुख्यमंत्री का आभार जताया।







# डीटीसी कर्मचारियों को पांच महीने की पेंशन जल्द मिलेगी

**अच्छी खबर**

**नई दिल्ली, प्र. सं.।** पेंशन नहीं मिलने के कारण आर्थिक संकट झेल रहे डीटीसी के पूर्व कर्मचारियों के लिए राहत भरी खबर है। दिल्ली सरकार ने पांच महीने की पेंशन के लिए 280 करोड़ स्वीकृत कर दिए हैं और दो से तीन में कर्मचारियों को इसका भुगतान कर दिया जाएगा।

दिल्ली सरकार ने दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के करीब 21 हजार पेंशनधारी कर्मचारियों के लिए धनराशि जारी की है। परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने बताया कि सितंबर 2023 से जनवरी 2024 तक के लंबित पेंशन के भुगतान के लिए लगभग 280 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। दो से तीन दिन में बकाया पेंशन सेवानिवृत्त कर्मचारियों के खातों में भेज दी जाएगी।

■ 280 करोड़ रुपये दिल्ली सरकार ने स्वीकृत किए

सेवानिवृत्त कर्मचारी बीते कई महीनों से बकाया पेंशन की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। डीटीसी सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ ने सात फरवरी को पेंशन की मांग को लेकर प्रदर्शन करने का ऐलान किया था। संघ के पदाधिकारियों का आरोप था कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए इलाज कराना और घर का खर्च चलाना मुश्किल हो रहा है। हम लोग पेंशन की मांग को लेकर डीटीसी बस डिपो से लेकर सचिवालय तक प्रदर्शन कर चुके हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। संघ के महामंत्री बाला दत्त का कहना है कि पेंशन जारी होने की घोषणा के बाद सात फरवरी को होने वाले धरना प्रदर्शन स्थगित कर दिया गया है।

## प्रस्ताव : किन्नरों को भी बस में मुफ्त यात्रा

**नई दिल्ली, प्र.सं.।** दिल्ली सरकार ने किन्नर समाज को दिल्ली की बसों में मुफ्त सफर की सुविधा देने का ऐलान किया है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को कहा कि जल्द ही इस प्रस्ताव को कैबिनेट में लाकर पास किया जाएगा।

■ 2011 की जनगणना के हिसाब से दिल्ली में 4,213 किन्नर हैं

मुख्यमंत्री ने कहा, दिल्ली सरकार हर वर्ग को लेकर गंभीर है। मौजूदा समय में प्रतिदिन करीब 14 लाख महिलाएं दिल्ली की बसों में फ्री सफर की सुविधा ले रही हैं। अब किन्नर समाज एवं ट्रांसजेंडर के लिए बसों में फ्री सफर का इंतजाम किया जाएगा। परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा, लाभ सरकारी सर्टिफिकेट के आधार पर मिलेगा। अभी सभी जिलों के डीएम कार्यालय से ट्रांसजेंडर को सर्टिफिकेट जारी किया जाता है।

## पार्षदों ने बैठक में सुझाव दिए

**नई दिल्ली, व.सं.।** दिल्ली नगर निगम के वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट को तय करने के लिए सोमवार को विशेष बैठक हुई।

बैठक में सत्ता पक्ष और विपक्ष पार्षदों ने संशोधित बजट अनुमान 2023-24 और बजट अनुमान 2024-25 पर अपने सुझाव दिए। मंगलवार और बुधवार को भी विशेष बैठक होगी। जिसमें कई पार्षद बजट पर अपने विचार सदन में प्रस्तुत करेंगे। आठ फरवरी को बजट पर अंतिम फैसला लिया जाएगा।

# मस्जिद मामले में यथास्थिति बनाए रखें

**अदालत से**

■ महरौली की मस्जिद के ध्वस्तीकरण संबंधित याचिका पर आदेश पारित
■ दिल्ली हाईकोर्ट कर रहा वक्फ बोर्ड प्रबंध समिति की अर्जी पर सुनवाई

**नई दिल्ली, व. सं.।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को महरौली की 600 वर्ष पुरानी मस्जिद के ध्वस्तीकरण पर यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया है। यह आदेश दिल्ली वक्फ बोर्ड की प्रबंध समिति की याचिका पर पारित किया गया है। अगली सुनवाई 12 फरवरी को होगी।

न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने स्पष्ट किया कि यथास्थिति केवल इस विशेष संपत्ति के संबंध में है और यह प्राधिकरण को अन्य अवैध संपत्तियों के खिलाफ कार्रवाई करने से नहीं रोकेगी। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील ख्वाजा ने अदालत को बताया कि मस्जिद को कोई नोटिस दिए बिना ध्वस्त कर दिया गया था। यह संरचना लगभग 600 वर्ष पुरानी थी। उन्होंने दलील दी कि संपत्ति पर बने मदरसे और कब्रिस्तान को भी तोड़ दिया गया। डीडीए के स्थायी वकील संजय कात्याल ने आरोपों का खंडन किया और कहा कि मस्जिद को धार्मिक समिति की सिफारिशों के अनुसार ध्वस्त किया गया है। यह वन भूमि पर अतिक्रमण था। बता दें कि महरौली में मस्जिद और बहरुल उलूम मदरसा को डीडीए ने 30 जनवरी को ध्वस्त कर दिया गया था।

## सामान्य समय पर खुलेंगे स्कूल

**नई दिल्ली, का.सं.।** सभी स्कूल आज से अपने सामान्य समय पर खुलेंगे। इस संबंध में शिक्षा निदेशालय ने आदेश जारी किया है। इसकी सूचना सभी छात्रों, अभिभावकों और स्कूल कर्मियों को देने के निर्देश दिए हैं।

इससे पहले ठंड को देखते हुए स्कूलों को सुबह नौ बजे से पहले न खोलने और शाम पांच बजे के बाद कक्षा न संचालित करने के निर्देश दिए थे।

**मंचन** | प्रसिद्ध लेखक केएनवाई पतंजलि के उपन्यास इम्पिश क्रॉनिकल्स एंड डॉगिश डैबलर की तीन कहानियों पर आधारित है नाटक

# ‘भूत की आत्मकथा’ से निकले किस्सों ने समां बांधा

भारंगम महोत्सव

**नई दिल्ली, प्र. सं.।** ‘एक भूत की आत्मकथा’ नाटक के जरिए समाज के विभिन्न पहलुओं को दर्शाया गया। आठ साल के बच्चे से लेकर 16 साल के किशोरों को ध्यान में रखकर की गई नाट्य प्रस्तुति में हास्य, विनोद के साथ बड़ी सरलता से लोगों के नजरिए को बदलने की कोशिश की गई।



महोत्सव में भूत की आत्मकथा नाटक का मंचन करते कलाकार।

मंचन एनएसडी के 25वें भारत रंग महोत्सव के अवसर पर प्रस्तुत किया गया। राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के थिएटर इन एजुकेशन विंग, त्रिपुरा द्वारा मंचित इस नाटक के निर्देशक अरुण कुमार मलिक के नेतृत्व में मंच सज्जा, संगीत और प्रकाश ने दर्शकों की वाहवाही लूटी। आंध्र प्रदेश के प्रसिद्ध लेखक केएनवाई पतंजलि के उपन्यास इम्पिश क्रॉनिकल्स एंड डॉगिश डैबलर की तीन कहानियों पीक ऑफ पैपिलियन, मिमिक पैरट और डॉगिश डैबलर पर यह नाटक आधारित है।

**आज का आयोजन :** आज लोक नाट्य स्वांग का मंचन किया जाएगा। ओपन एयर थिएटर में शाम 6.30 बजे आयोजित होने वाले नाटक का निर्देशक डॉ. सतीश जियोग्री कश्यप ने किया है।

### रंगायन की प्रस्तुति को सराहा
भारंगम में आत्माराम सनातन धर्म कॉलेज की नाट्य संस्था रंगायन की प्रस्तुति ‘रेडिकलाइज’ को लोगों ने सराहा। धर्म के नाम पर कैसे युवाओं को बहकाया जाता है और कैसे वे बाद में पछताते हैं, इस पर यह नाटक केंद्रित था। जाकिर हुसैन इवनिंग कॉलेज का नुक्कड़ नाटक ‘मेन की बात’ का विषय बिल्कुल अलग था। इसमें सताए हुए और झूठे आरोपों का सामना कर रहे पुरुषों के बारे में बात होती है। यह नुक्कड़ नाटक इन बिंदुओं को प्रमुखता से उठाता है।



बम की अफवाहों पर विशेष बैठक हुई

# सुझाव : इमरजेंसी में जल्द स्कूल खाली होने चाहिए

**तैयारी**

**नई दिल्ली, कार्यालय संवाददाता।** स्कूलों में बम की अफवाह फैलाने वाली सूचनाओं को लेकर दिल्ली के स्कूल चिंतित हैं। ऐसी स्थिति से निपटने के लिए स्कूल प्रमुख, एसोसिएशन और पुलिस अधिकारियों के बीच कुछ समय पहले एक बैठक हुई।

इसमें बम की सूचना तुरंत पुलिस को देने, बच्चों को सुरक्षित निकालने के लिए स्कूल में होल्डिंग एरिया (अधिग्रहित क्षेत्र) चिन्हित करने, प्रवेश और निकासी की व्यवस्था अलग बनाने, पांच से दस मिनट में इमारत खाली करने सहित कई दूसरे बिंदुओं को लेकर स्कूलों को सुझाव दिए गए हैं। इसमें नियमित तौर पर मॉक ड्रिल करने और शैक्षणिक कार्यक्रमों के जरिए स्कूली छात्रों को जागरूक करने, बेकार फर्नीचर और पुराने वाहनों को परिसर से हटाना भी शामिल है। बच्चों की सुरक्षा को लेकर अभिभावकों को एसएमएस के माध्यम से सूचित करेंगे, ताकि घबराने वाली स्थिति पैदा न हो। बैठक में स्कूलों द्वारा स्कूल परिसर के बाहर लगने वाली रेहड़ी-पटरी, निजी वैन खड़े होने की मौजूदगी का मुद्दा भी उठाया गया।

कोर्ट ने एसोसिएशन को पार्टी बनाया

एक्शन कमेटी ऑफ अनएडेड रिकॉग्नाइज्ड प्राइवेट स्कूल के अध्यक्ष भरत अरोड़ा ने कहा कि इस संबंध में कोर्ट में जनहित याचिका डाली गई थी। इसके बाद यह बैठक बुलाई गई। एसोसिएशन को इस मामले में कोर्ट द्वारा पार्टी बनाया गया है। इसमें सुरक्षित निकासी को लेकर जोर दिया गया। साथ ही सुझाव मिलने पर स्कूल मेटल डिटेक्टर और एक्स-रे बैगेज स्कैनर मशीन जैसे उपकरण लगाने के लिए भी तैयार हैं।

### बाहरी क्षेत्र में गश्त बढ़ाने की बात कही

वसुंधरा एन्क्लेव स्थित एवरग्रीन पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य प्रियंका गुलाटी ने बताया कि बैठक में हिस्सा लिया था। स्कूल के बाहर गश्त बढ़ाने जैसे सुझाव दिए थे। स्कूल में बाहरी व्यक्ति का कोई प्रवेश नहीं है। सिर्फ अभिभावकों को पास के आधार पर प्रवेश दिया जाता है। मयूर विहार फेज तीन स्थित बाल भवन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. सतवीर शर्मा ने कहा कि स्कूल में बच्चों के बैग की जांच हाथ वाले मेटल डिटेक्टर से करते हैं। वार्षिक आयोजनों पर मेटल डिटेक्टर और स्कैनर मशीन का इस्तेमाल किया जाता है।

## छठी-नौवीं कक्षा में दाखिले की दौड़ एक अप्रैल से शुरू

**नई दिल्ली, कार्यालय संवाददाता।** शिक्षा निदेशालय ने दिल्ली के सरकारी स्कूलों में प्लान एडमिशन योजना के तहत कक्षा छठी और नौवीं में दाखिले को लेकर दिशा-निर्देश जारी कर दिए। एक अप्रैल से प्रक्रिया शुरू होगी और दस मई तक चलेगी। इस संबंध में निदेशालय की स्कूल शाखा ने सर्कुलर जारी किया है।

फीडर स्कूल (नगर निगम स्कूल, सरकारी सहायता प्राप्त स्कूल, निजी स्कूल) के छात्र नजदीकी पैरेंट स्कूलों में दाखिला ले सकेंगे। फीडर स्कूलों को शिक्षा निदेशालय के पैरेंट स्कूल से जोड़ने के निर्देश दिए गए हैं। सभी फीडर स्कूलों के कक्षा पांचवीं के छात्रों के अभिभावक एक अप्रैल 2024 या उसके बाद अपने बच्चों के दाखिला हेतु पैरेंट स्कूल के प्रधानाचार्यो से मिलेंगे। कक्षा में दाखिला के लिए दस्तावेज के तौर पर छात्र का पासपोर्ट आकार का फोटो, दिल्ली में आवास/निवास का प्रमाण, आधार संख्या (प्रमाण सहित) वैकल्पिक, बैंक खाता संख्या (प्रमाण सहित) वैकल्पिक, जाति प्रमाण पत्र/दिव्यांग प्रमाण पत्र (यदि लागू है तो) देना होगा।

सर्कुलर के अनुसार, सभी फीडर स्कूलों को 12 फरवरी तक मॉड्यूल पर जानकारी देनी होगी। फीडर स्कूलों की मैपिंग और उन्हें जोड़ने का कार्य 19 फरवरी तक पूरा किया जाएगा, जबकि फीडर स्कूल प्रमुखों को 29 फरवरी तक अपने यहां नामित छात्रों की जानकारी पैरेंट स्कूल के प्रमुखों को देनी होगी।

## सामान उठाने के विरोध में उतरे व्यापारी, बाजार बंद

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** चांदनी चौक में सोमवार को नगर निगम के अधिकारी दुकानों के बाहर रखे और लटके सामान को उतारने के लिए पहुंचे, जिसको लेकर व्यापारियों ने विरोध किया।

आरोप है कि इस दौरान निगम कर्मियों ने व्यापारियों के साथ बदतमीजी की। इसके बाद बाजार में व्यापारियों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए नई सड़क की दुकानों को बंद कर दिया है। हंगामे के बीच करीब पांच सौ से अधिक व्यापारी पुलिस के दफ्तर पहुंचे, जहां पर उन्होंने निगम के कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग उठाई। हालांकि पुलिस के आश्वासन पर व्यापारी दुकान खोलने पर राजी हुए।

दिल्ली हिंदुस्तान मर्केंटाइल एसोसिएशन के महामंत्री श्रीभगवान बंसल ने बताया है कि नगर निगम के लाइसेंसिंग विभाग की टीम पूरे दल बल के साथ चांदनी चौक स्थाई नई सड़क पर पहुंची और व्यापारियों का सामान उठाकर गाड़ियों में भरना शुरू कर दिया। व्यापारियों ने विरोध जताते हुए कहा कि हम लोग वैध लाइसेंस और दुकान लेकर कारोबार कर रहे हैं, फिर भी हमें परेशान किया जा रहा है, जबकि पूरे बाजार में अवैध तरीके से रेहड़ी पटरी लगाकर हजारों लोग काम कर रहे हैं, उन्हें बाजार से नहीं हटाया जा रहा है। इस पर निगम कर्मियों और व्यापारियों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। कुछ निगम कर्मियों ने व्यापारियों को धक्का भी दिया।

## बदमाशों ने बाइकों और वाहनों में तोड़फोड़ की

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** राजधानी के सुभाष प्लेस के शकूरपुर इलाके में सोमवार तड़के लाठी-डंडों से लैस करीब दर्जनभर बदमाशों ने जमकर उत्पात मचाया। सड़क किनारे खड़े करीब 15 वाहनों के शीशे तोड़ दिए और करीब 20 बाइक में भी तोड़फोड़ की।

उत्पात मचाने के कारणों को लेकर स्थानीय लोगों का आरोप है कि इलाके में वर्चस्व कायम करने के लिए वारदात को अंजाम दिया गया है। बहरहाल, पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है, चूंकि घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के जरिए आरोपियों की पहचान करने की कोशिश में जुटी है।

घटना शकूरपुर इलाके में सोमवार तड़के करीब चार बजे की है। बदमाशों द्वारा उत्पात मचाए जाने पर लोग अपने घरों से बाहर निकले तो लोगों कि सड़क किनारे खड़ी गाड़ियों में तोड़फोड़ की गई है। सड़क पर चारों तरफ शीशे बिखरे पड़े हैं। बदमाशों ने करीब 20 बाइकों को सड़क पर गिराकर उन्हें भी तोड़ने की कोशिश की थी। कुछ ही देर में घटना इलाके में आग की तरह फैल गई। इसके बाद लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच करने पर पता चला कि करीब दर्जन भर बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। सभी के हाथ में लाठी डंडे और रॉड थे। बदमाश वाहनों के शीशे तोड़ रहे थे और बाइक और स्कूटी को गिरा रहे थे। बदमाशों को वारदात को अंजाम देकर भागते हुए देखा गया।

# 'बिहार से शुरू हुआ परिवर्तन दिल्ली में भी दिखेगा'

**दावा**

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** दिल्ली भाजपा पूर्वांचल मोर्चा की तरफ से सोमवार को अभिनंदन समारोह आयोजित हुआ। इस दौरान दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि बिहार से शुरू हुआ परिवर्तन दिल्ली में भी दिखेगा।

दिल्ली भाजपा प्रदेश कार्यालय पर आयोजित समारोह में सचदेवा ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के बाद उसके अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा दिल्ली प्रदेश की सत्ता में आएगी। सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि यह हर्ष का विषय है कि बिहार में जो जनादेश था, उसी के अनुसार सरकार बनी है।

इस अवसर पर बिहार के नवनिर्वाचित उपमुख्यमंत्रियों सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह पहुंचे। उन्होंने कहा कि बिहार के बगैर पूर्वांचल की कल्पना नहीं की जा सकती है। वर्ष 1990 और 2005 के बीच भाजपा ने बिहार में संघर्ष किया और बिहारवासियों को जंगलराज से निकालने के लिए जो मेहनत की उसी का परिणाम है कि आज फिर बिहार में डबल इंजन की सरकार है। इस दौरान गिरिराज सिंह ने कहा कि कुछ लोगों ने बिहार में लोकतंत्र के निर्णय के खिलाफ जबरन सरकार बनाने की कोशिश की थी, जो अब खत्म हो चुके हैं।

बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि ईमानदारी का नारा देकर सत्ता तक पहुंची पार्टी और उनके नेता भ्रष्टाचार के मामले में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद से भी आगे निकल गए हैं। लालू यादव ने चारा घोटाला किया और जब रेल मंत्री बने तो नौकरी के बदले जमीन लेने का घोटाला किया। इसी तरह का कथित शराब घोटाला दिल्ली में सामने आया है। इस मौके पर केंद्रीय राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी, राष्ट्रीय मीडिया सह प्रमुख संजय मयूख, पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल, प्रदेश महामंत्री हर्ष मल्होत्रा व कमलजीत सहरावत सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।



नई दिल्ली में बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी व विजय सिन्हा का सोमवार को अभिनंदन करते प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और सांसद मनोज तिवारी। • एजेंसी

**शहर 30s**

### आंतरिक मूल्यांकन का आखिरी अवसर

**नई दिल्ली।** शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए दसवीं-12वीं कक्षा के सभी संकाय के सीबीएसईएसएल/आंतरिक मूल्यांकन में छूटे हुए छात्रों को अंतिम अवसर दिया जा रहा है। इस संबंध में शिक्षा निदेशालय ने सोमवार को सार्वजनिक सूचना जारी की है। छह, सात फरवरी को छात्रों को रिपोर्ट करनी होगी।

### सुशासन महोत्सव का आयोजन होगा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार की नीतियों, भाजपा शासित राज्यों के अलावा विभिन्न मंत्रालयों द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के लिए नौ और 10 फरवरी को सुशासन महोत्सव आयोजित होने जा रहा है। भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद के चेयरमैन और मुंबई स्थित थिंक-टैंक एवं प्रशिक्षण संस्थान रामभाऊ म्हालगी प्रबोधिनी के उपाध्यक्ष विनय सहस्रबुद्धे ने बताया कि महोत्सव का उद्घाटन भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा करेंगे।

### राजीव वर्मा कांग्रेस ओबीसी विभाग के अध्यक्ष बने

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी ने राजीव वर्मा को दिल्ली ओबीसी विभाग का अध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी महासचिव केसी वेणु गोपाल द्वारा सोमवार की शाम को इस संबंध में निर्देश जारी किए गए। पार्टी के वरिष्ठ नेता वर्मा पर दिल्ली में संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी होगी।



# देश की सीमा सुरक्षा को लेकर कोई समझौता नहीं : शाह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार भारत की सीमा और अपने लोगों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करेगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को दिल्ली में 'सिक्योरिटी बियॉन्ड टुमॉरोः फोर्जिंग इंडियाज रेजिलिएंट फ्यूचर' विषय पर आयोजित कार्यक्रम में ये बात कही। उन्होंने ये भी कहा कि सरकार सभी देशों से मैत्रीपूर्ण संबंध चाहती है।

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने दस साल के शासनकाल में आंतरिक सुरक्षा के लिहाज से तीन महत्वपूर्ण क्षेत्रों जम्मू-कश्मीर, पूर्वोत्तर और वामपंथी उग्रवाद प्रभावित इलाकों पर सफलतापूर्वक नियंत्रण पाया है। भारत की बाहरी और आंतरिक नीति स्पष्ट है। दूसरे देश भारत की इस नीति का सम्मान करते हैं। पिछली सरकारों की तुष्टीकरण नीति के कारण आंतरिक सुरक्षा में कई तरह की समस्याएं थीं। जम्मू- कश्मीर, उत्तर पूर्व और और वामपंथी उग्रवाद उसी गलत नीति का नतीजा था। मोदी सरकार में ये सभी क्षेत्र नियंत्रण में हैं और भारत की विकास यात्रा का हिस्सा बन चुके हैं।

शाह ने कहा कि तीन नए आपराधिक कानून को मंजूरी मिल चुकी है। जब ये कानून अमल में आएंगे तो देश आधुनिक कानूनी नियमों से लैस होगा।



नई दिल्ली में सोमवार को 'सिक्योरिटी बियॉन्ड टुमॉरो : फोर्जिंग इंडियाज रेजिलिएंट फ्यूचर' विषय पर आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह।

**उत्तर पूर्व के लिए नौ शांति समझौते :** गृह मंत्री ने कहा कि उत्तरपूर्व में पिछले नौ साल में नौ शांति समझौते किए हैं। इसके तहत नौ हजार से अधिक युवा हथियार छोड़कर मुख्यधारा में लौटे हैं।

> बीते दस साल में पीएम मोदी की कोशिशों से भारत को राजनीतिक स्थिरता, भ्रष्टाचारमुक्त शासन, जनकल्याण और शांतिपूर्ण माहौल स्थापित करने में कामयाबी मिली है। भारत 7.6% की विकास दर से दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना है।
>
> –अमित शाह, गृह मंत्री

नॉर्थईस्ट में सीमा, नस्लीय और धार्मिक विवादों को खत्म किया है। 70 फीसदी से अधिक क्षेत्रों से अफ्सपा हटाया गया है। सरकार ने 2014 से 2024 के बीच नॉर्थईस्ट में इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास पर 14 लाख करोड़ रूपए खर्च किए हैं। आज उत्तर पूर्व इसी की बदौलत सभी राज्यों से जुड़ गया है।

गृह मंत्री ने कहा कि आंतक और विद्रोह ने कई लोगों की जान लीं। सरकार ने इसे रोकने के लिए बड़े पैमाने पर काम किया। इसके अलावा इन क्षेत्रों के पारिस्थितिकि तंत्र में सुधार के लिए भी काम किया।

## संसद सवाल-जवाब

### राज्यसभा

#### उड़ान योजना : 529 मार्गों पर परिचालन जारी

**नई दिल्ली।** सरकार ने सोमवार को बताया कि उड़ान योजना के तहत 529 में से किसी भी मार्ग को रद्द नहीं किया गया है और सभी मार्गों पर परिचालन जारी है। नागरिक विमानन राज्य मंत्री जनरल वीके सिंह ने राज्यसभा को प्रश्नकाल के दौरान यह जानकारी दी। वीके सिंह ने पूरक प्रश्नों के जवाब में यह भी बताया कि नए मार्गों की शुरुआत के लिए नीलामी प्रक्रिया होती है, जिसमें एयरलाइन कंपनियां शामिल होती हैं लेकिन पहले से ही किसी भी एयरलाइन को कोई भी मार्ग नहीं दिया जाता।

#### देश में भूजल स्तर में वृद्धि हो रही: सरकार

सरकार ने सोमवार को बताया कि देश में प्रति व्यक्ति पानी की उपलब्धता आजादी के बाद लगातार कम होती गई लेकिन भूजल को 'रिचार्ज' करने के प्रयासों के फलस्वरूप अब भूजल स्तर में वृद्धि होने लगी है। जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह सही है कि पानी का समुचित उपयोग बेहद जरूरी है और भारत 2047 में विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में भी अग्रसर है।

#### 'डैश कैम' अनिवार्य किया जाए : राकांपा

राकांपा की राज्यसभा सदस्य फौजिया खान ने सोमवार को कहा कि दुर्घटनाओं से संबंधित चिंताओं को दूर करने और जिम्मेदार ड्राइविंग प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए वाहनों में 'डैश कैम' लगाना अनिवार्य किया जाना चाहिए। डैश कैम एक छोटा वीडियो कैमरा होता है जो कार के डैशबोर्ड या विंडशील्ड पर लगा होता है। इसका उपयोग वाहन चलाते समय उसके सामने होने वाली हर चीज को रिकॉर्ड करने के लिए किया जाता है।

#### कांग्रेस ने डीडीए की कार्रवाई पर चिंता जाई

कांग्रेस सदस्य इमरान प्रतापगढ़ी ने दिल्ली में पुराने ढांचों को हटाने दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की कार्रवाई पर चिंता जताई। उन्होंने कहा डीडीए मस्जिद सहित ऐतिहासिक इमारतों और ढांचों को अवैध रूप से हटा रहा है। डीडीए द्वारा महरौली में एक मस्जिद और एक मदरसा के विध्वंस का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, मैं सरकार से पूछना चाहता हूं... 700 साल पुराने ढांचे को अवैध रूप से ध्वस्त करने के लिए वे डीडीए अधिकारियों के खिलाफ क्या कार्रवाई करेगी।

#### विश्वकर्मा योजना में 88 लाख का पंजीकरण

सरकार ने बताया कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत 88 लाख लोगों का पंजीकरण हो चुका है। सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम राज्य मंत्री भानु प्रताप सिंह वर्मा ने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान बताया योजना के तहत 13 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है और इसके तहत 88 लाख लोगों ने पंजीकरण कराया है। योजना की शुरुआत 17 सितंबर 2023 को हुई थी।

### लोकसभा

#### कर चोरी के 14,597 मामलों का पता लगाया

वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने लोकसभा में एक प्रश्न के उत्तर में कहा अप्रैल-दिसंबर 2023 के दौरान केंद्रीय कर अधिकारियों द्वारा जीएसटी चोरी के कुल 14,597 मामले दर्ज किए गए। उनके मुताबिक, ऐसे मामलों की अधिकतम संख्या महाराष्ट्र में 2,716 दर्ज की गई। उसके बाद गुजरात में 2,589, हरियाणा में 1,123 और पश्चिम बंगाल में 1,098 मामले दर्ज किए गए।

#### प्रसाद योजना के तहत 27 नए स्थलों की पहचान

सरकार ने कहा कि केंद्र की प्रसाद योजना के तहत विकास के लिए 27 नए स्थलों की पहचान की गई। केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने लोकसभा में बताया कि स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत विकास के लिए 57 गंतव्यों की पहचान भी की गई। केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय ने धार्मिक स्थलों सहित पर्यटन स्थलों पर बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 2014-15 में 'तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान' (प्रसाद) और स्वदेश दर्शन योजनाएं शुरू कीं।

विपक्ष ने महंगाई-बेरोजगारी पर केंद्र को घेरा, सरकार बोली- देश हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा

# राष्ट्रपति के अभिभाषण पर सत्ता पक्ष और विपक्ष में तीखी तकरार

बजट सत्र


**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर सोमवार को चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जमकर आरोप-प्रत्यारोप हुआ।

धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलते हुए विपक्ष ने केंद्र सरकार को महंगाई, बेरोजगारी सहित अर्थव्यवस्था से जुड़े कई मोर्चों पर घेरा। वहीं सत्ता पक्ष ने मोदी सरकार के कार्यकाल को जनकल्याण के प्रति समर्पित बताया। सत्ता पक्ष के सदस्यों के भाषण में कई बार राम मंदिर का जिक्र भी आया। भाजपा के सुधांशु त्रिवेदी ने कहा, श्रीराम जन्मभूमि पर 22-23 दिसंबर 1949 की रात जब भगवान श्रीराम लला प्रकट हुए थे तब रोशनी दिखने की गवाही यूपी पुलिस के सिपाही अब्दुल बरकत ने दी थी। बाबरी पक्ष के पहरेदार इकबाल अंसारी को भी प्राण प्रतिष्ठा में आमंत्रित किया गया और वह आए भी। उनका इकबाल बुलंद हुआ लेकिन विपक्ष का नहीं हुआ।



### अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही : सुधांशु त्रिवेदी

भाजपा के सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि भारत की हर क्षेत्र में सफलता को देख कर विश्व आर्थिक मंच के प्रमुख ने कहा है भारत शांति के साथ हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है और एक दशक में वह 10 हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने कहा कि तमाम रेटिंग एजेंसियां भारत को 9.7 से 7.8 प्रतिशत तक वृद्धि करने वाला देश बता रही हैं।



### केंद्र नीरव को विदेश से नहीं ला पा रहा:दिग्विजय

कांग्रेस के दिग्विजय सिंह ने कहा कि सत्ता पक्ष के लोग भगवान राम को 500 साल बाद अपने स्थान पर वापस ले आए पर वे यह क्यों नहीं बता पा रहे हैं कि लाखों करोड़ रुपये लेकर भागने वाले नीरव मोदी जैसे लोगों को विदेश से वापस क्यों नहीं ला पा रहे? दिग्विजय ने कहा, इन्होंने पहले हिन्दू-मुस्लिमों को बांटा और अब राम के भक्तों को बांट रहे हैं।

### राज्यों संग सौतेले व्यवहार का आरोप

चर्चा के दौरान द्रमुक के तिरुचि शिवा ने कहा कि यह सरकार संघवाद विरोधी, किसान विरोधी, गरीब विरोधी, अमीर समर्थक है। उन्होंने कहा कि इस सरकार के सत्ता में आने के बाद क्षेत्रीय दलों पर तीखे प्रहार हुए। यह सरकार क्षेत्रीय दलों के शासन वाले राज्यों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है।

### तृणमूल कांग्रेस ने नौकरियों पर सवाल पूछे

चर्चा में भाग लेते हुए तृणमूल कांग्रेस के सुखेन्दु शेखर राय ने कहा कि सरकार ने हर वर्ष दो करोड़ नौकरी दिए जाने का वादा किया था और उसके अनुसार अभी तक 20 करोड़ नौकरी दी जा चुकी होती। उन्होंने सवाल किया कि सरकार ने अभिभाषण में इस बात को क्यों नहीं बताया कि अभी तक कितनी नौकरियां दी गईं।

**ईवीएम पर सवाल उठाए** दिग्विजय ने दावा किया कि सरकार के तीन ब्रह्मास्त्र और हथियार हैं। इनमें पहला ईवीएम, दूसरा धर्मांधता और तीसरा हथियार ईडी, आईटी, सीबीआई और एनआईए है। उन्होंने कहा सफल लोकतंत्र के लिए निष्पक्ष चुनाव आयोग जरूरी है। आज लोगों के मन में ईवीएम को लेकर संदेह है।

# संसद के पटल पर देश को बदनाम न करें : राजनाथ



लोकसभा में सोमवार को संसदीय कार्यवाही के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह।

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि भारत अब कमजोर नहीं, बल्कि ताकतवर बन गया है और अगर कोई आंख उठाकर देखने की जुर्रत करेगा तो उसे मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।

रक्षा मंत्री ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लोकसभा में लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी की टिप्पणी के बाद सदन में यह बयान दिया। चर्चा में भाग लेते हुए चौधरी ने कहा कि अभिभाषण में देश की सुरक्षा का कोई उल्लेख नहीं किया गया। उन्होंने सवाल किया कि लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर पूर्व की यथास्थिति की बहाली का क्या हुआ? कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि इस सरकार में चीन से संबंधित नीति विफल रही है। इस पर हस्तक्षेप करते हुए राजनाथ ने कहा कि एलएसी के संदर्भ में चौधरी ने जो भी कुछ कहा वह उससे असहमति व्यक्त करते हैं। राजनाथ ने कहा, संसद के पटल पर देश को बदनाम नहीं किया जाना चाहिए।

> भारत अब कमजोर नहीं, बल्कि ताकतवर बन गया है और अगर कोई आंख उठाकर देखने की जुर्रत करेगा तो उसे मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।
>
> –राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री

राजनाथ ने कहा कि अगर कांग्रेस की सरकार भी होती तो हमारी पार्टी देश के मान-सम्मान के साथ खड़ी रही है और खड़ी रहती। कहा, वह चौधरी की इस बात की निंदा करते हैं।

# विपक्ष बोला, सरकार सिर्फ सपने दिखा रही

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विपक्षी दलों ने लोकसभा चुनाव में एनडीए के 400 से अधिक सीटें जीतने के केंद्र सरकार के दावे को सपना करार दिया। उन्होंने दावा किया कि सोमवार को संसद में उनके बयान से पता चलता है कि वह दोबारा चुनाव जीतने को लेकर आश्वस्त नहीं हैं।

प्रधानमंत्री के संबोधन पर भाकपा नेता बिनॉय विश्वम ने कहा कि यह एक ऐसी सरकार है, जो अपने वादे भूल गई, एक ऐसी सरकार जिसने केवल देश और इसकी धर्मनिरपेक्ष साख को नुकसान पहुंचाया। सरकार के वादों और गारंटी का क्या हुआ और उसने महिलाओं, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के लिए क्या किया। उन्होंने कहा, दो करोड़ नौकरियां देने के वादे का क्या हुआ?

**वास्तविकता अलगः** माकपा नेता जॉन ब्रिटास ने भी लोकसभा चुनाव में भाजपा के 370 सीट जीतने के दावे पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा, इस देश में हर किसी को सपने देखने का अधिकार है, लेकिन वास्तविकता अलग है। देश की जनता किसी और के सपनों से प्रभावित होने के बजाय अपनी दिशा स्वयं तय करेगी।

तृणमूल कांग्रेस नेता सुष्मिता देव ने कहा कि महिला सशक्तीकरण पर प्रधानमंत्री की टिप्पणी प्रतीकात्मकता के अलावा और कुछ नहीं है।

### कांग्रेस सांसद ने 2004 के चुनाव की ओर इशारा किया

कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने पूछा कि अगर उनकी पार्टी चुनाव में 370 का आंकड़ा हासिल करने से चूक गई, तो क्या वह शपथ नहीं लेंगे। उन्होंने 2004 के लोकसभा चुनावों में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए के नारे की ओर इशारा करते हुए कहा, अब 'इंडिया शाइनिंग पार्ट दो' होने जा रहा है। बसपा से निलंबित लोकसभा सदस्य दानिश अली ने 400 सीट जीतने के दावे का जिक्र करते हुए कहा कि इससे ईवीएम की विश्वसनीयता पर संदेह पैदा होता है।

# संजय सिंह शपथ नहीं ले सके

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** आम आदमी पार्टी नेता संजय सिंह सोमवार को प्रक्रिया संबंधी वजहों से राज्यसभा में शपथ नहीं ले पाये। सूत्रों ने कहा कि राज्यसभा की कार्यवाही सूचीबद्ध बिजनेस द्वारा विनियमित होती है जिसे बुलेटिन में अधिसूचित किया जाता है। सिंह का शपथ ग्रहण सदन के कामकाज में सोमवार को सूचीबद्ध नहीं था।

इस मामले पर राज्यसभा से कोई कम्युनिकेशन भी राज्यसभा अध्यक्ष के विचार के लिए नहीं आया। सूत्रों ने कहा, कुछ आप सदस्यों ने सभापति से मुलाकात की और उन्हें लागू नियमों और प्रक्रियाओं के बारे में बताया गया।

# मामूली अपराध में जेल की बजाय अर्थदंड का प्रस्ताव

राज्यसभा

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** सरकार ने सोमवार को राज्यसभा में जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) संशोधन विधेयक सहित तीन विधेयक पेश किये। इनमें कुछ अपराधों में जेल की सजा के प्रावधान को हटाकर उनके स्थान पर अर्थदंड का प्रस्ताव किया गया।

दो अन्य विधेयक संविधान संशोधन विधेयक हैं जो आंध्र प्रदेश और ओड़िशा से संबंधित हैं। इन विधेयकों को इसी सत्र में चर्चा के बाद पारित किया जाएगा। केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) संशोधन विधेयक पेश किया।

इस विधेयक के 1974 के मूल कानून में संशोधन का प्रस्ताव है। विधेयक के कारणों और उद्देश्य में कहा गया कि इसमें आपराधिक प्रावधानों को तर्कसंगत बनाने तथा यह सुनिश्चित करने का प्रावधान है कि नागरिक, कंपनियां एवं व्यापार छोटी, तकनीकी एवं प्रक्रियागत गलतियों के कारण कारावास के भय से मुक्त होकर काम कर सकें। विधेयक में कुछ मामूली अपराधों में कारावास के स्थान पर अर्थदंड का प्रावधान किया गया।

**पर्यावरण संरक्षण कोष में जमा होगी राशिः** विधेयक में कहा गया कि एकत्रित अर्थदंड की राशि को पर्यावरण संरक्षण कोष में जमा करवाया जाएगा। इसमें यह भी प्रावधान है कि अर्थदंड के मामले में सुनवाई करने वाला अधिकारी केंद्र सरकार के स्तर पर संयुक्त सचिव और राज्य सरकार के स्तर पर सचिव स्तर से कम रैंक का अधिकारी नहीं होना चाहिए।

### दो संविधान संशोधन विधेयक पेश

उच्च सदन में जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने दो संविधान संशोधन विधेयक भी पेश किए। उनके द्वारा पेश संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश (संशोधन) विधेयक 2024 में आंध्र प्रदेश में अनुसूचित जनजातियों की सूची में संशोधन का प्रस्ताव है। इसमें आंध्र प्रदेश की अनुसूचित जनजातियों की सूची में कुछ नई जातियों को जोड़ने का प्रावधान है। मुंडा ने संविधान (अनुसूचित जाति एवं जनजाति) आदेश (संशोधन) विधेयक 2024 भी पेश किया। उनके द्वारा पेश किए गए इस विधेयक में ओड़िशा में अनुसूचित जाति एवं जनजातियों की सूची में संशोधन का प्रस्ताव है। इसमें राज्य की अनुसूचित जाति जनजातियों की सूचियों में कुछ नई जातियों को जोड़ने का प्रावधान है।

# मजबूत अर्थव्यवस्था के लिए कई कदम उठाए: सीतारमण

लोकसभा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि कर्ज का बोझ कम करने के लिए सरकार ने कर राजस्व बढ़ाने, सार्वजनिक व्यय प्रभावशीलता बढ़ाने, राजकोषीय घाटे को कम करने की प्रतिबद्धता और उत्पादक दक्षता बढ़ाने जैसे कई कदम उठाए हैं।

वित्त मंत्री ने लोकसभा में कहा कि वित्तीय प्रणाली को मजबूत करने के अलावा सरकार ने अपने प्रभावी पूंजीगत व्यय को 2020-21 में 6.57 लाख करोड़ रुपये से दोगुना से अधिक बढ़ाकर 13.71 लाख करोड़ रुपये और 2023-24 और 2024-25 में 14.97 लाख करोड़ कर दिया है।

पूंजीगत व्यय बढ़ाने पर सरकार के जोर से न केवल निवेश को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि कर्ज का बोझ कम करने के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की अधिक वृद्धि भी होगी।

सीतारमण ने कहा कि राज्य सरकारों को 50-वर्षीय ब्याज-मुक्त पूंजीगत व्यय ऋण और कर हस्तांतरण किस्तों की 'फ्रंट-लोडिंग' जैसे उपायों के माध्यम से अपने पूंजीगत व्यय को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया गया है।

लोकसभा में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्न पूछते हुए कहा कि कर्नाटक सरकार का दावा है कि केंद्र इसके लिए धन जारी नहीं कर रहा है। सीतारमण ने कहा कि ऐसी स्थिति नहीं हो सकती क्योंकि धन प्रदान करने की एक व्यवस्था है और केंद्र सरकार वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुसार काम करती है। उन्होंने कहा कि कोई भी केंद्रीय वित्त मंत्री वित्त आयोग की सिफारिशों के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकता।



लोकसभा में सोमवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण।

### राज्यों को धन देने में भेदभाव की बात राजनीति से प्रेरित

केंद्रीय वित्त मंत्री ने विपक्ष के इन आरोपों को खारिज कर दिया कि केंद्र सरकार गैर-भाजपा शासित राज्यों के लिए धन रोक रही है। उन्होंने कहा कि यह एक राजनीतिक रूप से प्रेरित विमर्श है और इसके पीछे निहित स्वार्थ हैं। लोकसभा में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्न पूछते हुए कहा कि कर्नाटक सरकार का दावा है कि केंद्र इसके लिए धन जारी नहीं कर रहा है। सीतारमण ने कहा कि ऐसी स्थिति नहीं हो सकती क्योंकि धन प्रदान करने की एक व्यवस्था है।

# धनखड़ सतत विकास सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे


**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** उप राष्ट्रपति डॉ. जगदीप धनखड़ सात फरववरी को विश्व सतत विकास शिखर सम्मेलन (डब्ल्यूएसडीएस) का उद्घाटन करेंगे।

समारोह में उपराष्ट्रपति धनखड़ के साथ गुयाना के प्रधानमंत्री ब्रिगेडियर (सेवानिवृत्त) मार्क फिलिप्स और भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव भी सम्मानित अतिथि के रूप में शामिल होंगे। सम्मेलन में स्पेन, किरिबाती और फिजी के मंत्रियों के शामिल होने की उम्मीद है।

# केंद्र ने मणिपुर के लोगों को उनके हाल पर छोड़ा:खड़गे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को मणिपुर के हालात पर केंद्र सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने पूर्वोत्तर के इस राज्य के लोगों को उनके हाल पर छोड़ दिया है।

खड़गे ने दावा किया कि पिछले साल संसद से मणिपुर के लोगों को जो आश्वासन दिया गया था, वह भी पूरा नहीं हुआ। खड़गे ने एक्स पर लिखा, मणिपुर में लगातार जारी हिंसा के कारण अनगिनत जिंदगियों को तबाह हुए नौ महीने हो गए हैं, लेकिन केंद्र सरकार के पास राज्य का दौरा करने के लिए एक घंटा भी नहीं है। राज्य में चार मई, 2023 से अब तक 200 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। 60 हजार लोग विस्थापित हुए हैं। लगभग 50 हजार लोग पर्याप्त चिकित्सा सुविधाओं और भोजन के बिना राहत शिविरों में रह रहे हैं।



लोगों को जो आश्वासन दिया गया, वह भी पूरा नहीं हुआ

# चुनाव प्रचार में न हो बच्चों का इस्तेमालः आयोग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चुनाव आयोग ने सोमवार को कहा कि नेताओं और उम्मीदवारों को प्रचार गतिविधियों में बच्चों का इस्तेमाल किसी भी तरीके से नहीं करना चाहिए। चाहे वे बच्चे को गोद में उठा रहे हों या वाहन में या फिर रैलियों में बच्चे को ले जाना हो।

आयोग ने कहा,'किसी भी तरीके से राजनीतिक प्रचार अभियान चलाने के लिए बच्चों के इस्तेमाल पर भी यह प्रतिबंध लागू है, जिसमें कविता, गीत, बोले गए शब्द, राजनीतिक दल या उम्मीदवार के प्रतीक चिह्न का प्रदर्शन शामिल है।' आयोग ने कहा कि लेकिन यदि कोई नेता जो किसी भी दल की चुनाव प्रचार गतिविधि में शामिल नहीं है और कोई बच्चा अपने माता-पिता या अभिभावक के साथ उसके समीप केवल मौजूद होता है तो इस परिस्थिति में यह दिशानिर्देशों का उल्लंघन नहीं माना जाएगा। निर्वाचन आयोग के प्रमुख ने हितधारकों के रूप में राजनीतिक दलों की महत्वपूर्ण भूमिका पर लगातार जोर दिया है। उन्होंने आगामी संसदीय चुनावों के मद्देनजर लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने में उनसे सक्रिय भागीदार बनने का आग्रह किया है।

### सिर्फ आसन की ही बात मानूंगी : जया बच्चन

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में सूचीबद्ध एक प्रश्न को बाद में पूछे जाने को लेकर कुछ सदस्यों ने नाखुशी जताई और सपा नेता जया बच्चन ने कहा आसन के अलावा और कोई उन्हें बैठने को कहे तो वह नहीं बैठेंगी।

निर्देश | रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रिक्त पदों पर भर्ती करने का किया फैसला, रोजगार अधिसूचना संबंधी निर्देश जारी

# रेलवे की नौकरी के लिए कैलेंडर देखकर तैयारी करें

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** रेलवे की नौकरी पाने के लिए कई वर्षों के इंतजार का दौर अब समाप्त हो गया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भारतीय रेल में हर साल रिक्त पदों पर भर्ती करने का फैसला किया है। इसके लिए बाकायदा रेलवे का सालाना कैलेंडर जारी किया गया है।

कैलेंडर में साल के महीने के अनुसार विभिन्न श्रेणी में खाली पद पर भर्ती की अधिसूचना, परीक्षा, प्रशिक्षण, नियुक्ति की जानकारी अभ्यर्थियों को पहले से पता रहेगी।

रेलवे बोर्ड ने दो फरवरी को सभी रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) के लिए केंद्रीकृत रोजगार अधिसूचना संबंधी निर्देश जारी किया है। इसमें हर साल जनवरी-मार्च के बीच सहायक लोको पायलट (एएलपी) के खाली पदों पर भर्ती करने संबंधी अधिसूचना आरआरबी जारी करेंगे।

**तकनीशियन पदों पर भर्ती करने की योजना है :** वहीं अप्रैल-जून के बीच तकनीशियन पदों पर भर्ती करने की योजना है। जुलाई से सिंतबर में गैर तकनीकी लोकप्रिय श्रेणियों (एनटीपीसी) पदों पर स्नातक व 12वीं पास, जूनियर इंजीनियर व पैरामेडिकल पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू होगी। वहीं क्तूबर-दिसंबर में लेवल-1 यानी गैगमैन, प्वांइटमैन, सहायक पदों पर अधिसूचना जारी की जाएगी।

**साल में चार बार जारी होगी अधिसूचना :** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि रेलवे में नौकरी की भर्ती के लिए एक वार्षिक कैलेंडर की आवश्यकता थी। इससे उन युवाओं को मदद मिलेगी, जो रेलवे परीक्षा में भाग लेना चाहते हैं। मंत्री ने कहा, नौकरी अधिसूचना अब साल में चार बार जारी की जाएगी। इससे उम्मीदवारों को तैयारी के लिए समय मिलेगा और अनिश्चितकाल तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

### एकरूपता नहीं होने से लग रहा था समय

जानकारी के मुताबिक, इससे पहले क्षेत्रीय आरआरबी जोनल रेलवे की ओर से विभिन्न श्रेणियों में रिक्त पदों पर भर्ती की जाती रही है। इसमें एकरूपता नहीं होने से खाली पदों पर भर्ती कई साल बाद होती थी। प्रक्रिया में लंबा समय लगने से सफल अभ्यर्थी की उम्र अधिक होने के कारण नियुक्ति में अड़चन आती है। केंद्र सरकार ने पिछले 10 वर्षों में भारतीय रेल में लगभग पांच लाख कर्मचारियों की भर्ती की है।

नौएडा

नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्रशासनिक भवन, सैक्टर-6, नौएडा, (उ.प्र.)
वेबसाइट: www.noidaauthorityonline.in

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

UPLC लखनऊ में पंजीकृत फर्मों/ठेकेदारों से निम्न जॉब संख्याओं हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जिन्हे निम्नानुसार तिथियों तक अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई-निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गई तिथियों पर खोला जाएगा। निविदा सम्बन्धी समस्त विवरण व शर्तें नौएडा प्राधिकरण की वेबसाइट **www.noidaauthorityonline.in** एवं UPLC की वेबसाइट **http://etender.up.nic.in** पर उपलब्ध हैं। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाइट देखते रहें।

**Re-Tender**

| क्र. सं. | जॉब संख्या | कार्य का नाम | निविदा की धनराशि (रु लाख में) | प्रकाशन |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 27/उ0म0प्र0/ वरि0प्र0/ व0स0-1 2023-24 | नालियों के अनुरक्षण कार्य (सैक्टर-12 के डब्लू-17 से डब्लू-120 एवं एक्स-ब्लाक में आर.सी.सी. नाले का निर्माण कार्य), नौएडा। | 44.94 | तृतीय-बार |
| 2. | 35/उ0म0प्र0/ वरि0प्र0/ व0स0-1 2023-24 | सड़कों के अनुरक्षण का कार्य (सैक्टर-5 एवं जोनल रोड संख्या-3 पर विभिन्न स्थानों पर पोट होल्स एवं पैच की मरम्मत का कार्य), नौएडा | 33.39 | द्वितीय-बार |
| 3. | 36/उ0म0प्र0/ वरि0प्र0/ व0स0-1 2023-24 | सड़कों के अनुरक्षण का कार्य (सैक्टर-8 एवं 9 में विभिन्न स्थानों पर पोट होल्स एवं पैच की मरम्मत का कार्य), नौएडा | 39.10 | द्वितीय-बार |

उपरोक्त निविदा की दिनांक **12.02.2024 को 5.00 बजे** तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालिफिकेशन दिनांक **13.02.2024 को 11.00 बजे** खोली जायेगी।

वरिष्ठ प्रबंधक, वर्क सर्किल-प्रथम, नौएडा

स्वच्छ, हरित, सकुशल, सुरक्षित नौएडा

## चंपाई सरकार

झारखंड में चंपाई सोरेन के नेतृत्व वाली झामुमो-कांग्रेस सरकार ने सदन में बहुमत सिद्ध करके विगत दिनों से चल रही अनिश्चितता को दूर कर दिया है। विधानसभा में हुए शक्ति परीक्षण में जीतना वर्तमान मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ही नहीं, बल्कि हेमंत सोरेन के लिए भी किसी कामयाबी से कम नहीं है। आशंका थी कि विधायक टूट सकते हैं, किंतु विधायकों को हैदराबाद भेजकर और सही समय पर उनकी सदन में वापसी कराते हुए झामुमो ने भी अपनी सूझ-बूझकर परिचय दिया है। कुल 81 सदस्यीय विधानसभा में 47 विधायकों ने विश्वास प्रस्ताव का समर्थन किया, जबकि 29 विधायकों ने विरोध। यह भी एक तरह से इतिहास ही है कि एक पूर्व मुख्यमंत्री ने ईडी की हिरासत में रहते हुए विशेष न्यायालय से मंजूरी मिलने के बाद सदन की कार्यवाही और विश्वास मत में हिस्सा लिया। सोरेन के सदन में आने से झामुमो नेताओं को भी बल मिला और चंपाई सोरेन यहां तक बोल गए कि हेमंत हैं, तो हिम्मत है। उन्होंने पुरजोर आरोप लगाया कि एजेंसी का दुरुपयोग हो रहा है। अब एजेंसी के लिए भी चुनौतियां बहुत बढ़ गई हैं।

67 वर्षीय मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की सामने पहली चुनौती यही होगी कि वह झामुमो और झामुमो के दिग्गज नेता पर लग रहे आरोपों का माकूल जवाब दें। तमाम झामुमो नेता खुलकर विपक्षी पार्टी पर आरोप लगा रहे हैं और ऐसा करने की राजनीति को समझा जा सकता है, पर झामुमो के प्रयास केवल राजनीति तक सिमटकर न रह जाएं। हालांकि, जब चुनाव सामने हैं, तब सियासत को तल्ख होने से नहीं रोका जा सकता और यह तल्खी विवाद के जल्द समाधान को रोकेगी। ऐसे विवाद महज आरोप या धमकी से नहीं निपटाए जाते हैं। अगर एजेंसियों ने गड़बड़ी की है, तो इसे सिद्ध करने के लिए चंपाई सरकार क्या अपनी ओर से प्रयास कर सकती है? तथ्य और तर्क से एजेंसी को सही दिशा में निर्देशित किया जा सकता है।

**झामुमो नेता विपक्षी पार्टी पर आरोप लगा रहे हैं और इस राजनीति को समझा जा सकता है, मगर झामुमो के प्रयास सिर्फ राजनीति तक सिमटकर न रह जाएं।**

ध्यान रहे, झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने यहां तक आरोप लगाया है कि केंद्र सरकार आदिवासियों और दलितों के प्रति नफरत रखती है। किसी बड़े नेता द्वारा अपने खिलाफ कार्रवाई को अपने पूरे समुदाय का उत्पीड़न बताना नया नहीं है, पर इसका असर लोगों पर अवश्य होता है। आम लोगों के पास सही सबूत बाद में पहुंचते हैं, पर किसी नेता के बारे में कोई धारणा लोगों तक जल्दी पहुंच जाती है। संकेत यही है कि झारखंड के साथ-साथ बिहार में भी जो हालिया बदलाव हुआ है, इससे भी कुछ नेता सहानुभूति का लाभ लेने की कोशिश करेंगे। वैसे सियासी लाभ के लिए सार्वजनिक विषय को व्यक्तिगत और व्यक्तिगत विषय को सार्वजनिक बना देने का पुराना चलन है। सियासत से हटकर बात करें, तो झारखंड के नए मुख्यमंत्री के हाथों में अनेक काम हैं। यह आदिवासी प्रदेश एक अन्य आदिवासी प्रदेश छत्तीसगढ़ के साथ बना था, पर छत्तीसगढ़ में राजनीतिक स्थिरता मिसाल है। वहां मुख्यमंत्रियों के दामन पर दाग भी कम हैं। दूसरी ओर, झारखंड में ऐसे भी मुख्यमंत्री हुए हैं, जिनके दाग लोग याद करते हैं। आश्चर्य नहीं, झारखंड में दस से ज्यादा बार सत्ता परिवर्तन हुआ है और चंपाई सोरेन सातवें मुख्यमंत्री हैं, जबकि छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय महज चौथे मुख्यमंत्री हैं। तेज विकास के लिए शासन में स्थिरता जरूरी है और आरोपों की भी पूरी परवाह राज्य सरकार को करनी चाहिए। झारखंड के लोग यही चाहेंगे कि चंपाई सोरेन पूरी सक्रियता और पारदर्शिता के साथ प्रदेश को आगे ले जाएं।

हिन्दुस्तान Hindustan | 75 साल पहले 06 फरवरी, 1949

## अमेरिकी प्रतिक्रिया

रूस के प्रधानमन्त्री मार्शल स्टालिन ने एक समाचार एजेंसी के प्रतिनिधि के जरिये यह प्रस्ताव पेश किया था कि वह विश्व शांति की समस्या पर अमेरिका के प्रेसीडेंट ट्रुमैन से बातचीत करने के लिए तैयार हैं। बाद में मार्शल स्टालिन ने यह भी प्रकट किया कि वह प्रेसीडेंट ट्रुमैन से कहां मिल सकेंगे। उन्होंने कुछ स्थानों के नाम गिनाये जो रूस के भीतर हैं और जहां दोनों की मुलाकात की व्यवस्था की जा सकती है। यदि प्रेसीडेंट ट्रुमैन को रूस के भीतर आने में आपत्ति हो तो मार्शल स्टालिन ने कहा कि पोलैण्ड या चेकोस्लोवाकिया में भी मुलाकात हो सकती है। मार्शल स्टालिन के प्रस्ताव पर अब अमेरिकी प्रतिक्रिया सामने आ गई है। वह प्रतिक्रिया अनुकूल नहीं कही जा सकती। प्रेसीडेंट ट्रुमैन ने एक प्रेस कान्फ्रेंस में कहा कि वह मार्शल स्टालिन से मिलने के लिए प्रस्तावित स्थानों को नहीं जा सकते। हां, यदि मार्शल स्टालिन वाशिंगटन आयें तो वह उनका स्वागत करेंगे। मार्शल स्टालिन ने स्वास्थ्य की बिना पर वाशिंगटन जाने में असमर्थता प्रकट की है। उनके डाक्टरों की यह राय नहीं है कि वह वायुयान अथवा समुद्र के रास्ते इतनी दूर का सफर करें। उधर प्रेसीडेंट ट्रुमैन का स्वास्थ्य भी अच्छा नहीं बताया जाता। वह पहले भी मार्शल स्टालिन से मिलने के लिए यूरोप की यात्रा कर चुके हैं। फिर अमेरिका के परराष्ट्र सचिव मि. अचेसन ने कहा है कि मुलाकात का विषय इतना व्यापक है कि उसके बारे में निश्चित कुछ नहीं कहा जा सकता। इस प्रकार यह स्पष्ट हो गया है कि मार्शल स्टालिन और प्रेसीडेंट ट्रुमैन के निकट भविष्य में एक-दूसरे से मिलने की कोई संभावना नहीं है।

अमेरिका की शिकायत है कि मार्शल स्टालिन ने अपना प्रस्ताव पेश करने के लिए जो तरीका पसन्द किया है, वह ठीक नहीं है। यदि वह सचमुच प्रेसीडेंट ट्रुमैन से मिलने को उत्सुक थे, तो वह अखबारी माध्यम का आश्रय लेने के बजाय कूटनीतिक जरियों से काम ले सकते थे। वह सीधा प्रेसीडेंट ट्रुमैन को पत्र लिख सकते थे। उनके ऐसा न करने से यह शंका करने का कारण मिल सकता है कि मार्शल स्टालिन का असली उद्देश्य लोकमत को यह प्रतीति कराना है कि रूस वास्तव में शांति का इच्छुक है और अमेरिका उसके शांति-प्रस्ताव को ठुकरा रहा है।

# विवादों की मिलकर करें विदाई



राय की राय
यहां स्कैन करें

विभूति नारायण राय | पूर्व आईपीएस अधिकारी

**वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए जरूरी है कि हम सांप्रदायिकता की संकुचित सोच से बाहर निकलकर एक प्रगतिशील समाज बनाने की दिशा में काम करें।**



अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर में रामलला की मूर्ति की औपचारिक प्राण-प्रतिष्ठा के साथ हमारे इतिहास के एक विवादास्पद अध्याय का पटाक्षेप हो गया। इस पूरे विवाद के चलते भारतीय समाज जितने लंबे समय तक और जितनी बुरी तरह से विभक्त हुआ, वह अपने आप में किसी विस्तृत समाजशास्त्रीय अध्ययन का विषय हो सकता है। कब मंदिर तोड़कर मस्जिद बनाई गई, इसका कोई प्रामाणिक साक्ष्य नहीं है, पर इस समय के बारे में जितने तरह के अनुमान लगाए गए हैं, उनका एक ही उदाहरण काफी है। सांविधानिक पद पर बैठे एक वरिष्ठ राजनेता ने कहा कि मंदिर निर्माण पांच सौ वर्षों के दर्द से छुटकारे की तरह है। वह इस पांच सौ वर्ष की संख्या पर कैसे पहुंचे, यह बताना मुश्किल है, पर सन् 1850 से तो मस्जिद/ मंदिर के स्वामित्व के प्रश्न पर हिंदुओं और मुसलमानों के बीच लड़ाई-झगड़ों के लिखित और वाचिक साक्ष्य कहीं न कहीं मौजूद हैं ही।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंदिर के उद्घाटन के अवसर पर सही कहा कि इस क्षण को जय या पराजय के तौर पर न देखा जाए, पर क्या सचमुच ऐसा हो पाया? पूरे देश में 22 जनवरी को लेकर प्रतिक्रियाएं हार-जीत से भी जुड़ी दिखीं। राम पूरब से पश्चिम, उत्तर से दक्षिण तक करोड़ों लोगों के आराध्य हैं और उनकी प्राण-प्रतिष्ठा से जुड़े स्वाभाविक उल्लास में आस्था और श्रद्धा का भाव होना चाहिए था, पर ऐसा कैसे हुआ कि पूरी उत्सवधर्मिता में आक्रामक विजयी स्वर ही प्रभावशाली था? इसके बरक्स बार-बार यह दोहराने के बावजूद कि किसी विवादित जमीन पर कोई मस्जिद नहीं बन सकती, कई बड़बोले मुस्लिम उलेमा और सियासी नेताओं का दर्द इस दावे के साथ छलक ही जाता है कि आज कमजोर होने के कारण उनका धर्मस्थल टूटा है, पर कल को अगर वे ताकतवर हुए, तो फिर से धर्मस्थल टूट सकता है।

अरब में चौदह सौ वर्षों पूर्व इस्लाम के आगमन के कुछ ही वर्षों के अंदर उसका साक्षात्कार भारत से हुआ। आठवीं शताब्दी में सिंध के राजा दाहर पर मोहम्मद बिन कासिम की सामरिक सफलता के साथ ही हमारा साबका इस्लाम से पड़ा और तेरह सौ वर्षों के संग साथ में हिंदुओं और मुसलमानों ने कई अर्थों में एक अद्भुत समाज बनाया। रचनात्मकता के हर क्षेत्र- साहित्य, संगीत, चित्रकारी, मूर्ति कला, स्थापत्य, यहां तक कि पाकशास्त्र में भी दोनों ने मिलकर अद्भुत उपलब्धियां हासिल कीं, मगर यह कहना भी सरलीकरण ही होगा कि दोनों मिल-जुलकर सिर्फ निर्माण करते रहे, सही बात यह है कि दोनों आपस में लड़ते भी रहे। दुनिया भर में ऐसा पड़ोस शायद ही मिलेगा, जिसमें सदियों साथ-साथ रहने वालों के मध्य रोटी-बेटी के संबंध न हों। इस लेन-देन में हिंदुओं और मुसलमानों के साथ एक तीसरे कोण के रूप में अंग्रेज जुड़े और यह स्वाभाविक ही था कि उनका हित देश के इन दोनों बड़े समुदायों के मध्य संघर्ष के बिंदुओं को उभारने में था। दोनों को आपस में लड़ाकर ही वे अपने शासन की अवधि बढ़ा सकते थे और वे यही करते भी रहे।

इसमें कोई शक नहीं कि हिंदुओं और मुसलमानों के बीच के अंतर्विरोधों ने दो कौमी नजरिये को जन्म दिया था और इसी के फलस्वरूप 1947 में देश का धार्मिक आधार पर बंटवारा हुआ, पर यह भी सच है कि आजादी की लड़ाई की अग्रणी पंक्ति में शरीक महात्मा गांधी, पंडित जवाहरलाल नेहरू, सरदार वल्लभभाई पटेल, डॉक्टर बी आर आंबेडकर या मौलाना आजाद जैसे नेताओं की समझ बड़ी स्पष्ट थी कि बीसवीं शताब्दी में धर्म पर आधारित राष्ट्र राज्य नहीं बन सकता। एक धर्मनिरपेक्ष राज्य बनाने का उनका फैसला कितना सही था, यह इससे साबित हो गया कि इस्लाम के नाम पर बना पाकिस्तान 25 साल भी नहीं चल सका।

किसी धर्मनिरपेक्ष समाज की बुनियादी शर्त ही यह होती है कि राज्य अपने सभी नागरिकों के साथ समानता का व्यवहार करे। नागरिकों के बीच मौजूद विवादों का फैसला कानून द्वारा स्थापित व्यवस्था के जरिये होना चाहिए। अच्छी बात थी कि राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद विवाद का अंतिम फैसला अदालत द्वारा हुआ। स्वाभाविक था कि इस फैसले में एक पक्ष की जीत हुई, दूसरे की हार और यह एक तथ्य है कि अधिकांश मुसलमानों ने इस फैसले को स्वीकार भी कर लिया था। ज्यादातर ने तो राहत की सांस ली थी कि अब पिछले कई दशकों से चल रहा तनाव कुछ ढीला पड़ जाएगा। बहुसंख्यक समुदाय से भी यह अपेक्षा की गई थी कि वे गरिमापूर्ण तरीके से इसे स्वीकार करेंगे। प्रधानमंत्री ने भी अपने भाषण यही अपील की थी कि मंदिर निर्माण को हार-जीत से न जोड़ा जाए, पर दुर्भाग्य से ऐसा पूरी तरह से नहीं हुआ। जिस तरह के जुलूस देश के विभिन्न नगरों, गांवों में निकले, उनमें भक्ति से अधिक विजयी भाव दिखा। हमारी ज्यादातर बसावटें मिश्रित हैं और इनमें रहने वालों में कुछ को विजयी जुलूस निकालते और कुछ की खिड़कियों के पीछे खड़े पस्त भाव से उन्हें निहारने की छवि किसी संवेदनशील राष्ट्रभक्त को झकझोरेगी ही।

इतिहास का एक दुखद अध्याय जरूर खत्म हुआ, पर हमारा इतिहास तो यहीं खत्म नहीं होता। वर्ष बीस सौ सैंतालीस तक एक विकसित राष्ट्र बनने के अपने घोषित लक्ष्य को हासिल करने के लिए जरूरी है कि हम सांप्रदायिकता की संकुचित सोच से बाहर निकलकर एक प्रगतिशील और वैज्ञानिक समाज बनाने की दिशा में काम करें। बाबरी मस्जिद के अलावा भी बहुत से मतभेद के बिंदु हैं और उनमें से कई में हिंसा भड़काने का सामर्थ्य है। हमें मिल-बैठकर फैसला करना होगा कि क्या हम उन पर लड़ते रहेंगे या बीच का रास्ता तलाशते हुए देश को एक मजबूत अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में काम करेंगे? हमारे पास संसद में पारित एक कानून भी मौजूद है, जिसमें राम जन्मभूमि के अलावा आजादी के समय के किसी भी धर्मस्थल के साथ छेड़छाड़ न करने की व्यवस्था है। एक बार धार्मिक स्थलों पर आश्वस्त मुस्लिम समाज के प्रगतिशील तबकों को महिला हितैषी समान नागरिक संहिता के लिए भी लामबंद किया जा सकता है। उत्तराखंड में यूसीसी का जो ड्राफ्ट पेश किया गया है, कट्टरपंथी उसका डटकर विरोध करेंगे, क्योंकि उसमें विवाह, तलाक या उत्तराधिकार के मसलों पर स्त्रियों को पुरुषों के बराबर अधिकार दिए गए हैं। मुस्लिम स्त्रियां या उदार उलेमा इसका समर्थन कर सकते हैं, बशर्ते कि बहुसंख्यक हिंदू समाज इसे एक बार फिर हार-जीत का प्रश्न न बनाए।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

# सऊदी अरब में भी महिलाओं के हक में बहने लगी हवा



यहां स्कैन करें

निष्ठा गौतम | वरिष्ठ पत्रकार

किसी खिली चांदनी रात में एक ऐसे स्विमिंग पूल की कल्पना कीजिए, जिसके पानी का तापमान नहाने के बिल्कुल अनुकूल हो और बगल की रेतीली जमीन पर प्रागैतिहासिक कालीन पहाड़ियों की छाया पड़ रही हो, जिससे वह पूल एक आरामदायक कोकून जैसा बन जाता हो। इस पूल से दो युवक तैरकर बाहर निकलते हैं और पानी में डूबे बिस्तरों पर लेट जाते हैं, तभी काली-गुलाबी बिकनी में एक औरत पानी में छलांग लगाती है। वे एक-दूसरे का अभिवादन भी करते हैं। यह कोई असाधारण घटना नहीं है, लेकिन यह मंजर बहुत साधारण भी नहीं। बमुश्किल पांच साल पहले तक सऊदी अरब में किसी महिला को अपनी जुल्फें बाहर निकालने की हिम्मत नहीं होती थी, सार्वजनिक रूप से बिकनी पहनना तो बहुत दूर की बात है। भले ही, अल-उला शहर के इस स्विमिंग पूल के आसपास अबाया पहने कई महिलाएं दिख जाती हैं, लेकिन अब हवा का रुख बदल रहा है।

अल-उला सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के 'विजन 2030' के केंद्र में है। सऊदी सरकार का 'टॉप-डाउन' नजरिया (ऊपर से रिसकर विकास-कार्यों का नीचे तक आना) बेशक विवादास्पद हो सकता है, लेकिन यह दृष्टिकोण स्पष्ट और सराहनीय बदलाव ला रहा है। यह परिवर्तन सिर्फ पांच सितारा रिसॉर्ट्स तक सीमित नहीं है। कई लोग जेद्दा के पुराने दिनों को याद कर सकते हैं, जब महिलाएं दिखती तक नहीं थीं। मगर अब अप्रवसान डेस्क से लेकर बिक्री काउंटर तक हर जगह औरतें नजर आती हैं। उन्हें महरम पुरुषों (जिन मर्दों से औरतों को शादी करने की अनुमति नहीं होती) द्वारा नियंत्रित नहीं किया जाता है और न मुतावा (मजहबी पुलिस) अब दिखती है। साफ है, सऊदी अरब उन्मुक्तता को बढ़ावा दे रहा है और अल-उला को इसकी सामाजिक प्रयोगशाला कह सकते हैं।

**इस शहर के तमाम रिसॉर्ट्स अब भरे होते हैं, जिनमें सुबह में सूर्य नमस्कार, तो देर शाम बौद्ध धर्म का ध्यान कराया जाता है।**

कहा जाता है कि कभी यह शहर शापित था, क्योंकि यहां के लोग चेतावनियों को नजरंदाज करते हुए बुतों की पूजा किया करते थे, जिसके कारण इस पर आसमानी बिजली गिरी। मगर अब यहां हर जगह मूर्तियां दिखती हैं। यहां की प्रागैतिहासिक चट्टानों में लौह युग की कब्रें हैं, जिनका अध्ययन मानव इतिहास के बारे में जानकारी जुटाने के लिए किया जा रहा है। यहां इस्लाम-पूर्व की जीवनशैली की झलक देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को दिखाई जा रही है। यहां के पत्थरों में इतिहास, रेगिस्तान में कला, बाजार में तमाम तरह की खाने-पीने की चीजें, और रिसॉर्ट्स में महंगे गैर-प्राकृतिक उत्पाद मौजूद हैं। जाहिर है, एक ऐसे देश के लिए, जो जीवाश्म ईंधन और मजहबी यात्रा पर फलता-फूलता रहा हो, यह विश्वास की एक लंबी छलांग है। इसका असर भी खूब दिख रहा है। अब यहां के तमाम रिसॉर्ट्स भरे होते हैं, जिनमें सुबह में सूर्य नमस्कार, तो देर शाम बौद्ध धर्म का ध्यान कराया जाता है और ये सभी काम महिलाएं कराती हैं।

इसकी पुरातात्विक खोजों में छात्राएं शामिल हो सकें, इसके लिए विदेश में प्रशिक्षण की खातिर उनको छात्रवृत्ति दी जा रही है। ऐसा लगता है कि क्राउन प्रिंस ने अपनी शर्तों पर 'सऊदी स्प्रिंग' लाने का फैसला कर लिया है। अभिव्यक्ति की आजादी को लेकर जरूर कुछ कहा जा सकता है, लेकिन पूर्णता पर जोर अक्सर अच्छे सुधारों के क्रियान्वयन को रोकता है। इसलिए एक समय में एक कदम, और जब यह कदम महिलाओं को मुख्यधारा में लाने की दिशा में उठाया जा रहा है, तो निश्चय ही यह स्वागत के योग्य है।

बीते हफ्ते से गैर-मुस्लिम विदेशी राजनयिक रियाद के विशेष स्टोर से शराब खरीद सकते हैं। यह कोई छोटा बदलाव नहीं है, क्योंकि यह व्यक्तिगत पसंद के अधिकार की रक्षा करता है। इस बदलाव का मकसद वैश्विक प्रक्रियाओं में भागीदारी बढ़ाना है। सऊदी अरब यह समझने के लिए संयुक्त अरब अमीरात के रास्ते पर चल पड़ा है कि तेल और मजहब पर्याप्त नहीं है। पारंपरिक सोच रखने वालों के लिए भले ही अल-उला एक शापित शहर हो, पर अब वे इसको नजरंदाज भी नहीं कर सकते। मदीना क्षेत्र का एक उत्साही गाइड हंसते हुए कहता है, अब हमारे पास ताकत है, आपको यदि यह पसंद नहीं, तो यह आपकी समस्या है। निस्संदेह, यह हंसी अब सऊदी अरब का सबसे बड़ा पर्यटक आकर्षण है।

(ये लेखिका के अपने विचार हैं)

मनसा वाचा कर्मणा

# आपने खुद को कितना जाना

जीवन का अंतिम लक्ष्य क्या है? इन तमाम अस्त-व्यस्तताओं, युद्धों, राष्ट्रों के बीच संघर्षों और कलह का अर्थ क्या है? इन सबको जानने से पहले अपने आपको जानना जरूरी है। यह बड़ा सरल प्रतीत होता है, पर है अत्यंत दुष्कर! हमारे भीतर विचार-प्रक्रिया कैसे कार्य करती है, इसको देखने के लिए व्यक्ति को असाधारण रूप से सजग बनना होगा। व्यक्ति जैसे-जैसे अपने सोच-विचार व भावों की जटिलता के प्रति सतर्क होता जाएगा, वैस-वैसे उसकी सजगता अपने प्रति ही नहीं, खुद से जुड़े हुए लोगों के प्रति भी बढ़ती जाएगी।

अपने को जानने का अर्थ है, समस्त क्रिया-कलापों के दौरान खुद का अध्ययन! मगर हम सब इतने अधीर हैं कि बस आगे बढ़ जाना चाहते हैं; हर लक्ष्य को बस हासिल कर लेना चाहते हैं, और इसीलिए हमारे पास अध्ययन-निरीक्षण के लिए न तो समय है, न ही अवसर। इसके विकल्प के तौर पर हमने विविध गतिविधियों की, जीविकोपार्जन की, बच्चों के पालन-पोषण आदि की जिम्मेदारी ले ली है या फिर विभिन्न संगठनों के दायित्वों को ओढ़ लिया है; तमाम तरह की जिम्मेदारियों का ऐसा बोझ अपने सिर पर सवार कर लिया है कि सोचने-विचारने, आत्म-निरीक्षण और अध्ययन के लिए हमें समय ही नहीं मिलता। अतः वास्तव में प्रतिक्रिया का दायित्व हमारे ही ऊपर है, किसी अन्य पर नहीं। पूरी दुनिया में तरह-तरह के गुरुओं और उनकी पद्धतियों की ऊहापोह, किसी विषय पर आधुनिकतम पुस्तक का अध्ययन मुझे खोखला प्रतीत होता है, क्योंकि चाहे आप सारे संसार में आप घूम लें, अंत में आपको आना अपने तक ही है। और चूंकि हममें से ज्यादातर व्यक्ति खुद से पूर्णतया अनभिज्ञ हैं, अतः अपनी विचार-प्रक्रिया, अपनी भावना और अपने कर्म को साफ-साफ देख पाना हमारे लिए अत्यधिक कठिन हो गया है।

याद रखिए, जितना अधिक आप अपने को जानेंगे, उतनी ही अधिक स्पष्टता होगी। स्वबोध का कोई अंत नहीं है, वह एक अनंत सरिता है। जैसे-जैसे व्यक्ति उसका अध्ययन करता है, उसमें प्रवेश करता जाता है, उसे शांति मिलती जाती है। जब मन किसी आरोपित

**जब मन किसी आरोपित अनुशासन के बजाय आत्म की समझ से ठहरा होता है, केवल तभी उस शांति में यथार्थ अभिव्यक्त हो सकता है। तभी आनंद, सर्जनात्मक कर्म भी संभव होता है।**

अनुशासन के बजाय आत्म की समझ से ठहरा होता है, केवल तभी उस शांति में, मौन में यथार्थ अभिव्यक्त हो सकता है; तभी आनंद, सर्जनात्मक कर्म भी संभव होता है। बिना इस बोध के सिर्फ पुस्तकें पढ़ना, वार्ताओं-सत्संगों में शामिल होने का कुछ भी मतलब नहीं है।

दूसरी ओर, यदि कोई व्यक्ति अपने आप को समझकर सर्जनात्मक आनंद का या ऐसी अनुभूति का एहसास कर लेता है, जो मन की उपज नहीं होती, तब उसके नजदीकी रिश्तों में और साथ ही साथ उस संसार में, जिसमें हम सब रहते हैं, रूपांतरण फलित होता है।

जे कृष्णमूर्ति

द्रौपदी मुर्मु | राष्ट्रपति, भारत



**कानूनों और अधिनियमों की अंतहीन जटिलताओं के बीच हमें अपने इस बुनियादी लक्ष्य को कभी नहीं भूलना चाहिए कि हमारा उद्देश्य मानव स्वभाव के बेहतर पक्ष का पता लगाना है।**

## आडवाणी भारत रत्न के सही दावेदार

लालकृष्ण आडवाणी उन चंद राजनेताओं में शुमार हैं, जो विचारधारा को जीने वालों में से एक हैं। आजकल ऐसा राजनेता मिलना बेहद मुश्किल है। बड़े-बड़े आदर्श व सिद्धांत बघारने वाले नेताओं की हमारे देश में कोई कमी नहीं, लेकिन आडवाणी ऐसे नहीं रहे हैं। भले उनकी विचारधारा से किसी की असहमति रही हो, लेकिन उन्होंने इसकी कभी परवाह नहीं की और वह अपने विचार पर कायम रहे। उन्होंने राम मंदिर के निर्माण का संकल्प लिया और उसे पूरा करने के लिए वह अथक प्रयास करते रहे। उसी का प्रतिफल है कि आज रामलला अपने यथास्थान पर पुनर्स्थापित हो पाए। भले ही यह सफलता कानूनी लड़ाई के जरिये मिली। वैसे एक बार उन पर भ्रष्टाचार का भी आरोप लगा, पर इससे बरी होने तक सक्रिय राजनीति से दूर रहने की जो उन्होंने मिसाल पेश की, वह मौजूदा परिदृश्य में अतुलनीय है। यद्यपि वह आरोप राजनीति से प्रेरित था। लिहाजा, ऐसे आदर्श मानकों को व्यावहारिक जीवन में उतारने वाले आडवाणी जी को भारत रत्न से नवाजने का मतलब साफ है कि लोक-जीवन में शुचिता का स्थान आज भी बरकरार है। उनके इस सम्मान को राजनीतिक चश्मे से देखना अन्याय के बराबर होगा।

मुकेश कुमार मनन, टिप्पणीकार

### एक युगद्रष्टा नायक

खुद के बोए बीज को अपने जीते जी वटवृक्ष बनते हुए देखना किसी-किसी के ही भाग्य में होता है। आडवाणी जी ऐसे ही लोगों में से एक हैं, जिन्होंने भाजपा को दो सांसदों वाली पार्टी से अपने दम पर 302 तक पहुंचते देखा, और आज यह पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन चुकी है। आडवाणी जी नींव का वह पत्थर भी हैं, जिनकी बुनियाद पर आज समस्त सनातनियों के आन, बान और शान का प्रतीक श्रीराम मंदिर गर्व से सीना ताने खड़ा है। उन्होंने मंडल की महीन तलवार से जातियों में बांट-छांट दिए हिंदू समाज को रामनामी धागे से कुशलतापूर्वक जोड़ा और उनको एकजुट किया। उन्होंने साजिश के तहत नख-दंत और श्रीहीन कर दिए गए हिंदू समाज को अपनी रथयात्रा के माध्यम से पुनः जागृत किया। हालांकि, जेहादी जिन्ना को सेक्युलर कहना, कांधार-कारगिल की असफलता और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व के लिए आसानी से तैयार न होना उनकी कुछ कमजोरियां रहीं, लेकिन कुछ आरोप तो देवों पर भी हैं, आडवाणी जी फिर भी इंसान हैं। वास्तव में, आडवाणी जी एक युगद्रष्टा, कुशल संगठनकर्ता, श्रेष्ठ गुरु, ईमानदार राष्ट्रवादी और देश के सच्चे रत्न हैं। उनको भारत रत्न मिलने की बहुत-बहुत बधाई।

आशा विनय सिंह बैस, टिप्पणीकार

अनुलोम-विलोम

आडवाणी को भारत रत्न



## इस चयन में झलक रही राजनीति

लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दिया जाना एक पूर्णतः राजनीतिक फैसला है। ऐसे समय में, जब देश में कट्टरता मुखर हो रही है, संविधान प्रदत्त व्यवस्था को धर्मनिरपेक्ष की जगह एक धर्म विशेष पर केंद्रित किया जा रहा है, तब 90 के दशक में रथयात्रा के जरिये पूरे देश में धार्मिक ध्रुवीकरण की राजनीति करने वाले लालकृष्ण आडवाणी को देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान देना एक राजनीतिक दल के विचार को देश की भावना के ऊपर स्थापित करने का प्रयास है। इतना ही नहीं, हम सबने देखा ही है कि कैसे आडवाणी की उनकी अपनी ही पार्टी की सरकार ने लगातार उपेक्षा की। उनकी बेचारगी कई सार्वजनिक आयोजनों में स्पष्टता से दिखी भी। गुजरात में उनकी संसदीय सीट से लोकसभा प्रत्याशी न बनाने के साथ-साथ उनके निकटस्थ सहयोगियों को धीरे-धीरे सत्ता और संगठन में हाशिये पर डाला गया। ऐसे में, जब आम चुनाव करीब है, तब लगता यही है कि पुराने काडर की उदासीनता व नाराजगी को दूर करने के लिए उनको भारत रत्न दिए जाने का फैसला किया गया है। पुराने लोग इसलिए भी नाराज थे, क्योंकि अयोध्या में प्रभु श्रीराम के मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा में उनको आने नहीं दिया गया, जबकि राम मंदिर को लेकर उनके आंदोलन को भला कौन भूल सकता है? इन सभी नकारात्मक चर्चाओं पर विराम लगाने और आम चुनाव को लेकर अपने कार्यकर्ताओं में जोश भरने के लिए ही यह एलान किया गया है।


बीते वर्षों में यह दिखा है कि सरकारी मशीनरी की कार्यशैली एक वर्ग विशेष की मान्यताओं को विशेष संरक्षण देने की है। इससे जहां एक ओर बहुसंख्यक समाज में अपने धार्मिक आयोजनों को लेकर उग्रता बढ़ी है, तो दूसरी ओर अन्य धार्मिक मान्यताओं के वर्गों में संविधान-प्रदत्त समानता के अधिकार को लेकर संशय बढ़ा है। दुर्भाग्य से, यह धारणा आडवाणी जी को भारत रत्न दिए जाने से और गहरी होती दिखती है। उनका पूरा जीवन सिर्फ एक ऐसे विचार के लिए समर्पित रहा, जो भारत की धर्मनिरपेक्ष भावना के ठीक उलट है। उनका संगठन शायद ही अन्य मान्यताओं वाले समूहों के साथ समावेशी व्यवहार का इच्छुक है। चूंकि आडवाणी का समावेशी व्यक्तित्व न होने के कारण वह देश के जनमानस में ग्राह्य नहीं हैं, इसलिए उनको भारत रत्न दिया जाना नागरिकों पर इस फैसले को थोपने जैसा है। आज जब विपरीत विचारों के बीच सहमति बनाने की जरूरत है, तब बतौर जिम्मेदार नागरिक लालकृष्ण आडवाणी को सर्वोच्च नागरिक सम्मान देने की शायद ही सराहना की जा सकती है।

मणेन्द्र मिश्रा 'मशाल', टिप्पणीकार


# मौन रहकर पार जाने का अवसर है मौनी अमावस्या

मौन रहकर साधना करने का दिन है—मौनी अमावस्या। लेकिन मौन रहने का अभ्यास करने और मौन होने में अंतर है। जिस दिन हम मन की अंतरतम गहराइयों में नि:शब्द होना सीख जाएंगे, उस दिन हमारे लिए मौन रहकर पार जाने का सुनहरा अवसर होगा

अध्यात्म



सद्गुरु



मौनी अमावस्या (9 फरवरी) पर विशेष

यौगिक परंपरा में कई अवसरों पर मौन धारण किया जाता है। इनमें से एक है– मौनी अमावस्या। मौन का अभ्यास करने और मौन होने में अंतर है। अस्तित्व की हर वह चीज जिसको पांचों इंद्रियों से महसूस किया जा सके, वह दरअसल ध्वनि की एक गूंज है। हर चीज जिसे देखा, सुना, सूंघा जा सके, जिसका स्वाद लिया जा सके या जिसे स्पर्श किया जा सके, ध्वनि या नाद का एक खेल है।

मनुष्य का शरीर और मन भी एक प्रतिध्वनि या कंपन ही है। लेकिन शरीर और मन अपने आप में सब कुछ नहीं हैं। वे तो बस एक बड़ी संभावना की ऊपरी परतभर हैं। वे एक दरवाजे की तरह हैं। बहुत से लोग ऊपरी परत के नीचे नहीं देखते, वे दरवाजे की चौखट पर बैठकर पूरी जिंदगी बिता देते हैं। लेकिन दरवाजा अंदर जाने के लिए होता है। इस दरवाजे के आगे जो चीज है, उसका अनुभव करने के लिए चुप रहने का अभ्यास ही मौन कहलाता है।

अंग्रेजी शब्द 'साइलेंस' बहुत कुछ नहीं बता पाता है। संस्कृत में 'मौन' और 'निःशब्द' दो महत्वपूर्ण शब्द हैं। मौन का अर्थ आम भाषा में चुप रहना होता है– यानी आप कुछ बोलते नहीं हैं। 'निःशब्द' का मतलब है, जहां शब्द या ध्वनि नहीं है– शरीर, मन और सारी सृष्टि के परे। ध्वनि के परे का मतलब ध्वनि की गैरमौजूदगी नहीं, बल्कि ध्वनि से आगे जाना है।

यह एक वैज्ञानिक तथ्य है कि पूरा अस्तित्व ही ऊर्जा की एक प्रतिध्वनि या कंपन है। इनसान हर कंपन को ध्वनि के रूप में महसूस कर पाता है। सृष्टि के हर रूप के साथ एक खास ध्वनि जुड़ी होती है। ध्वनियों के इस जटिल संगम को ही हम सृष्टि के रूप में महसूस कर रहे हैं। सभी ध्वनियों का आधार 'निःशब्द' है। सृष्टि के किसी अंश का सृष्टि के स्रोत में रूपांतरित होने की कोशिश ही मौन है। निःशब्द का मतलब है– शून्यता।

ध्वनि सतह पर होती है, मौन अंतरतम में होता है। अंतरतम में ध्वनि बिल्कुल नहीं होती है। ध्वनि की अनुपस्थिति का मतलब कंपन और गूंज, जीवन और मृत्यु, यानी पूरी सृष्टि की अनुपस्थिति। अनुभव में सृष्टि के अनुपस्थित होने का मतलब है– सृष्टि के स्रोत की व्यापक मौजूदगी की ओर बढ़ना। इसलिए, ऐसा स्थान जो सृष्टि के परे हो, ऐसा आयाम जो जीवन और मृत्यु के परे हो, मौन या निःशब्द कहलाता है। इनसान इसे कर नहीं सकता, इसे सिर्फ हुआ जा सकता है।

इसी प्रकार मौन का अभ्यास करने और मौन होने में अंतर है। अगर आप किसी चीज का अभ्यास कर रहे हैं, तो निश्चित रूप से आप वह नहीं हैं। अगर आप पूरी जागरूकता के साथ मौन में प्रवेश करने की चेष्टा करते हैं तो आपके मौन होने की संभावना बनती है।

मौनी अमावस्या शरद-संक्रांति के बाद की दूसरी या महाशिवरात्रि से पहले की अमावस्या होती है। यह बात हमारे देश के किसान भी जानते हैं कि अमावस्या के दौरान बीजों का अंकुरण और पौधों का विकास मंद हो जाता है। किसी पौधे के रस को ऊपर तक पहुंचने में बहुत मुश्किल होती है और यही सीधी रीढ़ वाले इनसान के साथ भी होता है। खासतौर पर इन तीन महीनों के दौरान, संक्रांति से लेकर महाशिवरात्रि तक, उत्तरायण के पहले चरण में, जीरो डिग्री से तैंतीस डिग्री उत्तर तक के अक्षांश में, पूर्णिमा और अमावस्या दोनों का असर बढ़ जाता है।

यौगिक परंपराओं में प्रकृति से मिलने वाली इस सहायता का लाभ उठाने के लिए बहुत-सी प्रक्रियाएं हैं। इनमें से एक है– मौनी अमावस्या से लेकर महाशिवरात्रि तक मौन रखना। उस साल इसका महत्व बढ़ जाता है, जब यह बारह वर्ष के सौर-चक्र को पूरा कर रहा हो और तब सभी जल राशियों और जल के भंवरों पर इसका काफी प्रभाव होता है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि हमारा शरीर हमारे लिए सबसे घनिष्ठ और आत्मीय जल-भंडार है, क्योंकि इसमें 70 फीसदी पानी है।

इनसानी अनुभव में समय की धारणा बुनियादी रूप से सूर्य और चंद्रमा की गति से ही आई है। यह चुनाव हमें खुद करना है कि हम काल-चक्र की सवारी करें या काल के अंतहीन चक्रों में फंसे रहें। यह समय और यह दिन सबके परे जाने का एक अनुपम अवसर प्रदान करता है।

आस्था-अनास्था

समीर उपाध्याय ज्योतिर्विद्

# मंगल : कुछ का बढ़ाएंगे पराक्रम, कुछ रहें सजग

**मंगल ग्रह के मकर राशि में आने पर बारह राशियों पर क्या प्रभाव होंगे?**

–प्रगतिशील शर्मा, पटना (बिहार)



**मंगल** ग्रह 5 फरवरी, 2024 को रात्रि 09.56 मिनट पर मकर राशि में प्रवेश कर चुके हैं। यह 15 मार्च, 2024 को सायं 06.22 मिनट तक मकर राशि में रहेंगे। मकर के मंगल का सभी राशियों पर प्रभाव :

**मेष :** कार्यक्षेत्र में तरक्की। आर्थिक लाभ। चल-अचल संपत्ति की खरीद-बिक्री। अतिरिक्त कार्य प्रभार। युवाओं को लाभ।

**वृष :** भाग्य का साथ। घर में मांगलिक कार्य। निर्माण एवं मरम्मत कार्य पर खर्च। चल संपत्ति बढ़ेगी।

**मिथुन :** थोड़ा संघर्ष के बाद लाभ। नई खरीदारी। आमदनी में वृद्धि। यात्रा में स्वयं ड्राइव से परहेज करें।

**कर्क :** जीवनसाथी, साझेदारी में संघर्ष। कार्यक्षेत्र में तरक्की। थोड़ी पारिवारिक अशांति बढ़ेगी।

**सिंह :** विवाद, प्रतिस्पर्धा में सफलता। नए कार्य में पूंजी निवेश। स्वभाव में उग्रता से संबंधों में कहा-सुनी संभव।

**कन्या :** छात्रों के लिए बेहतर। पराक्रम बढ़ेगा। अतिरिक्त श्रम एवं प्रयास से कुछ रुके काम बनेंगे।

**तुला :** अचल संपत्ति की खरीदारी। कार्यक्षेत्र में तरक्की। व्यक्तिगत मामलों में संघर्ष का सामना।

**वृश्चिक :** आत्मविश्वास एवं पराक्रम बढ़ेगा। विवादित मामले में सफलता। कार्यस्थल में लाभकारी परिवर्तन।

**धनु :** आर्थिक लाभ। धन संचय। नए कार्य में पूंजी निवेश। वाणी में कड़वेपन की वजह से रिश्तो में दूरी बढ़ेगी।

**मकर :** आत्मविश्वास, पराक्रम, मान-सम्मान बढ़ेगा। चल-अचल संपत्ति में निवेश। नए संबंध-संपर्क बनेंगे। विवादित मामलों में सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** कानूनी विवाद, स्वास्थ्य पर खर्च की अधिकता। चिकित्सा, अनुसंधान, शासन-प्रशासन, परिवहन तथा आयात-निर्यात से जुड़े लोगों को अत्यंत शुभ फल मिलेंगे। विरोधी परास्त होंगे।

**मीन :** बड़ा आर्थिक लाभ। आमदनी के नए स्रोत की प्राप्ति। कुछ महत्वपूर्ण रुके कार्य बनेंगे।

**अशुभ प्रभाव से बचने के उपाय :**

- किसी जरूरतमंद को लाल वस्त्र, लाल फल या रक्तदान करें।
- अपने खाने में गुड़, मसूर की दाल, गाजर, चुकंदर, अनार इत्यादि लाल खाद्य पदार्थ का सेवन करें।
- हनुमान जी को लाल फूल अर्पित कर, बेसन के लड्डू तथा पंचामृत का भोग लगाकर हनुमान चालीसा या सुंदरकांड का पाठ करें।
- परिवार में अपने छोटे भाई-बहन या उनके समकक्ष लोगों की हमेशा मदद करें।

## भेजें अपने सवाल


### स्वर्ग-नरक की कल्पना का आधार क्या है?

पाप क्या है, पुण्य क्या है? धर्म क्या है, अधर्म क्या है? ईश्वर की आराधना कैसे करें? ऐसे सवाल अकसर हमारे मन में उठते हैं, पर इनका जवाब हमारे पास नहीं होता। मन-मस्तिष्क में आने वाले ऐसे ही सवालों के जवाब हमारे पैनल में शामिल धर्माचार्य आपको देंगे।


**अपने सवाल हमें इस पते पर भेजें- धर्मक्षेत्र, हिन्दुस्तान, आकृति बिल्डिंग, सी-164, सेक्टर-63, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर-201301 (उत्तर प्रदेश)**

ऋषभ देव निर्वाण दिवस (9 फरवरी) पर विशेष

# जब राजा ऋषभदेव ने संन्यास धारण कर 'केवलज्ञान' को प्राप्त किया



आचार्य विद्यासागर



**भोगभूमि** का अवसान हो रहा था और कर्मभूमि का प्रारंभ। उसी समय बालक ऋषभ का जन्म अयोध्या में हुआ। उनके पिता राजा नाभिराय एवं माता रानी मरूदेवी थीं। पहले भोगभूमि में भोग सामग्री कल्पवृक्षों से मिलती थी। कर्मभूमि प्रारंभ होते ही कल्पवृक्षों ने भोग सामग्री देना बंद कर दिया था, जिससे जनता में त्राहि-त्राहि मच गई। सारे मानव इस समस्या को लेकर राजा नाभिराय के पास पहुंचे। राजा नाभिराय ने कहा इसका समाधान अवधिज्ञानी राजकुमार ऋषभदेव करेंगे। राजकुमार ऋषभदेव ने दुखी जनता को देखकर आजीविका चलाने के लिए षट्कर्म का उपदेश दिया। ये हैं–असि, मसि, कृषि, विद्या, शिल्प, वाणिज्य।

कुछ समय के पश्चात पिता ने समय देखकर राजकुमार ऋषभदेव का राज तिलक कर दिया। एक समय राजा ऋषभदेव अपने राजदरबार में स्वर्ग की अप्सरा नीलांजना का नृत्य देख रहे थे कि उसका अचानक मरण हो गया। इंद्र ने तुरंत दूसरी अप्सरा भेजी, किंतु राजा ऋषभदेव ने अवधिज्ञान से जान लिया कि प्रथम अप्सरा का मरण हो गया है। इससे उन्हें वैराग्य हो गया और राजपाट भरत-बाहुबली को देकर, दिगंबरी दीक्षा धारण कर ली। छह माह का उपवास किया। जब वे पारणा (आहार) करने निकले, तब कोई भी श्रावक नवधा भक्ति नहीं जानता था। अतः 7 माह 9 दिन के उपवास और हो गए। विहार करते-करते एक दिन मुनि ऋषभदेव का हस्तिनापुर में आगमन हुआ। मुनि ऋषभदेव का दर्शन करते ही राजा श्रेयांस को जाति स्मरण हो गया कि पिछले आठवें भव में मैंने चारण ऋद्धिधारी मुनिराज को नवधा भक्तिपूर्वक आहार दान दिया था। इसी नवधा भक्ति के न मिलने से ऋषभदेव मुनिराज का आहार नहीं हो पा रहा है। फिर क्या था। जब ऋषभदेव मुनि आहार को निकले तो राजा श्रेयांस एवं राजा सोम ने प्रथम तीर्थंकर की प्रथम पारणा वैशाख शुक्ल तीज के दिन कराई।

एक हजार वर्ष तपस्या करने के बाद मुनि ऋषभदेव को 'केवलज्ञान' की प्राप्ति हुई और समवसरण में दिव्य ध्वनि द्वारा धर्म उपदेश दिया। कालांतर में आयु के चौदह दिन शेष रहने पर वे समवसरण को छोड़कर कैलास पर्वत पर चले गए। वहां योग निरोध किया और माघ कृष्ण चतुर्दशी को सिद्ध गति अर्थात निर्वाण प्राप्त किया।

## सप्ताह के व्रत-त्योहार 06 फरवरी से 12 फरवरी 2024

**06 फरवरी (मंगलवार) :** माघ कृष्ण एकादशी सायं 04.08 मिनट तक। षट्तिला एकादशी। गंडमूल रात्रि 06.27 मिनट (सूर्योदय पूर्व) तक।

**07 फरवरी (बुधवार) :** माघ कृष्ण द्वादशी दोपहर 02.02 मिनट तक। प्रदोष व्रत। तिल द्वादशी।

**08 फरवरी (गुरुवार) :** माघ कृष्ण त्रयोदशी प्रातः 11.18 मिनट तक। भद्रा प्रातः 11.18 मिनट से रात्रि 09.41 मिनट तक। मास शिवरात्रि व्रत।

**09 फरवरी (शुक्रवार) :** माघ कृष्ण चतुर्दशी प्रातः 08.03 मिनट तक। पश्चात अमावस्या (मौनी) रात्रि 04.29 मिनट तक। अमावस तिथि का क्षय।

**10 फरवरी (शनिवार) :** माघ शुक्ल प्रतिपदा रात्रि 12.48 मिनट तक। पंचक प्रारंभ प्रातः 10.02 मिनट से। गुप्त नवरात्र प्रारंभ। माघ शुक्ल पक्ष प्रारंभ।


**11 फरवरी (रविवार) :** माघ शुक्ल द्वितीया रात्रि 09.10 मिनट तक। पंचक। चंद्र दर्शन।

**12 फरवरी (सोमवार) :** माघ शुक्ल तृतीया सायं 05.45 मिनट तक। पंचक। भद्रा रात्रि 04.14 मिनट से। गौरी तृतीया व्रत। श्री गणेश तिल चतुर्थी वरद्-कुंद चतुर्थी।

पं. ऋभुकांत गोस्वामी

# दस महाविद्याओं की आराधना के दिन हैं गुप्त नवरात्र

गुप्त नवरात्र (10 फरवरी से 19 फरवरी) पर विशेष



**साल** में चार नवरात्र– माघ, चैत्र, आषाढ़ और अश्विन में आते हैं। इनमें माघ और आषाढ़ में आने वाले नवरात्र को 'गुप्त' नवरात्र कहते हैं। गुप्त नवरात्र में दस महाविद्याओं की पूजा का विधान है। ये दस महाविद्याएं– मां काली, तारा, त्रिपुर सुंदरी, भुवनेश्वरी, छिन्नमस्ता, त्रिपुर भैरवी, धूमावती, बगलामुखी, मातंगी और कमला देवी हैं। ये दस महाविद्याएं दस रुद्रावतारों की शक्तियां हैं।

**मां काली :** मां काली रुद्रावतार महाकालेश्वर की शक्ति हैं। इनकी साधना से विरोधियों पर विजय प्राप्ति होती है।

**मां तारा :** तारकेश्वर रुद्र की शक्ति मां तारा की सबसे पहले उपासना महर्षि वसिष्ठ ने की थी। इन्हें तांत्रिकों की देवी माना गया है। इनकी उपासना से आर्थिक उन्नति और मोक्ष की प्राप्ति होती है।

**मां त्रिपुर सुंदरी :** षोडेश्वर रुद्रावतार की शक्ति को ललिता या राज राजेश्वरी भी कहा जाता है। इनकी पूजा से धन, ऐश्वर्य, भोग और मोक्ष की प्राप्ति होती है।

**मां भुवनेश्वरी :** ये भुवनेश्वर रुद्र की शक्ति हैं। इनकी साधना से संतान सुख की प्राप्ति होती है।

**मां छिन्नमस्ता :** छिन्नमस्तक रुद्र की शक्ति मां छिन्नमस्ता की साधना से सभी चिंताएं दूर होती हैं और समस्त कामनाएं पूरी होती हैं।

**मां त्रिपुर भैरवी :** रुद्र भैरवनाथ की शक्ति हैं। इनकी साधना से जीव बंधनों से मुक्त हो जाता है।

**मां धूमावती :** धूमेश्वर रुद्र की शक्ति हैं। इनकी आराधना से सभी संकट दूर होते हैं। इनकी पूजा विवाहिता नहीं बल्कि विधवा स्त्रियां करती हैं।

**मां बगलामुखी :** बगलेश्वर रुद्र की शक्ति मां बगलामुखी की साधना से मनुष्यों को भय से मुक्ति और वाक् सिद्धि प्राप्त होती है।

**मां मातंगी :** मतंगेश्वर रुद्र की शक्ति हैं। इनकी उपासना से गृहस्थ जीवन में खुशहाली आती है।

**मां कमला :** कमलेश्वर रुद्र की शक्ति हैं। इनकी कृपा से मनुष्य को धन-संतान की प्राप्ति होती है।

गुप्त नवरात्र की महिमा को आम लोगों तक ऋषि शृंगी ने पहुंचाया था। एक दिन ऋषि शृंगी अपने भक्तों के साथ आश्रम में बैठे धर्म चर्चा कर रहे थे। चर्चा समाप्त होने के पश्चात एक महिला उनके पास आई और दुखी होकर कहा कि उसका पति अनीतिपूर्ण कार्य करता है। बार-बार समझाने पर भी उसमें कोई परिवर्तन नहीं आ रहा है। इस वजह से घर में कलह रहती है और पूजा-पाठ भी नहीं हो पाता है। कृपा कर कोई ऐसा उपाय बताएं, जिससे शीघ्र ही उनके व्यसन दूर हो जाएं। तब ऋषि शृंगी ने उस महिला को गुप्त नवरात्र की महिमा बताते हुए दस महाविद्याओं की उपासना करने को कहा और कहा कि यह उपासना शीघ्र फलदायी है। इससे उसे अवश्य लाभ होगा। तभी से गृहस्थ लोगों में भी गुप्त नवरात्र प्रचलित हुए। इस नवरात्र की साधना को गुप्त रखा जाता है इसलिए इसे गुप्त नवरात्र कहा जाता है।

अश्वनी कुमार

## रोजनामचा



पं. राघवेन्द्र शर्मा
ज्योतिषाचार्य

स्कैन करें
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

**मेष :** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। परंतु मन परेशान भी हो सकता है। माता की सेहत का ध्यान रखें। परिवार का साथ मिलेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**वृष :** मन शांत रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों में सुधार होगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मिथुन :** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार का साथ मिलेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है।

**कर्क :** मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों में सुधार होगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम भी अधिक रहेगा। कारोबार के लिए यात्रा पर भी जा सकते हैं।

**सिंह :** कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। संतान की ओर से सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कन्या :** मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** वाणी में मधुरता रहेगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में परिवर्तन की संभावना बन रही है। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**वृश्चिक :** मन प्रसन्न रहेगा। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**धनु :** मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है।

**मकर :** आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परंतु मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में सुधार होगा।

**कुंभ :** आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परंतु मन अशांत भी हो सकता है। किसी रुके हुए धन की प्राप्ति हो सकती है। शैक्षिक कार्यों के प्रति सचेत रहें। खर्च बढ़ेंगे।

**मीन :** मन अशांत रहेगा। संयत रहें। वाहन सुख में वृद्धि होगी। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में सुधार होगा। लाभ के अवसर भी मिलेंगे।

### व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋभुकांत गोस्वामी

**06 फरवरी,** मंगलवार, 17 माघ (सौर) शक संवत् 1945, 24 माघ मास प्रविष्टे (पंजाब पंचांग) 2080, 25, रज्जब सन् 1445, माघ कृष्ण एकादशी (विक्रमी संवत्) सायं 04.08 मिनट तक। हर्ष योग रात्रि 06.09 मिनट (सूर्योदय पूर्व) तक तदनंतर वज्र योग, बालव करण, चंद्रमा वृश्चिक राशि में प्रातः 07.35 मिनट तक उपरांत धनु राशि में।

सूर्य उत्तरायण। सूर्य दक्षिण गोल। शरद् ऋतु। अपराह्न 03 बजे से सायं 04.30 मिनट तक राहुकालम्। षट्तिला एकादशी। गंडमूल रात्रि 06.27 मिनट (सूर्योदय पूर्व) तक।


### वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

**क्या गरीब व्यक्ति वास्तु शास्त्र का लाभ नहीं ले सकते?** –रामेश्वर, नोएडा

वास्तु शास्त्र का लाभ कोई भी उठा सकता है और आप भी इसका लाभ ले सकते हैं। इसके लिए आप नीचे दिए सुझावों पर अमल करें–

- घर में जाले न लगने दें।
- सामर्थ्यानुसार नियमित पेंट कराएं।
- अपनी खिड़कियों को खोलकर रखें।
- अपने धर्म के अनुसार कोई मंत्र अथवा पवित्र संगीत चलाएं।
- अपने भवन को साफ-सुथरा रखें। कही भी कबाड़ इकट्ठा न होने दें।

### वर्ग पहेली : 7505



**बाएं से दाएं**

1. धमकी देना; भय दिखाना; डराना; डांटना-घुड़कना (4)
5. अनुभव प्राप्त होना; वृद्ध होना (2,3)
6. चलते हुए काम में रुकावट डालना; अड़चन डालना; अवरोध उत्पन्न करना; विघ्न डालना; रोकना (3,3)
9. परिश्रम; मेहनत; विभिन्न शारीरिक क्रियाएं; व्यायाम (4)
10. चमचमाता; चमचमाने वाला (4)
13. मामला आगे चलाना; बात चलाना (2,4)
14. आक्रमण करना; आघात करना; प्रहार करना; दुखी करना; व्यथित करना (2,3)
15. बारातियों के ठहरने का स्थान; बारातघर (4)

**ऊपर से नीचे**

2. अभिभूत करना; तर्क सिद्ध बात से सहमत करना; निरुत्तर करना; स्वीकार कराना (3,3)
3. दग्ध होना; आग लगना; ईर्ष्या करना (3)
4. बेचैन; व्याकुल; हतोत्साह (3)
5. अबोध; पुत्र; बच्चा; लड़का (3)
6. बुरा लगना; खलना; डर लगना (4)
7. दुर्गम स्थिति का; संकट काल का (6)
8. चकित हो जाना; भ्रमित होना; चक्कर खाना (4)
11. ज्ञान; बुद्धि; संज्ञा; स्मृति; होश में आना (3)
12. चिह्न दूर होना; लुप्त होना; साफ होना (3)
13. मकान के प्रवेश द्वार के ऊपर बनाया गया बरामदा (3)

हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली
(उत्तर अगले अंक में)

### वर्ग पहेली 7504 का उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 स | 2 म | सा | 3 म | यि | 4 क | ■ | 5 द |
| 6 श | ह | द | ■ | हो | ■ | म | ■ | र्द |
| ■ | ना | ■ | 7 वा | द | क | र | वा | ना |
| 8 मा | य | 9 का | ■ | य | ■ | क | ■ | क |
| ■ | 10 क | न | क | ■ | 11 ती | स | 12 रा | ■ |
| 13 आ | ■ | प | ■ | 14 सा | ■ | 15 ना | ह | क |
| 16 च | म | क | द | म | क | ■ | ब | ■ |
| म | ■ | ड़ | ■ | रि | ■ | 17 से | ना | ना |
| न | ■ | 18 ना | गा | क | र | वा | ना | ■ |

### सुडोकू : 7489

* आसान

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 3 | | | | | | 4 | 9 |
| 7 | 9 | | | 5 | | | 1 | 3 |
| | | 5 | | | | 8 | | |
| | 8 | | 9 | | 2 | | 7 | |
| | | | 4 | | 8 | | | |
| | 6 | | 5 | | 3 | | 8 | |
| | | 4 | | | | 7 | | |
| 9 | 2 | | | 8 | | | 3 | 1 |
| 3 | 7 | | | | | | 6 | 5 |

**खेलने का तरीका :** दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

### हल : सुडोकू नं.7488

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 2 | 3 | 7 | 9 | 5 | 1 | 4 |
| 7 | 1 | 5 | 8 | 2 | 4 | 6 | 9 | 3 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 5 | 8 | 7 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 3 | 1 | 9 | 6 | 7 |
| 6 | 7 | 1 | 9 | 4 | 2 | 3 | 5 | 8 |
| 9 | 5 | 3 | 7 | 8 | 6 | 2 | 4 | 1 |
| 1 | 4 | 6 | 2 | 5 | 8 | 7 | 3 | 9 |
| 2 | 3 | 9 | 6 | 1 | 7 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 8 | 7 | 4 | 9 | 3 | 1 | 2 | 6 |

# झारखंड में आदिवासी मुख्यमंत्री भाजपा को अस्वीकार्य : राहुल

भारत जोड़ो न्याय यात्रा 23वां दिन

- विपक्ष के एकजुट होने की वजह से नहीं हारे
- कहा-ये हर प्रदेश में ऐसी कोशिश करते हैं

**रांची, हिन्दुस्तान ब्यूरो ।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा कारवां सोमवार को रांची पहुंचा। धुर्वा स्थित शहीद मैदान में आयोजित सभा में राहुल गांधी ने कहा कि झारखंड में भाजपा आदिवासी मुख्यमंत्री स्वीकार नहीं कर सकती है। यही कारण था कि एक आदिवासी मुख्यमंत्री की सरकार को हटाने की कोशिश की।

कांग्रेस, झामुमो, सब मिलकर इनके सामने खड़े हो गए और सरकार बच गई। इसके लिए वे सरकार व विधायकों को बधाई देते हैं। भाजपा और आरएसएस के साजिश को रोका और गरीबों की सरकार की रक्षा की। ये लोग हर प्रदेश में ऐसा करते हैं। जहां भी उन्हें मौका मिले वहां सीबीआई, ईडी, आईटी का प्रयोग करके या पैसा देकर यही काम करते हैं।

**आज ओडिशा में प्रवेश :** राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा छह फरवरी को ओडिशा में प्रवेश करेगी। इसकी तैयारियां पूरी कर ली हैं।



रामगढ़ में सोमवार को भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी कोयला ले जा रहे युवा से मिले। उन्होंने 200 किलो कोयले से लदी साइकिल चलाई।

### 50% आरक्षण सीमा करेंगे खत्म, जातीय गणना कराएंगे

राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस व इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो 50 फीसदी आरक्षण की लिमिट को उखाड़ कर फेंक देंगे। देश में आदिवासी-दलित के आरक्षण में कमी नहीं आएगी। पिछड़ों को भी उनका हक मिले यह भी सुनिश्चित करेंगे। वहीं, पूरे देश में जातिगत जनगणना कराएंगे। आदिवासी, दलित, पिछड़े, सामान्य, अल्पसंख्यक वर्ग के कितने लोग हैं, उसकी सही संख्या पता लगाएंगे। राहुल ने कहा कि एचईसी के खिलाफ अन्याय हो रहा है। इसका धीरे-धीरे गला घोंटा जा रहा है। एचईसी के नाम से साथ अडानी नहीं जुड़ने देंगे।

ईडी अधिकारियों के साथ विधानसभा पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री

# राजभवन मेरी गिरफ्तारी में शामिल : हेमंत सोरेन

झारखंड

**रांची, हिन्दुस्तान ब्यूरो।** पूर्व सीएम हेमंत सोरेन ने अपनी गिरफ्तारी को लेकर विधानसभा में कहा कि 31 जनवरी की काली रात का काला अध्याय देश के लोकतंत्र में नए तरीके से जुड़ा है। देश में पहली बार किसी मुख्यमंत्री या पूर्व मुख्यमंत्री या किसी व्यक्ति की राजभवन के अंदर गिरफ्तारी हुई है।

सोरेन ने कहा कि ये पहली घटना है। इस घटना को अंजाम देने में कहीं न कहीं राजभवन भी शामिल रहा है। जिस तरीके से घटना घटी वह चकित करने वाली है। 2019 से ही इसकी पटकथा लिखी जा रही थी।

**तो राजनीति व झारखंड छोड़ दूंगा :** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विधानसभा में कहा कि 8.5 एकड़ जमीन हड़पने का आरोप साबित करके दिखा दें, तो वे राजनीति क्या झारखंड छोड़ देंगे। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके नाम पर जमीन से संबंधित दस्तावेज दिखाएं और साबित करें।

हेमंत ने कहा कि समाज को जोड़ कर चलने का बाबा भीमराव आंबेडकर का सपना था, लेकिन उन्हें भी बौद्ध धर्म अपनाना पड़ा। ऐसा आदिवासियों के साथ भी होगा।



विधानसभा में सोमवार को विश्वासमत में भाग लेकर लौटते पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन (दाएं)। साथ में हैं मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और अन्य। ● रूपेश

**47** मत विश्वास प्रस्ताव के पक्ष में पड़े, जो बहुमत से 6 अधिक

**29** मत विपक्ष में पड़े जिनमें भाजपा, आजसू और नेकांपा शामिल

### चंपाई ने विधानसभा में बहुमत हासिल किया

**रांची, विसं।** चंपाई सरकार ने झारखंड विधानसभा में अपना विश्वासमत हासिल कर लिया है। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के विश्वास प्रस्ताव पर सदन में पक्ष में 47 वोट पड़े, जबकि इसके विरुद्ध विपक्ष में सिर्फ 29 विधायकों ने वोट डाले। इस तरह, झामुमो, कांग्रेस और राजद के गठबंधन में नई सरकार ने अपना बहुमत हासिल कर लिया। हेमंत सोरेन सहित तीनों दलों के 46 विधायकों और एक मनोनीत विधायक ने विश्वास प्रस्ताव के पक्ष में वोट डाला। वहीं, विपक्ष की ओर से भाजपा के 25 (बाबूलाल मरांडी को मिलाकर), आजसू के तीन सुदेश महतो, लंबोदर महतो और सुनीता चौधरी और नेशनल कांग्रेस पार्टी के एक विधायक ने मत डाला।

# भाजपा की तैयारी अधूरी, विरोधी भी नहीं जोड़ पाई

हि विश्लेषण

■ अखिलेश सिंह

**रांची।** झारखंड में चंपाई सोरेन के विश्वास मत के दौरान मुख्य विपक्षी पार्टी भाजपा की तैयारी सदन में अधूरी दिखी। सदन में विश्वास मत पर वोटिंग के दौरान भाजपा समान विचारधारा वाले विधायकों को जोड़ नहीं पाई। विश्वास मत के दौरान कई मौकों पर भाजपा के साथ खड़े रहे निर्दलीय सरयू राय सदन में तठस्थ रहे।

वहीं, एनडीए का हिस्सा बन चुके निर्दलीय विधायक अमित यादव भी वोटिंग के दौरान सदन में अनुपस्थित रहे। अमित यादव ने इस बावत कहा कि उन्हें सदन पहुंचने में देरी हो गई। बरकट्ठा से निर्दलीय विधायक अमित यादव ने कहा कि वह दिल्ली में थे। सोमवार को दिल्ली से रांची आने में फ्लाइट की देरी की वजह से वह समय पर सदन में नहीं पहुंच पाए। जब वह सदन पहुंचे, तब तक वोटिंग हो चुकी थी।

### निशाने पर रहे भानु

ईडी के द्वारा हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को लेकर भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही को सत्ता पक्ष के विधायकों ने घेरा। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने विश्वासमत पेश करने के दौरान कहा कि भाजपा विधायकों का नाम लेकर वह कुछ कहना नहीं चाहते। लेकिन, केंद्रीय एजेंसियों ने कई बार के विधायक बंधु तिर्की को महज पांच लाख रुपये आय से अधिक संपत्ति के मामले में सजा दिला कर सदस्यता खत्म करा दी।

### कांग्रेस पर हमला

नेता प्रतिपक्ष व भाजपा विधायक दल के नेता अमर कुमार बाउरी ने विश्वास मत के विरोध में अपनी बात रखनी शुरू की तो उन्होंने झामुमो से ज्यादा कांग्रेस को घेरा। केंद्र सरकार और ईडी की कार्रवाईयों पर विपक्ष ने खुल कर बैटिंग की। वहीं हेमंत सोरेन ने भी केंद्र से लेकर राजभवन की भूमिका पर संदेह खड़ा किया, उसपर भाजपा ने अपनी बात नहीं रखी। भाजपा ने कांग्रेस पर ही अधिक निशाना साधा।

## गलत तरीके से हुई गिरफ्तारी : केजरीवाल

**नई दिल्ली, प्रसं।** अरविंद केजरीवाल ने कहा कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी गलत तरीके से की गई। इससे पता चलता है कि ऐसे तो यह लोग कोई भी सरकार गिरा देंगे।

उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के अंदर जिस तरह से सरकार गिराई, उसी तरह से इन लोगों की झारखंड में भी पूरी कोशिश सरकार गिराने की थी।

## ऑपरेशन लोटस विफल : कांग्रेस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने झारखंड विधानसभा में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार के विश्वास मत हासिल करने के बाद कहा कि राज्य में भाजपा का 'ऑपरेशन लोटस' विफल हो गया।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 'एक्स' पर लिखा, 'झारखंड ने भाजपा मंसूबों को तगड़ा झटका दिया है। कांग्रेस-झामुमो और सहयोगी दलों की सरकार सुरक्षित है। भाजपा की तमाम साज़िशों को मात देकर, सच्चाई की जीत हुई है।'

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा,'झारखंड में विपक्षी एकता तोड़ने के सारे षड्यंत्र विफल हुए। गठबंधन की एकजुटता ने सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग, धनबल और खरीद-फरोख्त की राजनीति को परास्त किया।'

## सम्राट और विजय सिन्हा ने पीएम मोदी से मुलाकात की

**नई दिल्ली, विसं।** बिहार के नवनियुक्त उपमुख्यमंत्रियों भाजपा नेता सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा ने सोमवार को संसद परिसर में प्रधामंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। जनता दल (यू) के प्रमुख और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा राज्य में महागठबंधन से नाता तोड़ने और भाजपा के साथ मिलकर सरकार बनाने के कुछ दिन बाद यह मुलाकात हुई है।

सम्राट चौधरी ने कहा कि पीएम मोदी हमारे नेता हैं। हम बिहार के विकास के लिए उनका मार्गदर्शन लेने आए थे। दोनों ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न से सम्मानित करने के लिए धन्यवाद देना था।

उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने कहा कि बिहार में एक बार फिर सूर्योदय हुआ है। एक माहौल खड़ा हुआ है। रामलला के आने के साथ बिहार में भी राज बदला है। बिहार में राम राज्य बनेगा। राजद के साथ में सत्ता में रहते बिहार गुंडा और जंगल राज्य हो गया था। बिहार सिसक रहा था। हमारे नेतृत्व ने यह समझा। भष्ट्राचार खत्म होगा।

## पेटीएम मामले में ईडी के रुख पर कांग्रेस के सवाल

**नई दिल्ली, विसं।** कांग्रेस ने पेटीएम मुद्दे पर सोमवार को केंद्र पर निशाना साधा। पार्टी ने पेटीएम के संस्थापक विजय शेखर शर्मा पर केंद्र सरकार का करीबी होने का आरोप लगाते हुए ईडी की चुप्पी पर सवाल उठाए।

पार्टी प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि तमाम अनियमितताओं के बाद पेटीएम संस्थापक की कंपनी को रिजर्व बैंक ने प्रतिबंधित किया, लेकिन पहले भी वह लगातार कानून का उल्लंघन करती रही है। उन्होंने दावा किया कि पेटीएम पर अपने उपभोक्ताओं का आंकड़ा भाजपा के साथ साझा करने जैसे आरोप भी लग चुके हैं। श्रीनेत ने कहा कि ऐसा लगता है कि ईडी राजनीतिक लोगों के खिलाफ अपना 95 फीसदी मामलों का षड्यंत्र रचकर संतुष्ट है।

## ईडी ने राशन घोटाला मामले में हाईकोर्ट का रुख किया

**कोलकाता, एजेंसी।** ईडी ने सोमवार को पश्चिम बंगाल में कथित 10,000 करोड़ रुपये के राशन वितरण घोटाले के संबंध में कलकत्ता हाईकोर्ट का रुख किया है।

ईडी ने घोटाले से संबंधित सभी मामलों की जांच राज्य पुलिस से लेकर सीबीआई को स्थानांतरित करने की मांग की है। न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता ने राज्य को अदालत के समक्ष विरोध में एक हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया।


**उत्तर रेलवे**

निविदा सूचना

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम और इसकी स्थिति | 30-Elect-26-T-R3-23-24-E3 03 वर्ष की सीएएमसी के साथ दिल्ली मंडल में नवीकरणीय ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना के संबंध में विद्युत कार्य। |
| निविदा की अनुमानित लागत | ₹231.87 लाख; बयाना राशि ₹2,65,900/- |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय | 06.03.2024 को 12:00 बजे |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय | 06.03.2024 को 12:00 बजे |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्ड | www.ireps.gov.in वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, नई दिल्ली |

383/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

निविदा आमंत्रण सूचना

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम और इसकी स्थिति | 30-Elect-44-T-RI-23-24-E3 तीन वर्षों के लिए रेल भवन में एड्रेसेबल फायर अलार्म सिस्टम की मरम्मत, संचालन और सीएएमसी के संबंध में विद्युत कार्य। |
| निविदा की अनुमानित लागत | रू० 59.88 लाख |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियता/जी, स्टेट एंट्री रोड़ नई दिल्ली |
| बयाना राशि | रू० 119800.00 |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय | 04.03.2024, 12.00 Hrs |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय | 04.03.2024, 12.00 Hrs |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्ड | www.ireps.gov.in वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता/जी, नई दिल्ली |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 384/24






**कार्यालय जिला पंचायत, चम्पावत**

पत्रांक : 1373/वाहन–पू.मे./जि.पं.च./2023–24 दिनांक : 05.02.2024

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

उपजिलाधिकारी/मेला मजिस्ट्रेट, पूर्णागिरि, टनकपुर के आदेश संख्या 231(9)/वाहन संचा0/पू0मे0/2023–24 दिनांक 30.01.2024 के कम में श्री पूर्णागिरी मेला 2024 में दर्शनार्थियों की सुविधा हेतु पंजीकृत टैक्सी यूनियन/संस्था/संगठनों को सूचित किया जाता हैं कि मां पूर्णागिरि मेला 2024 में ठूलीगाड़ से भैरव मन्दिर तक नवरात्री जैसे विशेष पर्वो एवं राजकीय अवकाश के दिनों में 50 बन्द बॉडी टैक्सी/मैक्स वाहन एवं अन्य दिनों में 36 वाहनों के संचालन हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

| | |
|---|---|
| निविदा प्रपत्र कय मूल्य | |
| ई–प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल https://uktender.gov.inपर निविदा जारी होने की तिथि | दिनांक 06.02.2024 सायं 3.00 बजे |
| निविदा पप्रत्र मूल्य राशि | 2500+18 प्रतिशत जी0एस0टी0 |
| ई–प्रोकयोरमेन्ट पोर्टल पर निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एंव समय | दिनांक 13.02.2024 सायं 5.00 बजे |
| ई–प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल पर निविदा खोले जाने की तिथि एंव समय | दिनांक 14.02.2024 प्रातः 11.00 बजे |
| निविदा धरोहर धनराशि | रू0 66,000.00 (रू0 छियासठ हजार मात्र) |
| निविदाओं को खोले जाने का स्थान व पत्राचार का पता | कार्यालय जिला पंचायत, चम्पावत। जिला चम्पावत। |

निविदा से सम्बन्धित विस्तृत शर्तें https://uktenders.gov.in पर अथवा अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत के कार्यालय से प्राप्त कर अवलोकन किया जा सकता है।

मेला अधिकारी/
अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत–चम्पावत।

**मध्य रेल**

शुद्धी-पत्र-01/2024

कृपया **ई-खरीद निविदा सूचना सं.ई-52/2023 दिनांक 28/12/2023, दिनांक 31/12/2023** पर प्रकाशित देखें। निविदा संख्या 5123SEJ **(पूर्व में 29.01.24)** के लिए निविदा खुलने की तिथि अब **14.02.2024** हो गई है विस्तृत विवरण के लिए वेबसाईट **www.ireps.gov.in** देखें।

प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधनक/ सीएसएमटी

टिकट के लिए UTS App डाउनलोड करें 882


**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

YEIDA FUTURE IS HERE

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, सैक्टर-ओमेगा-1 (पी-2) ग्रेटर नौएडा

Toll Free No. 18001808296 वेबसाइट: www.yamunaexpresswayauthority.com

पत्रांक :– वाई.ई.ए./भूलेख/205/2024 दिनांक: 02.02.2024

**सार्वजनिक सूचना**

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा नियोजित क्षेत्र में आपसी सहमति के आधार पर निम्न काश्तकारों से भूमि क्रय किया जाना प्रस्तावित है:–

सैक्टर – 29 ग्राम तिरथली व सैक्टर–32 ग्राम वीरमपुर, चकवीरमपुर

| क्रम सं0 | ग्राम का नाम/सैक्टर | खाता संख्या | गाटा संख्या | खसरे का कुल क्षेत्रफल (हे0 में) | खातेदार का नाम व पता | तहसील से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर काश्तकार का हिस्सा | काश्तकार का विक्रय हेतु क्षेत्रफल (हे0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सैक्टर–29 तिरथली | 251 | 48 | 0.2190 | रामचन्द्र सिंह पुत्र बलजीत निवासी ग्राम तिरथली पर0 व तह0 जेवर जिला गौतमबुद्धनगर | सम्पूर्ण भाग | 0.2190 |
| 2. | सैक्टर–29 तिरथली | 278 | 185 | 3.1340 | मनुराज पुत्र राज कुमार नि0 करौली बांगर पर0 व तहसील जेवर जिला गौतमबुद्धनगर हाल नि0 बी1–301, क्लेओ काउंटी से0 121 नोएडा। | 1/8 भाग | 0.3917 |
| 3. | सैक्टर–29 तिरथली | 278 | 185 | 3.1340 | सुषमा पत्नी राजकुमार नि0 ग्राम करौली बांगर पर0 व तहसील जेवर जिला गौतमबुद्धनगर हाल नि0 बी1–301, क्लेओ काउंटी से0 121 नोएडा। | 1/8 भाग | 0.3917 |
| 4. | सैक्टर–29 तिरथली | 123 | 230 | 0.0760 | अमर सिंह पुत्र नारायन सिंह व रामचन्द्र पुत्र बलजीत व कलुआ व रामजीलाल पुत्रगण मुन्शी नि0 ग्राम तिरथली पर0 व तह0 जेवर जिला गौतमबुद्धनगर | 1/3 | 0.0254 |
| 5. | सैक्टर–29 तिरथली | 123 | 230 | 0.0760 | वीरपाल पुत्र देवीराम व योगेश, फूली पुत्रगण नवल सिंह नि0 ग्राम तिरथली पर0 व तह0 जेवर जिला गौतमबुद्धनगर | 1/9 | 0.0084 |
| 6. | सैक्टर–29 तिरथली | 218 | 105 | 0.3480 | रामजीलाल पुत्र हरदयाल सिंह, नि0 विशनपुरा सै0 58 नोएडा। हाल नि0 म0न0–ए6–2/8 न्यू कोन्डली पूर्वी दिल्ली। | 870/3480 | 0.0870 |
| 7. | सैक्टर–29 तिरथली | 123 | 230 | 0.0760 | घासीराम निरंजन, महेश पुत्रगण प्यारे नि0 ग्राम तिरथली पर0 व तहसील जेवर जिला गौतमबुद्धनगर | 1/9 | 0.0084 |
| 8. | सैक्टर–29 तिरथली | 75 | 333 | 0.5190 | रामवती पत्नी नन्हे नि0 ग्राम तिरथली पर0 व तहसील जेवर जिला गौतमबुद्धनगर | 1/4 | 0.1297 |
| 9. | सैक्टर–29 तिरथली | 135 | 372 | 2.6440 | पुनीता गुप्ता पत्नी अरूण गुप्ता नि0 ए–12 अशोक नगर गाजियाबाद। | 843/26440 | 0.0843 |
| 10. | सैक्टर–29 तिरथली | 11 | 318 | 0.7250 | राजकुमार शर्मा पुत्र नन्दलाल शर्मा नि0 ग्राम नगला श्री गोपाल मजरा रबूपुरा पर0 व तहसील जेवर जिला गौतमबुद्धनगर। | 1180/7250 | 0.1180 |
| 11. | सैक्टर–29 तिरथली | 207 | 197 | 0.0330 | कन्हैया पुत्र हरी सिंह नि0 ग्राम तिरथली पर0 व तहसील पर0 व तहसील जेवर जिला गौतमबुद्धनगर हाल नि0 बी–82 बलवीर विहार सुलेमान नगर, किरारी, नार्थ वेस्ट दिल्ली। | 1/3 | 0.0110 |
| 12. | सैक्टर–29 तिरथली | 19 | 219 | 1.3210 | अमर सिंह पुत्र नरायन सिंह व रामचन्द्र सिंह पुत्र बलजीत सिंह नि0 ग्राम तिरथली पर0 व तहसील पर0 व तहसील जेवर जिला गौतमबुद्धनगर | में से | 0.0390 |
| 13. | सैक्टर–32 चकवीरमपुर | 92 | 4क.<br>158म | 0.0630<br>0.0250 | जगत सिंह पुत्र मिर्चू नि0 ग्राम चकवीरमपुर पर0 व तह0 जेवर गौतमबुद्धनगर | 1/18<br>1/18 | 0.0035<br>0.0014 |
| 14. | सैक्टर–32 चकवीरमपुर | 20<br>18 | 334,<br>340ख<br>358<br>177<br>178/2<br>357 | 0.0890<br>0.5280<br>0.3920<br>0.0630<br>0.0620<br>0.1140 | पिंकी देवी पत्नी विक्रम सिंह नि0 ग्राम चकवीरमपुर पर0 व तह0 जेवर जिला गौतमबुद्धनगर | 1/8<br>1/8<br>1/8<br>1/8<br>1/8<br>1/8 | 0.0112<br>0.0660<br>0.0490<br>0.0079<br>0.0079<br>0.0143 |
| 15. | सैक्टर–32 चकवीरमपुर | 133 | 328 | 1.5290 | सरफुददीन पुत्र चाहत खाँ नि0 ग्राम नगला हाण्डा माजरा कुरैब तह0 जेवर जिला गौतमबुद्धनगर। | 1/8 | 0.1911 |
| 16. | सैक्टर–32 वीरमपुर | 42<br>52<br>66<br>205 | 329<br>323स<br>321<br>324ख<br>323क | 0.4550<br>0.5560<br>0.3410<br>0.3290<br>0.5560 | नईमुददीन पुत्र मान खाँ नि0 ग्राम शाहबेरी तह0 दादरी जिला गौतमबुद्धनगर | 1/6<br>1/15<br>1/36<br>1/36<br>1/15 | 0.0758<br>0.0370<br>0.0142<br>0.0137<br>0.0370 |
| 17. | सैक्टर–32 वीरमपुर | 198<br>199 | 369म<br>312क | 0.0630<br>0.3790 | रवि उर्फ रविन्दर पुत्र रामभूल नि0 ग्राम वीरमपुर हाल नि0 ए–126 गली नं0 2/9 अम्बिका विहार करावल नगर उत्तर पूर्वी दिल्ली। | 1/72<br>1/48 | 0.0009<br>0.0079 |
| 18. | सैक्टर–32 वीरमपुर | 198<br>199 | 369म<br>312क | 0.0630<br>0.3790 | दिनेश पुत्र रामभूल नि0 ग्राम वीरमपुर हाल नि0 म0न0–423 खसरा नं0 33/14 गली नं0 11 फेस 9, शिव विहार, करावल नगर उत्तर पूर्वी दिल्ली। | 1/72<br>1/48 | 0.0009<br>0.0079 |
| 19. | सैक्टर–32 वीरमपुर | 322 | 44 | 2.0070 | नरेशपाल पुत्र नानक नि0 ग्राम वीरमपुर पर0 व तह0 जेवर जिला गौतमबुद्धनगर। | 2220/2.0070 | 0.2220 |
| 20. | सैक्टर–28 तिरथली | 166,<br>169 | 3<br>18 | 0.3270<br>0.3010 | रामचन्द्र पुत्र नेता नि0 ग्राम तिरथली पर0 व तह0 जेवर जिला गौतमबुद्धनगर। | 2/5<br>9/20 | 0.1308<br>0.1354 |
| 21. | सैक्टर–28 तिरथली | 166,<br>169 | 3<br>18 | 0.3270<br>0.3010 | बलवीर पुत्र नेता नि0 ग्राम तिरथली पर0 व तह0 जेवर जिला गौतमबुद्धनगर। | 2/5<br>9/20 | 0.1308<br>0.1355 |

उपरोक्त भूमि क्रय किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो वह लिखित रूप में 15 दिन के अंदर यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण के कार्यालय में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

**डिप्टी कलेक्टर, यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण**

मालदीव के राष्ट्रपति ने कहा, देश के भीतर विदेशी सेना की मौजूदगी को खत्म करेंगे

# भारतीय सैनिकों की 10 मार्च तक वापसी: मुइज्जू

**संसद में संबोधन**

**माले, एजेंसी।** मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने सोमवार को कहा कि देश से भारतीय सैनिकों की पहली टुकड़ी 10 मार्च से पहले वापस भेजा जाएगा, जबकि दो विमानन प्लेटफॉर्म में तैनात बाकी के भारतीय सैनिकों को 10 मई तक हटाया जाएगा।

मुइज्जू ने संसद में दिए पहले संबोधन में कहा कि मालदीव के नागरिकों का एक बड़ा हिस्सा इस उम्मीद से उनके प्रशासन का समर्थन करता है कि वे देश से विदेशी सेना की मौजूदगी खत्म कर देंगे। साथ ही समुद्री क्षेत्र को फिर से कब्जे में लेंगे। उन्होंने कहा कि उनका प्रशासन देश की संप्रभुत्ता से खिलवाड़ करने वाला कोई भी समझौता नहीं करेगा। मुइज्जू ने कहा कि अन्य देशों के साथ कूटनीतिक बातचीत की जा रही है। हमने भारत से मालदीव में तैनात अपने सैनिकों को वापस बुलाने का आधिकारिक अनुरोध किया है। हालिया बातचीत के अनुसार तीन विमानन प्लेटफॉर्म में से एक पर तैनात सैन्य कर्मियों को 10 मार्च से पहले वापस बुलाया जाएगा। बाकी के दो प्लेटफॉर्म पर तैनात सैन्य कर्मियों को भी 10 मई, 2024 तक वापस बुलाया जाएगा।

मुइज्जू ने 17 नवंबर को मालदीव के राष्ट्रपति की शपथ लेने के बाद भारत से 15 मार्च तक सैन्यकर्मियों को वापस बुलाने का अनुरोध किया था। उन्होंने कहा था कि मालदीव की जनता ने उन्हें नई दिल्ली से यह अनुरोध करने के लिए जनादेश दिया है। उनको चीन समर्थक नेता माना जाता है।

### सेना ने सैकड़ों मानवीय सहायता मिशनों को पूरा किया



नए चरण की द्विपक्षीय वार्ता के बाद भारत ने दो फरवरी को कहा था कि देश में भारतीय सैन्य प्लेटफॉर्म का संचालन जारी रखने के लिए एक परस्पर स्वीकार्य समाधान पर मालदीव के साथ सहमति बनी है। अभी भारतीय सैन्यकर्मी मुख्य रूप से दो हेलीकॉप्टर और एक विमान का संचालन करने के लिए मालदीव में हैं। इनके जरिये सैकड़ों चिकित्सीय बचाव एवं मानवीय सहायता मिशन को पूरा किया गया है। भारतीय प्लेटफॉर्म पिछले कुछ वर्षो से मालदीव के लोगों को मानवीय और चिकित्सा सेवाएं मुहैया कराते रहे हैं।

### सबसे ज्यादा चीनी पर्यटक पहुंच रहे

**माले, एजेंसी।** भारत को पीछे छोड़ चीन मालदीव आने वाले पर्यटकों के लिहाज से शीर्ष देश बन गया है। मालदीव और भारत के बीच राजनयिक विवाद के बीच सोमवार को यहां जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

मालदीव के पर्यटन मंत्रालय के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार 2024 में चार फरवरी तक 23,972 पर्यटकों के साथ चीन ने 11.2 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ पहला स्थान हासिल किया। चीन 2023 में तीसरे स्थान पर था। दूसरी ओर 2023 में पहले स्थान पर रहने वाला भारत चार फरवरी तक के आंकड़ों में 16,536 पर्यटकों के साथ पांचवें स्थान पर आ गया। इस साल अब तक मालदीव आने वाले पर्यटकों में भारत की 7.7 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

यह घटनाक्रम मालदीव के तीन मंत्रियों के सोशल मीडिया पर भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियों के बाद भारत की प्रतिक्रिया का परिणाम हो सकता है।

# ‘जब तक सबूत नहीं तब तक भारत मदद नहीं करेगा’

**निज्जर हत्या मामला**

- कनाडा में भारत के उच्चायुक्त कहा, ओटावा ने सबूत नहीं पेश किया

**ओटावा, एजेंसी।** खालिस्तान समर्थक आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की जांच में कनाडाई जांचकर्ताओं की भारत तब तक मदद नहीं करेगा जब तक ओटावा हत्या में जुटाए गए सभी सबूत साझा नहीं कर देता। कनाडाई अखबार द ग्लोब एंड मेल की रिपोर्ट में यह दावा किया गया है।

कनाडा में भारत के उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा ने कहा कि ओटावा ने नई दिल्ली को ऐसा कोई सबूत नहीं दिखाया है, जो निज्जर की हत्या से जुड़ा हो। उन्होंने कहा कि यह किसी भी सहयोग के लिए पूर्व शर्त थी। वर्मा ने कहा कि मदद के लिए हमें प्रासंगिक और विशिष्ट साक्ष्य की आवश्यकता है। यह बयान कनाडा के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के उस दावे के बाद आया है, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि निज्जर जांच पर भारत की स्थिति में विकास हुआ है और नई दिल्ली अब जांच में सहयोग कर रही है।

बता दें कि निज्जर की पिछले साल 18 जून को वैंकूवर में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या के तीन महीने बाद प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों के शामिल होने का आरोप लगाकर दुनिया को चौंका दिया था। हालांकि भारत ने इससे हमेशा इनकार किया।


bharti

## Bharti Airtel Limited

airtel

CIN: L74899HR1995PLC095967
Registered Office: Airtel Center, Plot no. 16, Udyog Vihar, Phase IV, Gurugram - 122015, India
T: +91-124-4222222, F: +91-124-4248063
Email id: compliance.officer@bharti.in

### I. Audited Consolidated Financial Results for the quarter and nine months ended December 31, 2023

(Rs. Millions; except per share data)

| S. No. | Particulars | Quarter ended December 31, 2023 Audited | Nine months ended December 31, 2023 Audited | Quarter ended December 31, 2022 Audited |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Revenue from operations | 3,78,995 | 11,23,833 | 3,58,044 |
| 2. | Net profit for the period (before exceptional items and tax) | 42,386 | 1,50,178 | 43,591 |
| 3. | Net profit for the period before tax (after exceptional items) | 41,084 | 99,010 | 36,893 |
| 4. | Net profit for the period after tax (after exceptional items) | 28,764 | 64,898 | 26,137 |
| 5. | Total comprehensive income / (loss) for the period | 1,170 | (20,404) | 22,414 |
| 6. | Paid-up equity share capital (Face value : Rs. 5 each) | 28,615 | 28,615 | 28,312 |
| 7. | Other equity | 7,62,239 | 7,62,239 | 7,12,887 |
| 8. | Earnings per share (Face value: Rs. 5 each) | | | |
| | a) Basic : | 4.27 | 9.48 | 2.81 |
| | b) Diluted : | 4.17 | 9.28 | 2.76 |

### II. Audited Standalone Financial Results for the quarter and nine months ended December 31, 2023

(Rs. Millions)

| S. No. | Particulars | Quarter ended December 31, 2023 Audited | Nine months ended December 31, 2023 Audited | Quarter ended December 31, 2022 Audited |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Revenue from operations | 2,38,660 | 6,97,744 | 2,16,061 |
| 2. | Net profit for the period before tax (after exceptional items) | 20,056 | 48,007 | (28,805) |
| 3. | Net profit for the period after tax (after exceptional items) | 14,144 | 31,643 | (32,223) |

*Note :*
The above are extract of the detailed format of Audited Financial Results (Consolidated and Standalone) for the quarter and nine months ended December 31, 2023 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 (as amended from time to time). The full format of the quarterly financial results are available on the website of stock exchanges (**www.nseindia.com** and **www.bseindia.com**) and on the Company's website (**www.airtel.in**).

For **Bharti Airtel Limited**
**Sd/-**
**Gopal Vittal**
**Managing Director & CEO**
**DIN: 02291778**

**Place :** New Delhi
**Date :** February 05, 2024


# ‘भारत और चीन के बीच मजबूत आर्थिक संबंध’

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई में चीन के महावाणिज्यदूत कोंग शिन्हुआ ने कहा है कि चीन और भारत के लोगों के बीच आर्थिक एवं सांस्कृतिक संबंध बहुत मजबूत हैं और कोई भी उन्हें अलग नहीं कर सकता। कोंग ने मुंबई में चीन के नववर्ष समारोह और चीनी सांस्कृतिक कार्यक्रम के अवसर यह बात कही।

शिन्हुआ ने कहा कि 2023 चीन और भारत दोनों के लिए उपलब्धियों भरा साल रहा। हमारे बीच व्यापक सहयोग से यह संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि 2023 में चीन-भारत व्यापार 136.2 अरब डॉलर से अधिक हो गया। भारत में चीनी दूतावास और महावाणिज्य दूतावास ने पिछले वर्ष 1.8 लाख वीजा जारी किए हैं, जो कोरोना के बाद चीन जाने वाले भारतीयों की बढ़ोतरी को दर्शाता है।

# एच-1बी वीजा वालों के बच्चों को काम का अधिकार मिलेगा

**वाशिंगटन, एजेंसी।** एच-1बी वीजा धारकों को बड़ी राहत देते हुए व्हाइट हाउस समर्थित द्विदलीय समझौता पेश किया गया। इसके तहत करीब एक लाख एच-4 वीजा धारकों को स्वतः कार्य मंजूरी मिल जाएगी, जो कुछ श्रेणी के एच-1बी वीजा धारकों के जीवन साथी और संतान हैं। इसके साथ ही एच-1बी वीजा धारकों के बच्चों को भी काम का अधिकार मिल जाएगा।

अमेरिकी सीनेट में रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक नेतृत्व के बीच लंबी चर्चा के बाद रविवार को घोषित राष्ट्रीय सुरक्षा समझौता एच-1बी वीजा धारकों के करीब 250,000 संतानों के लिए भी समाधान प्रदान करता है। यह कदम उन हजारों भारतीय प्रौद्योगिकी पेशेवरों के लिए अच्छी खबर है, जो ग्रीन कार्ड के लिए लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं, जिसके अभाव में उनके पति या पत्नी काम नहीं कर सकते और उनकी संतानों को वापस उनके देश भेजे जाने का खतरा है।

ग्रीन कार्ड को आधिकारिक तौर पर स्थायी निवास कार्ड के तौर पर जाना जाता है। यह अमेरिका में प्रवासियों को इसके सबूत के तौर पर जारी किया जाने वाला एक दस्तावेज है कि धारक को स्थायी रूप से रहने का अधिकार दे दिया गया है। भारतीय अमेरिकी प्रवासियों के लिए एक और अच्छी खबर यह है कि यह विधेयक लंबी अवधि के एच-1बी वीजा धारकों के युवा संतानों को संरक्षण प्रदान करता है, बशर्ते उन संतानों ने एच4 दर्जा आठ साल तक बनाए रखा हो।

### प्रवासन प्रणाली ठीक करने का समय : बाइडन

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने एक बयान में कहा, बहुत लंबे समय से, दशकों से, प्रवासन प्रणाली टूट गई है। इसे ठीक करने का समय आ गया है। यह हमारे देश को सुरक्षित बनाएगा, हमारी सीमा को और अधिक सुरक्षित बनाएगा, कानूनी आव्रजन को संरक्षित करते हुए एक राष्ट्र के रूप में हमारे मूल्यों के अनुरूप लोगों के साथ निष्पक्ष और मानवीय व्यवहार करेगा।

# वित्तीय आरोपों से सैमसंग प्रमुख बरी

**सियोल, एजेंसी।** दक्षिण कोरिया की एक अदालत ने सैमसंग इलेक्ट्रोनिक्स के चेयरमैन ली जे योंग को वित्तीय आरोपों से बरी कर दिया। उन पर शेयर के मूल्यों में हेरफेर करने और 2015 में सैमसंग की दो सहायक कंपनियों के विलय में धोखाधड़ी करने का आरोप था। सियोल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट फैसले से ली की मुश्किलें कम हो सकती हैं।

# ईयू ने रूस पर नए प्रतिबंध लगाए

**मास्को।** रूस के खिलाफ यूरोपीय संघ की ओर से लगाए गए नए प्रतिबंध कई व्यक्तियों और कानूनी संस्थाओं को प्रभावित करेंगे। मामले से जुड़े सूत्रों ने कहा कि आर्थिक उपाय भी विकसित किए जा रहे हैं, लेकिन 24 फरवरी तक इनके तैयार होने की संभावना नहीं है। रूस के खिलाफ जी 7 देश भी प्रतिबंध लगाने की तैयारी में हैं।

# इमरान और कुरैशी को जेल में श्रम करना होगा

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी को हाई-प्रोफाइल कैदी होने के बावजूद जेल परिसर में सश्रम कारावास भुगतना होगा। मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

दोनों नेताओं को एक विशेष अदालत ने सिफर मामले में 10 साल की जेल की सजा सुनाई थी और उन्हें रावलपिंडी की उच्च सुरक्षा वाली अडियाला जेल में रखा गया है, जहां उनके खिलाफ मुकदमा चला था।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक 71 वर्षीय इमरान खान और 67 वर्षीय कुरैशी को हाई-प्रोफाइल कैदियों के तौर पर अलग-अलग रखा जा रहा है, क्योंकि उनमें से एक पूर्व प्रधानमंत्री जबकि दूसरे विदेश मंत्री रह चुके हैं। इमरान अपनी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष हैं जब कि कुरैशी पार्टी के उपाध्यक्ष हैं। दोनों नेता एक बेहतर श्रेणी की जेल में कैदियों को दी जाने वाली उन सुविधाओं का लाभ उठा रहे हैं, जो उन्हें दोषी ठहराए जाने से पहले मिलती थीं, जिसमें व्यायाम के लिए इस्तेमाल होने वाली मशीन भी शामिल है।

### दो जोड़ी जेल की वर्दी दी गईं

दोनों नेताओं को जेल नियमावली के मुताबिक दो जोड़ी जेल वर्दी दी गई हैं। हालांकि इमरान खान के लिए जेल की वर्दी पहनना अनिवार्य नहीं है। हाई-प्रोफाइल कैदियों को जेल के कारखानों, रसोईघरों, अस्पतालों, बगीचों आदि में आम कैदियों के बीच नहीं रखा जा सकता, इसलिए उन्हें रखरखाव कार्य या जेल प्रशासन के किसी अन्य कार्य दिया जाएगा।

# ऑस्ट्रेलिया के लेखक को चीन में मौत की सजा

**कैनबरा, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग ने कहा है कि ऑस्ट्रेलियाई लेखक यांग हेंगजुन को चीन की एक अदालत ने निलंबित मौत की सजा दी है। मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

अदालत के फैसले को कष्टप्रद और भयानक बताते हुए वोंग ने चीन के राजदूत को स्पष्टीकरण के लिए बुलाया। एबीसी न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार निलंबित मौत की सजा को दो साल के बाद अच्छे व्यवहार की स्थिति में आजीवन कारावास में बदला जा सकता है।

**चार साल से चीन की जेल में बाद है हेंगजुन:** ऑस्ट्रेलियाई नागरिक, लेखक और लोकतंत्र कार्यकर्ता यांग हेंगजुन जासूसी के आरोप में 2019 से चीन में कैद थे। हालांकि यांग हेंगजुन ने हमेशा आरोपों से इनकार करते आएं है।


कार्यालय अधिशासी अभियन्ता निर्माण शाखा
**उत्तराखण्ड पेयजल निगम, मसूरी**
कुटुम्ब विहार ग्रा0 व पो0 सिनौला देहरादून–248003 | Email:-jalnigam.mussoorie@yahoo.com

पत्रांक: 606/निविदा/13 दिनांक : 05.02.2024

**राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मक ई–निविदा सूचना**

अध्यक्ष उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम की ओर से जनपद देहरादून के मसूरी नगर पालिका परिशद क्षेत्र में मसूरी सीवरेज योजना (पुनरीक्षित) के कार्यो हेतु राज्य सरकार की वेबसाईट **http://www.uktenders.gov.in** के माध्यम से **दिनांक 07.02.2024 से 28.02.2024 तक** ई–निविदा (tender) आमंत्रित की जाती है। निविदा की नियम एवं भार्ते उपरोक्त वेबसाईट से प्राप्त की जा सकती है।

**अधीक्षण अभियन्ता**



**इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज़्म कॉरपोरेशन लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम – मिनी रत्न)
सीआईएन : L74899DL1999GOI101707

LiFE Lifestyle for Environment

**आईआरसीटीसी निम्नलिखित बोलियां/आवेदन आमंत्रित करता है :–**

I) विभिन्न श्रेणियों और खंडों के तहत आईआरसीटीसी यूनिटों (स्टेटिक और मोबाइल) के लिए पीएडी वस्तुओं **(पैकेज्ड चिप्स, बिस्कुट, नमकीन, जूस, बेकरी, कन्फेक्शनरी आदि)** की आपूर्ति हेतु इम्पैनलमेंट के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। इम्पैनलमेंट दस्तावेज़ समय–समय पर **www.irctc.com** और **www.tenderwizard.com/IRCTC** पर अपलोड किए जाएंगे। ई–मेल: **empanelment@irctc.com**

II) **खुली ई–निविदा सह नीलामी क्रं.– सीओ/एनआईटी/एफसी/2024/01:** कटक रेलवे स्टेशन पर फूड कोर्ट की स्थापना, संचालन और प्रबंधन के लिए। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि **20.02.2024 को 15:00 बजे तक** | ई–मेल: **fp.ffu@irctc.com**

विवरण के लिए **www.tenderwizard.com/IRCTC** और **www.irctc.com** पर जाएं। निविदा दस्तावेज़ डाउनलोड करना और भागीदारी केवल वेबसाइट: **www.tenderwizard.com/IRCTC** पर की जा सकती है।

किसी भी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट के जारी होने की स्थिति में उपरोक्त विज्ञापन, इसे केवल आईआरसीटीसी की वेबसाइट **www.irctc.com** और **www.tenderwizard.com/IRCTC** पर प्रकाशित किया जाएगा।

ecatering.irctc.co.in

कार्यालय का पता: आईआरसीटीसी, 11वीं मंज़िल, स्टेट्समैन हाउस, बी–148, बाराखंभा रोड, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली–110001, दूरभाष: 011-23311263-64



**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर)**
E-mail : dgm_rdr@rediffmail.com

पत्रांक : 511/वि.वि.म.(उ.)/ दिनांक : 05.02.2024

**ई–निविदा सूचना**

विद्युत वितरण मण्डल रूद्रपुर निम्न कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित करता है :–

| क्र. सं. | ई–निविदा संख्या | कार्य का नाम | ई–निविदा क्रय करने हेतु ऑनलाईन आवेदन करने तथा हार्ड प्रति जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | ई–निविदा की तकनीकी बिड पार्ट–1 (EMD & Tender Cost, Rate Validity) ऑफ लाइन खुलने की तिथि एवं समय | ई–निविदा तकनीकी बिड ऑफ लाइन/ऑन लाइन खुलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वि.वि.म.(उ.) 59/2023–24 | सैटेलाइट सेंटर अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS) ऋषिकेश, किच्छा के निर्माण हेतु विद्युत अवस्थापनाओं को स्थानान्तरित करने का कार्य। | 21.02.2024 12.00 बजे तक | 22.02.2024 12.00 बजे | 22.02.2024 14.00 बजे |
| 2. | वि.वि.म.(उ.) 60/2023–24 | विद्युत वितरण मण्डल, रूद्रपुर के अधीन विद्युत वितरण खण्ड, रूद्रपुर – प्रथम/ रूद्रपुर – द्वितीय/ किच्छा के अन्तर्गत नॉन के.सी.सी. श्रेणी के उपभोक्ताओं (पी.टी. डब्लू. उपभोक्ताओं का छोड़कर) की बिलिंग एवं बिल वितरण का कार्य। | 21.02.2024 12.00 बजे तक | 22.02.2024 12.00 बजे | 22.02.2024 14.00 बजे |

कार्य, मदें एवं शर्तें विभागीय वैब साईट www.uktenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

''राष्ट्रहित में बिजली बचायें''

विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएं
Customer Toll Free No. 18004190405

अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत वितरण मण्डल रूद्रपुर



HT

**HT Media Limited**
***CIN:*** *L22121DL2002PLC117874*
***Registered Office:*** *Hindustan Times House, 18-20, Kasturba Gandhi Marg, New Delhi - 110 001*
*Ph.: +91-11-66561333; Fax: +91-11-66561270*
***E-mail:*** *investor@hindustantimes.com;* ***website:*** *www.htmedia.in*

**NOTICE OF POSTAL BALLOT**

**NOTICE** is hereby given pursuant to Sections 108, 110 and other applicable provisions, if any, of the Companies Act, 2013 (the 'Act'), read with Rules 20 and 22 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014 (the 'Rules'), Regulation 44 and other applicable regulations, if any, of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 (the 'SEBI LODR'), the Secretarial Standard - 2 on General Meetings issued by the Institute of Company Secretaries of India ('SS-2'), each as amended, from time to time and Circulars issued by the Ministry of Corporate Affairs, Government of India ('MCA') viz. General Circulars No. 14/2020 dated April 08, 2020, No. 17/2020 dated April 13, 2020, No. 22/2020 dated June 15, 2020, No. 33/2020 dated September 28, 2020, No. 39/2020 dated December 31, 2020, No. 10/2021 dated June 23, 2021, No. 20/2021 dated December 08, 2021, 03/2022 dated May 05, 2022, 11/2022 dated December 28, 2022 and 09/2023 dated September 25, 2023 (collectively referred to as 'MCA Circulars'), it is proposed to seek approval of members via Postal Ballot process by e-voting only, in respect of the following business as set out in the Postal Ballot Notice dated January 19, 2024 (the 'Notice'), circulated to the members.

| Description of Special Business |
|---|
| Appointment of Shri Ashwani Windlass (DIN: 00042686) as an Independent Director, not liable to retire by rotation |

In compliance with the provisions of the Act, MCA Circulars and the SEBI LODR, the Company has completed dispatch of the Notice through e-mail on **Monday, February 05, 2024** to those Members whose e-mail address is registered with Depository Participant (in case of electronic shareholding)/the Company's Registrar and Share Transfer Agent (in case of physical shareholding). The detailed procedure/instructions on the process of e-voting is specified in the Notice.

Other details are as under:

1. The cut-off date for the purpose of reckoning voting rights and sending Notice is **Friday, February 02, 2024** ('Cut-off date'). Members whose name appears in the Register of Members/List of Beneficial Owners as on the Cut-off date shall be entitled to avail the facility of remote e-voting. A person who is not a Member as on the cut-off date shall treat this notice for information purposes only.
2. The Company has engaged the services of National Securities Depository Limited ('NSDL') as the agency to provide the e-voting facility. The e-voting facility shall commence at **9.00 A.M. (IST) on Tuesday, February 06, 2024** till **5.00 P.M. (IST) on Wednesday, March 06, 2024**. Thereafter, the e-voting module shall be disabled by NSDL. Once the vote on the resolution is cast by the Member, he/she shall not be allowed to change it subsequently.
3. Manner of Registering/Updating email address:
   - Members holding shares in dematerialized mode, are requested to register their email addresses and mobile numbers with their relevant depository through their depository participants.
   - Members holding shares in physical form and who have not registered/ updated their KYC details including e-mail address with the Company or RTA, may register/update such details by downloading the relevant forms from the link **https://www.kfintech.com/** and send them along with details like name, folio number, scanned copy of the share certificate (front and back) and self-attested scanned copy of PAN and Aadhar Card, either in writing to KFin Technologies Limited, Unit: HT Media Limited, Selenium Building, Tower B, Plot No. 31 & 32, Financial District, Nanakramguda, Serilingampally, Hyderabad, Rangareddy, Telangana, India – 500 032 or by sending e-mail to **www.einward.ris@kfintech.com**
4. Results of Postal Ballot will be declared by the Chairperson or any other person authorised by her, on or before **Friday, March 8, 2024** by **5.00 P.M. (IST)**. The voting results along with the Scrutinizer's report of Shri Sanket Jain, Practising Company Secretary, will be hosted on the Company's website viz. **https://www.htmedia.in/** and on NSDL's website viz. **www.evoting.nsdl.com**. The result shall also be intimated to the Stock Exchanges viz. BSE and NSE at **www.bseindia.com** and **www.nseindia.com**, respectively.
5. In case of any queries, you may refer the Frequently Asked Questions (FAQs) for Shareholders and e-voting user manual for Shareholders available at the download section of **www.evoting.nsdl.com** or call on : **022 - 4886 7000** and **022 - 2499 7000** or send a request at **evoting@nsdl.com**

For **HT Media Limited**
Sd/-
**Manhar Kapoor**
**Group General Counsel and Company Secretary**

**Date:** February 5, 2024
**Place:** New Delhi



**गाजियाबाद नगर निगम**
(I.S.O. 14001, 18001 एवं 19001 प्रमाणित संस्था)

पंत्राक:– 403 उद्यान/2023–24 दिनांक : 03.02.2024

**(EXPRESSION of INTEREST)**
**(EOI)**

गाजियाबाद नगर निगम सीमान्तर्गत स्थित पार्कों/हरित पट्टियों/सेन्ट्रल वर्ज/अन्य हरित स्थलों के प्रतिदिन निरीक्षण कर उनके उद्यानिक विकास/रख–रखाव से सम्बन्धित महत्वपूर्ण कार्य हेतु उद्यान निरीक्षक का चयन किया जाना है, जिसके लिए उ०प्र०शासन की सेवा से अथवा शासकीय निगमों/प्राधिकरणों से सेवानिवृत्त ऐसे कार्मिक, जिनकी आयु 65 वर्ष से कम हो तथा उनकी सत्यनिष्ठा के विरूद्ध किसी भी प्रकार की दण्डात्मक कार्यवाही न की गयी हो अथवा ऐसे अभ्यर्थी जिनकी शैक्षिक योग्यता कृषि वर्ग विषय में कम से कम स्नातक हो तथा उसको किसी सरकारी, अर्द्धसरकारी/प्राईवेट फर्म में समान कार्य का कम से कम 03 वर्ष का अनुभव अवश्य हो, वे अभ्यर्थी निश्चित अवधि हेतु आउटसोर्सिंग के आधार पर सी.एल.सी. के माध्यम से रखे जाने हेतु आवेदन के पात्र होंगे। इस हेतु इच्छुक/योग्य व्यक्ति द्वारा अपना आवेदन–पत्र कार्यालय दिवस **प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे** तक उद्यान विभाग में **दिनॉंक 06.02.2024** से **दिनॉंक 17.02.2024** तक जमा किया जा सकता है तथा गठित समिति द्वारा आवेदन–पत्रों का परीक्षण कर योग्य आवेदकों का **दिनॉंक 21.02.2024** को **अपरान्ह 04:00 बजे** नगर निगम मुख्यालय स्थित सभागार में साक्षात्कार किया जायेगा।

**प्रभारी उद्यान, गाजियाबाद नगर निगम**



**कार्यालय तहसीलदार गाजियाबाद**

पत्रांक: 166/आर0सी0-तह0सदर/गा0बाद/ दिनांक: 29 जनवरी, 2024

**कार्यालय ज्ञाप/जनसुनवाई**

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम की दिल्ली-मेरठ-गाजियाबाद (आरआरटीएस) कॉरीडोर परियोजना के अंतर्गत जनपद गाजियाबाद में सम्पर्क मार्ग दुहाई डिपो तथा दुहाई स्टेशन पर सर्विस रोड हेतु ग्राम दुहाई, परगना जलालाबाद, तहसील व जिला गाजियाबाद की 2.3027 हैक्टेयर भूमि के अर्जन हेतु सामाजिक समाघात निर्धारण रिपोर्ट एवं सामाजिक प्रबंधन योजना पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा लोक सुनवाई दिनांक 16.02.2024 को प्रातः 10.00 बजे स्थान सभाकक्ष, तहसील सदर, मुख्यालय गाजियाबाद पर की जायेगी।

उक्त भूमि से संबंधित भूस्वामी/हितबद्ध व्यक्ति अपने-अपने आक्षेप लोक सुनवाई हेतु नियत दिनांक को अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं, जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा सुनवाई की जायेगी। अर्जन हेतु प्रस्तावित खसरा नम्बरों (जिनके संदर्भ में लोक सुनवाई की जानी है) की सूची निम्नवत् है:-

| क्र. सं. | ग्राम का नाम | तहसील | जनपद | खसरा सं. | कुल अर्जित क्षेत्रफल (है0 में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | दुहाई | सदर | गाजियाबाद | 66 | 0.2980 |
| 2. | | | | 68 | 0.1052 |
| 3. | | | | 69 | 0.0550 |
| 4. | | | | 130 | 0.0453 |
| 5. | | | | 131 | 0.0310 |
| 6. | | | | 132 | 0.0456 |
| 7. | | | | 138 | 0.1217 |
| 8. | | | | 137 | 0.709 |
| 9. | | | | 139 | 0.0042 |
| 10. | | | | 140 | 0.0511 |
| 11. | | | | 141 | 0.0770 |
| 12. | | | | 161 | 0.1234 |
| 13. | | | | 528 | 0.0040 |
| 14. | | | | 77 | 0.4870 |
| 15. | | | | 78 | 0.1417 |
| 16. | | | | 84 | 0.6763 |
| 17. | | | | 315/1502 | 0.0184 |
| 18. | | | | 316 | 0.0129 |
| 19. | | | | 327 | 0.0284 |
| 20. | | | | 328 | 0.0055 |
| 21. | | | | 217 | 0.0001 |
| | | | | योग | 2.3027 |

टिप्पणीः- सामाजिक समाघात निर्धारण रिपोर्ट और सामाजिक समाघात प्रबंधन योजना का प्रारूप जनसामान्य के निरीक्षण हेतु कलेक्टर/अपर जिलाधिकारी (भू0अ0) गाजियाबाद के कार्यालय कक्ष संख्या 245 कलेक्ट्रेट गाजियाबाद में उपलब्ध है।

तहसीलदार,
गाजियाबाद

POSTAL REG. NO. DL (ND)-11/6057/2015-16-17 "Licensed to post without prepayment" LICENCE No. U(C)-116/2006-08




# ग्रैमी अवार्ड में भारतीय संगीत की गूंज, कई पुरस्कार जीते

**उपलब्धि**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया के सबसे सम्मानित संगीत पुरस्कार समारोह ग्रैमी अवॉर्ड्स 2024 में भारत की चमक दिखी। लॉस एंजिल्स में आयोजित 66वें पुरस्कार समारोह में मशहूर तबला वादक जाकिर हुसैन और गायक शंकर महादेवन समेत पांच भारतीय कलाकारों ने ग्रैमी अवॉर्ड जीता।

शंकर महादेवन को बैंड 'शक्ति' के एल्बम 'दिस मूमेंट' के लिए ग्रैमी मिला। इस बैंड में वी सेल्वागणेश और गणेश राजगोपालन भी शामिल हैं। बांसुरी वादक राकेश चौरसिया ने दो पुरस्कार जीते।



ग्रैमी पुरस्कार समारोह में मौजूद शंकर महादेवन (गायक), गणेश राजगोपालन (वायलिन वादक), जाकिर हुसैन (तबला वादक) और वी सेल्वगनेश (टक्कर वादक)।

"संगीत के प्रति आपकी असाधारण प्रतिभा और समर्पण ने दुनिया भर में दिल जीता है। भारत को गर्व है। ये उपलब्धियां आपके द्वारा की जाने वाली कड़ी मेहनत का प्रमाण है। इस शानदार सफलता की आपको बधाई।

–**नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

### उस्ताद जाकिर हुसैन ने जीते तीन ग्रैमी

समारोह में तबला वादक जाकिर हुसैन ने तीन ग्रैमी अवॉर्ड अपने नाम किए। उन्होंने पश्तो के लिए सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत प्रस्तुति श्रेणी में बांसुरी वादक राकेश चौरसिया के साथ ग्रैमी जीता।

### 45 साल में बैंड का पहला एल्बम 'दिस मूमेंट'

भारत के फ्यूजन बैंड शक्ति को म्यूजिक एल्बम दिस मूमेंट के लिए बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक एल्बम पुरस्कार मिला। इसके लिए गिटार वादक जॉन मैक लॉघलिन, जाकिर हुसैन, शंकर महादेवन, वायलिन वादक गणेश राजगोपालन और तालवादक सेल्वागणेश विनायकराम शामिल हैं। यह एल्बम पिछले साल जून में रिलीज हुआ था।



ग्रैमी अवार्ड समारोह में बेस्ट न्यू आर्टिस्ट का पुरस्कार विक्टोरिया मोंट ने जीता

## तकनीक 30s

### फोन करेगा थर्मामीटर का काम

अगर हमें बुखार आता है तो थर्मामीटर की जरूरत होती है, लेकिन आने वाले दिनों में आप स्मार्टफोन से शरीर के तापमान का पता लगा पाएंगे। हाल ही में गूगल ने पिक्सेल 8 प्रो स्मार्टफोन में मानव शरीर के तापमान मापने की सुविधा शुरू की है। फोन को किसी व्यक्ति के माथे पर लगाकर स्कैन किया जाता है और इससे शरीर के तापमान को मापा जा सकता है। शरीर इंफ्रारेट रेडिएशन या गर्मी उत्सर्जित करते हैं। इसे मापने के लिए पिक्सेल 8 प्रो में इन्फ्रारेड सेंसर दिया गया।

### व्हाट्सऐप में आएगा फेवरेट कॉन्टैक्ट फीचर

व्हाट्सऐप ने एक अनोखे फीचर की टेस्टिंग शुरू की है। इसके जरिये व्हाट्सऐप आपसे आपके पसंदीदा कॉन्टैक्ट के बारे में पूछेगा। आप जिन कॉन्टैक्ट्स को अपना फेवरेट बनाएंगे, उसे आप आसानी से कॉल या मैसेज कर पाएंगे। इस फीचर को कंपनी ने सिर्फ आईओएस के बीटा वर्जन के लिए जारी किया है। इसका मतलब है कि कंपनी फिलहाल अपने इस फीचर को सिर्फ आईफोन यूजर्स के लिए पेश करने वाली है। कंपनी ने अपने इस नए फीचर का नाम फेवरेट कॉन्टैक्ट रखा है।

### कार की तरह फोन में भी मिलेगी सेफ्टी रेटिंग

अब तक आपने फाइव स्टार रेटिंग वाली कार देखी हैं, लेकिन जल्द ही एक स्मार्टफोन फाइव स्टार रेटिंग के साथ आने वाला है। इस स्मार्टफोन का क्रैश टेस्ट नहीं किया गया है बल्कि इसका ड्रॉप टेस्ट हुआ है। वैसे तो कई कंपनियां तमाम तरह की ग्लास प्रोटेक्शन के साथ अपने फोन्स लॉन्च करती हैं, लेकिन इस तरह की रेटिंग वाला ये इंडस्ट्री का पहला डिवाइस होगा। ऑनर एक्स 9बी स्मार्टफोन जल्द ही भारतीय बाजार में लॉन्च होगा।

### एप्पल भी लाएगा फोल्डेबल आईफोन

सैमसंग, वीवो, ओप्पो, वनप्लस जैसी कंपनियों के बाद अब एप्पल कंपनी भी फोल्डेबल और फ्लिप टेक्नोलॉजी पर काम कर रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक एप्पल बीच से मुड़ने वाले फ्लिप आईफोन और आईपैड पर काम कर रहा है। बुक जैसे मुड़ने वाले डिवाइस का स्क्रीन साइज 7.6 से 8.4 इंच के बीच में है। यह एप्पल का पहला फोल्डेबल डिवाइस हो सकता है।

## फेसबुक ने 20 वर्ष का सफर पूरा किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक ने 20 साल का सफर पूरा कर लिया है। कंपनी के सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने चार फरवरी, 2004 को फेसबुक को लॉन्च किया था। रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2023 तक दुनिया में फेसबुक के दो अरब से भी ज्यादा यूजर हैं।

39 वर्षीय जुकरबर्ग ने इंस्टाग्राम के थ्रेड्स ऐप पर फेसबुक से जुड़ी शुरुआती दिनों की तस्वीर शेयर की है। लखा, 20 साल में यह एक बेहतरीन प्लेटफॉर्म में बदल गया। इसे और बेहतर बनाने का प्रयास जारी है।

ब्रिटेन के शोधकर्ताओं ने एलएमआईसी और एचआईसी देशों में किया अध्ययन

# मस्तिष्क में चोट से 60 फीसदी भारतीय शिशुओं की हो रही मौत

**चिंताजनक**

**लंदन, एजेंसी।** भारत में मस्तिष्क की चोट के कारण 60 फीसदी नवजात शिशुओं की जान जा रही है। इस मौत का कारण हाइपोक्सिक-इस्केमिक एन्सेफैलोपैथी (एचआईई) नाम की दिमागी चोट है। एक रिपोर्ट के अनुसार, नवजातों के मस्तिष्क को जन्म से पहले या तुरंत बाद पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं मिलता है, तब यह चोट लगती है। शोधकर्ताओं ने बताया कि दुनियाभर में एचआईई पूर्ण अवधि में जन्म लेने वाले शिशुओं में मृत्यु और विकलांगता का एक प्रमुख कारण है। इससे हर साल लगभग 30 लाख की आबादी प्रभावित होती है।

यह अध्ययन ब्रिटेन के इंपीरियल कॉलेज लंदन के शोधकर्ताओं ने किया है। उन्होंने शोध में निम्न और मध्यम आय वाले देशों (एलएमआईसी) के 100 शिशुओं और उच्च आय वाले देशों (एचआईसी) के 30 नवजातों को शामिल किया।



### रक्त परीक्षण से चोट के कारण का लगेगा पता

जीन में मौजूद साधारण रक्त परीक्षण से मस्तिष्क चोट के कारण का पता लग सकता है। वहीं नवजात शिशुओं को कूलिंग उपचार में यह परीक्षण कितना फायदेमंद है, इसकी भी जानकारी मिल सकती है। अभी मस्तिष्क की चोट के इलाज के लिए कूलिंग थेरेपी किया जाता है। अध्ययन के दौरान एलएमआईसी और एचआईसी के बच्चों को शामिल किया गया। अध्ययन के प्रो. सुधीन थायिल ने कहा, जांच में एलएमआईसी में रहने वाले शिशुओं के जीन पैटर्न को देखा गया, वह स्लीप एपनिया वाला ही था। इससे पता चला कि यहां गर्भ में और जन्म के समय रुक-रुककर हाइपोक्सिया का अनुभव हुआ। वहीं एचआईसी के शिशु जीन में पाया गया कि भ्रूण में रक्त ऑक्सीजन के स्तर में गिरावट आई। इससे नवजातों में एचआईई का स्तर बढ़ा मिला।

### तनाव और खराब पोषण जिम्मेदार

शोधकर्ताओं ने बताया कि इस चोट के लिए कई कारण जिम्मेदार हो सकते हैं। इसमें गर्भावस्था के दौरान पुराने तनाव, खराब पोषण का सेवन करना, सामान्य प्रसव प्रक्रिया की जगह गर्भाशय का छोटा हो जाना कारण हो सकते हैं। यह कारण आगे चलकर हाइपोक्सिया का कारण बनते हैं और बच्चे के मस्तिष्क को चोट पहुंचाते हैं।

### क्या है पिछला अध्ययन

शोधकर्ताओं के मुताबिक, एचआईसी क्षेत्रों में किए गए पिछले अध्ययनों से पता चलता है कि कूलिंग थेरेपी करने से एचआईई वाले शिशुओं के परिणामों में सुधार हो सकता है। ऐसे में यह कई एचआईसी देशों में इस्तेमाल होने लगा। हालांकि, निम्न और मध्यम आय वाले देशों ने दिखाया कि एचआईई वाले शिशुओं को कूलिंग थेरेपी के परिणाम खराब होते हैं।

### क्या है कूलिंग थेरेपी

कूलिंग थेरेपी में नवजात शिशु को एक खास मैट पर तीन दिन तक 33 डिग्री सेंटीग्रेड पर रखा जाता है। इससे उन्हें मस्तिष्क में लगे चोट से बचाव होता है। ऑक्सीजन की कमी के कारण शिशुओं के मस्तिष्क की कोशिकाएं मरने लगती हैं। इसके बाद मस्तिष्क की चोट घंटों से लेकर महीनों तक विकसित हो सकती है। यह दिमाग के विभिन्न क्षेत्रों को प्रभावित कर सकती है।

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०
कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल
भदेलबाड़ा, पिथौरागढ़–262501 E-mail : septh_upcl@yahoo.com

पत्रांक : 1274/वि.वि.मं.(पि.)/

दिनांक : 05.02.2024

ई– निविदा सूचना

विद्युत वितरण मण्डल, पिथौरागढ़ निम्नलिखित कार्यों हेतु ई–निविदायें आमंत्रित करता है:–

| क्र. सं. | ई–निविदा संख्या | कार्य का नाम | ऑनलाईन ई–निविदा आवेदन एवं जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | ऑनलाइन / ऑफलाईन ई– निविदा भाग–1 खुलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 33 / ई.डी.सी.(पि.) 2023–24 | विद्युत वितरण खण्ड धारचूला के उपखण्ड मुनस्यारी के अनुभाग नाचनी के अन्तर्गत 11 केवी0 क्वीटी फीडर में आने वाले विभिन्न ग्रामों में पुराने व क्षतिग्रस्त ए.सी.एस.आर. कन्डक्टर के स्थान पर एल.टी. ए.बी. केबिल को बदलने का कार्य। | 21.02.2024 16.00 बजे | 22.02.2024 12.00 बजे |
| 2 | 34 / ई.डी.सी.(पि.) 2023–24 | विद्युत वितरण खण्ड धारचूला के उपखण्ड मुनस्यारी के अनुभाग नाचनी के अन्तर्गत 11 केवी. बांसबगड़ फीडर में आने वाले विभिन्न ग्रामों में पुराने व क्षतिग्रस्त ए.सी.एस.आर. कन्डक्टर के स्थान पर एल.टी. ए.बी. केबिल को बदलने का कार्य। | 21.02.2024 16.00 बजे | 22.02.2024 12.00 बजे |
| 3 | 35 / ई.डी.सी.(पि.) 2023–24 | विद्युत वितरण खण्ड धारचूला के उपखण्ड धारचूला के अन्तर्गत अनुभाग **तवाघाट व धारचूला** में 33 केवी., 11 केवी. एवं एल.टी. लाईनों व वितरण परिवर्तकों का वार्षिक अनुरक्षण एवं उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण आदि अनुरक्षण कार्यों को बाह्य एजेन्सी के माध्यम से सम्पादित किये जाने का कार्य। | 21.02.2024 16.00 बजे | 22.02.2024 12.00 बजे |
| 4 | 36 / ई.डी.सी.(पि.) 2023–24 | विद्युत वितरण खण्ड धारचूला के उपखण्ड धारचूला के अन्तर्गत अनुभाग **जौलजीवी** में 33 केवी., 11 केवी. एवं एल.टी. लाईनों व वितरण परिवर्तकों का वार्षिक अनुरक्षण एवं उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण आदि अनुरक्षण कार्यों को बाह्य एजेन्सी के माध्यम से सम्पादित किये जाने का कार्य। | 21.02.2024 16.00 बजे | 22.02.2024 12.00 बजे |

उक्त ई–निविदाओं की अन्य नियम व शर्तें वैबसाइट http://www.uktenders.gov.in पर देखी जा सकती है। ई–निविदा की ऑफलाईन तकनीकी बिड (भाग–1) कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि 21/02/2024 (16.30 बजे) होगी, इसके उपरान्त कोई निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

Customer xCare Toll Free No- 1800 419 0405
''राष्ट्र हित में बिजली बचायें ''
विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें

अधीक्षण अभियन्ता

# हिंदुकुश विनाश की कगार पर पहुंचा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हिमालय का हिंदुकुश क्षेत्र विनाश की कगार पर है। वैज्ञानिकों ने पृथ्वी पर सबसे अधिक जैव विविधता वाले क्षेत्रों में से एक हिंदुकुश में प्रकृति के नुकसान को रोकने के लिए साहसिक कदम उठाने का आह्वान किया।

अंतरराष्ट्रीय एकीकृत पर्वतीय विकास केंद्र (आईसीआईएमओडी) ने खाद्य, जल सुरक्षा, स्वास्थ्य, जैव विविधता और जलवायु परिवर्तन के बीच संबंधों की जांच करने के लिए जैव विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र सेवा (आईपीबीईएस) की तीसरी बैठक नेपाल के काठमांडू में आयोजित की। इसमें 130 से अधिक वैश्विक विशेषज्ञों को बुलाया गया।

बैठक सोमवार को शुरू हुई और नौ फरवरी तक जारी रहेगी। दक्षिण एशिया में पहली बार इसका आयोजन हो रहा है। 2012 में 145 सदस्य देशों के साथ स्थापित आईपीबीईएस जलवायु परिवर्तन पर अंतर सरकारी पैनल के समान कार्य करता है। इसका उद्देश्य जैव विविधता और पारिस्थितिकी सेवाओं के लिए विज्ञान-नीति तंत्र को मजबूत करना है।


## लिवर की बीमारी जानलेवा बनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महिलाओं की तुलना में पुरुषों को लिवर की बीमारी अधिक हो रही है। पुरुषों में लिवर की बीमारी से मौतों की दर महिलाओं की तुलना में 1.51 गुना अधिक है। चीन के इंस्टिट्यूट ऑफ एडवांस्ड सर्जिकल टेक्नोलॉजी एंड इंजीनियरिंग के शोधकर्ताओं ने इह दावा किया है।

# अंटार्कटिका के दुर्गम क्षेत्र का सर्वे ड्रोन करेगा

**अंटार्कटिका, एजेंसी।** अंटार्कटिका में सुदूर और दुर्गम इलाकों में पहुंचकर अध्ययन के लिए एक नए ड्रोन को भेजने की योजना बनाई जा रही है। इसके लिए ड्रोन का परीक्षण किया जाएगा। वहां इंजीनियर और वैज्ञानिकों का एक दल पहुंचा है। अब तक मौजूद तकनीक से इलाकों में खोज करना वैज्ञानिकों के लिए कठिन रहा है।

**किसी तरह के जलवायु में करेगा काम :** नया ड्रोन वेल्स की ऊंची चोटियों के आसपास खराब जलवायु में भी काम कर सकेगा। यह पहली खोज है जो बर्फ की परतों के भीतर जाकर पर्वतों का सर्वे करेगा। इससे पता चल सकेगा कि बर्फ पिघलने की अवधि कितनी रहेगी और इससे समुद्री स्तर में कितना इजाफा होगा। वैज्ञानिक अंटार्कटिका को बेहतर तरीके से समझने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन मौजूदा तकनीक उनकी राह में बाधक है। अंटार्कटिका में सर्वे के लिए इस नए ड्रोन को ब्रिटिश अंटार्कटिक सर्वे और यूके कंपनी विंडरेसर ने बनाया है। इसे ऐसे तैयार किया गया है सर्वे के दौरान इसमें किसी तरह की तकनीकी क्षति आती भी है तो इसकी मरम्मत आसानी से हो सके ताकि काम में बाधा न हो। इंजीनियर रेबेका टूमे ने कहा कि यह ड्रोन 100 किग्रा सामान को 1000 किमी तक ले जा सकता है।



### लगे हैं कैमरा और रडार

नए ड्रोन के सहारे जलवायु परिवर्तन के असर के बारे में विशेषज्ञ पूर्वानुमान लगा सकेंगे। साथ ही यह उन जगहों पर जा सकेगा जहां वैज्ञानिकों के लिए पहुंचना मुश्किल रहा है। उपकरण में रडार और कैमरा लगे हैं। ड्रोन में मार्ग को लेकर प्रोग्राम फीड किया गया है।

## वैज्ञानिकों ने ब्रेन टिश्यू का 3डी प्रिंट तैयार किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वैज्ञानिकों ने एक नई उपलब्धि हासिल कर ली है। दरअसल उन्होंने 3डी प्रिंटर से दिमाग के ऊतक को विकसित कर लिया है। दूसरे शब्दों में अब इंसान के दिमाग को प्रिंट किया जा सकेगा। वैज्ञानिकों के अनुसार, यह प्राकृतिक तरीके से काम करेगा और दिमाग से जुड़ी बीमारियों से लड़ने में भी मददगार साबित होगा। यूनिवर्सिटी ऑफ विस्कॉन्सिन-मैडिसन के वैज्ञानिकों ने 3डी प्रिंटेड दिमाग के ऊतक को विकसित करने में सफलता हासिल कर ली है।

झांग के लैब में वैज्ञानिक युआनवे यान ने बताया कि ऊतक काफी पतले थे जिससे न्यूरॉन आसानी से ऑक्सीजन और पर्याप्त पोषण ले सकते हैं। 3डप्रिंट की तकनीक से विकसित किए गए दिमाग के ऊतक वास्तविक मनुष्यों के दिमाग में मौजूद ऊतक की तरह काम करने की क्षमता रखता है। ये न्यूरॉन्स आपस में संपर्क कर सकते हैं। वैज्ञानिकों की इस नई खोज से चिकित्सा क्षेत्र में भी सहायता मिल सकती है।




वायु सेवा शुल्क : मुम्बई एवं अहमदाबाद-₹ 10.00
मुद्रक तथा प्रकाशक राजीव बेओतरा द्वारा हिन्दुस्तान मीडिया वेन्चर्स लिमिटेड (एच एम वी एल) के पक्ष में एच टी मीडिया लिमिटेड प्रेस, प्लॉट नं.-8, उद्योग विहार, ग्रेटर नोएडा, जिला : गौतमबुद्ध नगर (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 18-20, कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित।
प्रधान सम्पादक : शशि शेखर प्रबंध संपादक : प्रताप सोमवंशी* दूरभाष : (011) 23361234, सम्पादकीय (011) 66561364, 66561263, प्रसार : (011) 66561111, विज्ञापन (011) 66561442, 66561189, फैक्स : (011) 66561451, 66561270 आर.एन.आई. नं. 509/57
*संपादक इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।